॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

११८

महाकविश्रीक्षेमेन्द्रविरचिता

औचित्यविचारचर्चा

'प्रभा' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्याद्वयोपेता

व्याख्याकार :—

व्याकरण–साहित्यायुर्वेदाचार्य–साहित्यालङ्कारः–

आचार्य श्रीव्रजमोहन झा

बिहारराज्यान्तर्गत'चाइबासा'स्थ-राजकीय-संस्कृतोच्चविद्यालयाध्यापकः

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला
११८

महाकविश्रीक्षेमेन्द्रविरचिता

औचित्यविचारचर्चा

'प्रभा' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्याद्वयोपेता

व्याख्याकार :—
व्याकरण–साहित्यायुर्वेदाचार्य–साहित्यालङ्कारः–
आचार्य श्रीव्रजमोहन झा
विहारराज्यान्तर्गत 'चाइवासा'स्थ-राजकीय-संस्कृतोच्चविद्यालयाध्यापकः

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

THE

VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA

118

AUCITYAVICĀRACARCĀ

OF

ŚRĪ KṢEMENDRA

Edited with

THE PRABHA SANSKRIT & HINDI COMMENTARIES

By

Acharya Sri Vrajmohan Jha

CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

VARANASI

समर्पण

मज्जीवननिर्मातॄणां सदा सहजवात्सल्यरसवर्षिणां 'भागलपुरस्थ'-
राजकीयसंस्कृतमहाविद्यालये व्याकरणविभागाध्यक्षाणां गुरु-
कल्पानां स्वाग्रजानां न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्याणां
परमविदुषां श्री पं० मदनमोहनझाशर्म-
महानुभवानां पावनकरकमलयोः

आत्मोद्गारः

अये विद्याविलासमग्ना मर्मज्ञा विद्वांसः ! प्रेयांसोऽध्यापकजिज्ञासवो विद्यार्थिनश्च ! जानन्त्येव भवन्तो यन्नाट्याचार्यभरतात् (ई० पू० प्रथमशताब्दीतः) समारभ्य पण्डितराजजगन्नाथं (षोडशतमवैक्रमशताब्दीम्) यावत्सहस्रशशतकानां सुदीर्घपरम्परायामनेके भारतीया विद्वांसोऽनेकान्वादानाविष्कृत्य संस्कृतसाहित्यक्षितिजेऽरुणकिरणवच्चमत्कृतिमापुरिति ।

तेषु च वादेषु कतमो गरीयान् कतमो वा लघीयानित्यालोचनातीतम् । यतो ह्यनेके वादाश्चिरतरप्रसारमासाद्याप्यद्यत्वे नामशेषाः संवृत्ताः, अनेके च सहस्राब्दीं यावदुपेक्षा-कुक्षि-नियमित-तनवोऽपि साम्प्रतं महता गर्वेण समुज्जृम्भन्ते ।

दृश्यताम्—योऽयमलङ्कारवादः कदाचित् (नवमशताब्दीतः पूर्वम्) परमां प्रतिष्ठामशिश्रियत् स एवेदानीं स्वमहिमानमपहाय विषादमासादयति । यश्चौचित्यवाद एकादशतमे वैक्रमशतके ध्वनि-रस-वक्रोक्तीनां चरमपरिणतिस्वरूपतया प्रकाशमासाद्याप्युपेक्षित इवासीत् स एव साम्प्रतं जन-मानसेषु परमस्पृहणीयतामालम्बते । अतो विज्ञायते यत्र साम्प्रतिकप्रसिद्ध्यप्रसिद्धी मूलतः कारणे कस्याप्युत्कर्षापकर्षयोरिति । एतत्तु महामहिम्नो भगवतः कालस्यैव माहात्म्यं येन कदाचित्कोऽप्युपचीयतेऽपचीयते वा ।

तस्माद्ये केऽपि कृतविद्याः सुरभारत्याः श्रीवर्धने मनागप्यायासमकुर्वंस्ते सर्वेऽपि नः परमादरपात्रम् । अस्तु तस्यैव महामहिमशालिनः कालस्य प्रभावादस्यां शताब्द्यां पुनरौचित्यवादो विदुषां ध्यानमाकर्षत् । येन यत्र तत्र तच्चर्चा प्रारब्धा, पत्र-पत्रिकादिषु विवेचना स्थानमलभत, विद्वत्समाजे विचारविनिमयकोटिमाश्रयच्च ।

इत्थमयं वादो ममाप्यन्तःस्थलं स्प्रष्टुं प्राभवत् । हठादहं परिणाममननुसंधायैव तद्वादव्यापिकाया 'औचित्यविचारचर्चाया' व्याख्यां विधातुं प्रत्यज्ञासिषम् ।

गुरु-चरण-संस्मरण-सञ्जातावबोधोऽहमस्याः संस्कृत-हिन्दी-समन्वितां प्रभाभिधां व्याख्यां सकलान्यकार्यसंपादनेन सहैव षण्मासाभ्यन्तरे पूर्णतामनयम् । व्याख्येयं कीदृशी सम्पन्नेत्यत्र सहृदया विद्वांस एव प्रमाणभूताः । अस्या व्याख्यायाः प्रभेतिनामकरणे प्रभानाम्नी स्तनन्धया मदङ्गजा प्रेरिका ।

तदानीमहं वैद्यनाथधामस्थगुरुकुलमहाविद्यालयेऽध्यापनं कुर्वाण आसम । गुरुकुलञ्चावासीयः (Residential) विद्यालयो भवति । आवासीयविद्यालयाध्यापकस्य च जीवनं रात्रिन्दिवं व्यस्तकार्यक्रमसंचालन एव व्यत्येति । अस्यां स्थितौ यद्यपि एकान्ताध्यवसाय-साध्यं व्याख्याकार्यं मम कृते दुष्करप्रायमासीत्, तथापि तत्रत्यानां प्राचार्याणामुदार-शासन-प्रणाल्या, पुस्तकालयाध्यक्षाणां सहयोगात्मकप्रवृत्त्या, मित्रवराणां समुत्साहकप्रकृत्या च नितरामुत्साहितोऽहं कथंकथमपि कृतकृत्योऽभवम् ।

एतदर्थमहं वैद्यनाथधामस्थ-गुरुकुलमहाविद्यालस्य प्राचार्येभ्यः श्री प० महादेवशरणमहाभागेभ्यः तदानींतन-तत्रस्थ-पुस्तकालयाध्यक्षेभ्यः श्री प० उमाकान्तशास्त्रिमहानुभावेभ्यः, प्रियसुहृच्छ्रीजगन्नाथपाठकमहोदयेभ्यस्तथाऽन्येभ्योऽपि सहकर्मिभ्यः कृत विविध-सहायेभ्यः हार्दिकाननेकान् धन्यवादानर्पयामि ।

सहैव स्वसतीर्थ्यस्य स्वान्तेवासिनश्च व्याकरणसाहित्याचार्यस्य श्री पं० विद्यानाथ मिश्र एम. ए. महोदयस्यापि प्रयासो न मे विस्मरणीयः, यस्मान्ममैतत्पुस्तकप्राप्तिरभूत्, अतः सोऽपि धन्यवादार्हः ।

सर्वतो धन्यवादार्हास्तु श्रेष्ठि-श्रीजयकृष्णदासहरिदासगुप्तमहानुभावाः, यैश्चैतत्प्रकाशनमङ्गीकृत्य मत्प्रयासः सफलीकृतः ।

अन्ते च सकल-सहायक-विदुषामाभारमावहन्नहं वक्तव्यमिदं संवृणोमि ।

यद्यनया व्याख्ययाऽध्येत्रध्यापकानां भविष्यति मनागप्युपकारस्तदैवाहं कृतकृत्यो भविष्यामि प्रयासं वा सफलं मंस्ये । अलमतिविस्तरेण । शमिति !

सप्रणयावनतस्य
व्रजमोहनस्य

अवतारणा

कृतारिवञ्चने दृष्टिर्येनाञ्जन-मलीमसा।
अच्युताय नमस्तस्मै परमौचित्यकारिणे॥ (क्षेमेन्द्र)

आचार्य क्षेमेन्द्र ने प्रकृत पुस्तक—औचित्यविचारचर्चा—का आरम्भ इसी मङ्गल पद्य से किया है और मैं भी अपनी इस 'अवतारणा' की अवतारणा इसी पद्य से कर रहा हूँ। ऐसा इसलिये करना पड़ रहा है कि औचित्य-तत्त्व के विश्लेषण में प्रवृत्त होने पर सर्वप्रथम ध्यान उस जगन्नियन्ता परब्रह्म परमेश्वर की ओर बरबस चला जाता है जिसने अपनी लीला द्वारा संसार में औचित्य की प्रतिष्ठा की।

वस्तुतः भारतीय वाङ्मय में 'अवतारों' की कल्पना औचित्य के ही आधार पर की गई है। परमात्मा ने अपने विविध अवतारों के द्वारा, औचित्य के स्वरूप को परिस्फुट किया है, औचित्य की सर्वतोभावेन रक्षणीयता का मङ्गलमय उपदेश सांसारिक मानवों को दिया है।

मत्स्य से लेकर कल्की पर्यन्त अवतार-परम्परा औचित्य की ओर ही इङ्गित करती है। जब जैसा उपयुक्त था तब वैसा अवतार हुआ। जब दुर्दान्त दानव हिरण्यकशिपु का विनाश करना था तब तदुचित-तदुपयुक्त भीषण नरसिंह रूप में परमात्मा ने अवतार लिया और जब अमृत-पान के अवसर पर दानवों को छलने का प्रसंग उपस्थित हुआ तब छल के लिए परमोपयुक्त मोहिनीरूप धारण कर अपने नयनों को कज्जल-मलिन बनाने में भी संकोच नहीं किया।

औचित्य से कदापि च्युत नहीं होने के कारण भगवान् का 'अच्युत' नाम सर्वथा सार्थक तथा उपयुक्त है। इस तरह यह स्वतः सिद्ध हो जाता है कि औचित्य एक ईश्वरीय तत्त्व है—भागवत गुण है।

परमात्मा ने अपने नानाविध अवतारों के द्वारा जिस औचित्य का उपदेश किया, मानव-जगत् उसका पालन-पोषण व्यवहाररूप में सर्वथा न भी कर सका हो, पर सिद्धान्तरूप में उसने उसको सर्वात्मना स्वीकार किया इसमें सन्देह नहीं है। कारण यह कि अनादिकाल से लोक में उसी व्यवहार को सद्व्यवहार

माना जाता है जो औचित्य के ऊपर अवलंबित रहता है और उसी व्यवहार की संज्ञा दुर्व्यवहार है जिसके साथ औचित्य का आधार नहीं होता।

एक तरह से व्यवहारों के समूह का ही नाम लोक है। पिता–पुत्र का, गुरु–शिष्य का, भ्राता–भगिनी का, पति–पत्नी का, सेव्य–सेवक का, राजा–प्रजा का एवम् साधारण मानव–मानव का जो एक दूसरे के प्रति आचरण होता है उन्हीं से तो लोक-व्यवहार की सीमा निश्चित की जाती है। इनमें यदि औचित्य का आधार न रहे तो यह लोक लुप्त ही हो जाय। अतः लोकव्यवहार में सब से अधिक ध्यानीय बात यही होती है कि किस व्यक्ति के साथ किस तरह का आचरण उपयुक्त होगा, किस वस्तु का सन्निवेश कहाँ समुचित होगा। थोड़ी भी असावधानता हुई, किसी भी आचरण में अनौचित्य का लेशतोऽपि सम्बन्ध हुआ कि उस आचरण का कर्त्ता विवेचकों की दृष्टि में दोषी सिद्ध हो कर हेय कोटि में जा पड़ता है।

पाप-पुण्य की कल्पना भी बहुत-कुछ अनौचित्य और औचित्य से ही संबद्ध है। जिस अवस्था-विशेष में जिस वस्तु-विशेष के प्रति, जैसा भाव, आचरण अनुपयुक्त है, वहाँ वही प्रायः पाप कहलाता है और ठीक इसके विपरीत आचरण ही प्रायः पुण्य संज्ञा का भागी बनता है। दयनीय के प्रति दया का प्रदर्शन करना उचित है, यदि वह नहीं किया जाय तो उसकी गणना पाप में होगी और यदि वह किया जाय तो उसका नाम होगा पुण्य।

इस दृश्य जगत् में सौन्दर्य-भावना का आधार भी यही औचित्यतत्त्व है। कोई वस्तु असुन्दर इसलिये मानी जाती है कि उसमें औचित्य का अभाव है। सांसारिक पदार्थों के अपने-अपने विशिष्ट और निर्दिष्ट स्थान होते हैं जहाँ से भ्रष्ट होने पर पदार्थ अपने मूल्य और महत्त्व खो देते हैं। मानवों के दन्त, केश, नख आदि स्थानभ्रष्ट हो जाने पर शोभाहीन हो जाने की बात परम प्रसिद्ध है—

"स्थानभ्रष्टा न शोभते, दन्ताः केशा नखा नराः॥'

यहाँ चार पदार्थों का उल्लेख उपलक्षण रूप में ही हुआ है, वस्तुतः संसार की कोई भी वस्तु अपने समुचित स्थान से पृथक् हो कर—औचित्य का उल्लङ्घन कर शोभित नहीं होती ऐसा तथ्य ही विज्ञात होता है।

शरीर को अलंकृत करने के लिए रचे गये कटक-कुण्डल आदि अलंकार तभी तक अलंकार कहे जा सकते हैं जब तक वे अपने उचित स्थान पर विन्यस्त

रहेगें। अनुचित स्थान में धारण किया गया अलंकार स्वयं को ही असुन्दर नही बनाता अपितु धारण करने वाले व्यक्ति को भी मूर्ख सिद्ध कर देता है, उपहासास्पद बना देता है।

विहारी का कथन ठीक है कि जिस मुकुट को मस्तक पर धारण कर राजे-महाराजे महिमान्वित होते हैं उसी को जड़ जन चरण में पहन कर अपनी जड़ता को प्रकट करते हैं—

जो सिर धरि महिमा मही, लहियत राजा-राव।
प्रगटत जड़ता आपनी, मुकुट पहिरियत पाव॥

गुणों की भी स्थिति ठीक इसी तरह की है—अर्थात् गुण भी औचित्य की सीमा के अन्दर रहकर ही गुण होते हैं, औचित्य-सीमा से बाहर होने पर गुण, गुण नहीं, दोष हो जाते हैं। अहिंसा तथा दया दोनों निःसन्देह दैवी गुण हैं। इनका प्रयोग करना मानव-धर्म माना गया है। किन्तु आततायी के ऊपर दया दिखलाना अनुपयुक्त होने के कारण पाप है, तभी तो शास्त्रकारों ने भी कह दिया—

"आततायिनमायान्तं हन्यादेवाविचारयन्।"

ग्राम में आकर उपद्रव मचाने वाले नरभक्षी व्याघ्र के प्रति अहिंसा का पालन करना क्या कभी पुण्य माना जा सकता है? फलतः यही मानना पड़ता है कि दया, अहिंसा आदि दैवी गुण भी औचित्य का पल्ला पकड़ कर ही गुणता को प्राप्त करते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि ईश्वरीय व्यापारों से लेकर मानवीय व्यवहारों तक—सर्वत्र—औचित्य का ही अखण्ड साम्राज्य विराजमान है।

ऐसी स्थिति में, जब कि देवलोक से लेकर मानवलोक तक के व्यापार-कलापों में औचित्यतत्त्व की महनीय महत्ता दृष्टिगोचर होती है, यदि काव्य-कला-जगत् में भी औचित्य का समधिक आदर हो तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं, क्योंकि काव्य तथा कला आखिर लोकवृत्त के प्रतिविम्ब ही तो हैं।

यद्यपि ललित कलाओं में आदर्श के साथ यथार्थ का सामञ्जस्य रहता है अथवा नहीं; रहना चाहिए किंवा नहीं; इस विषय में समालोचकों के मत समान नहीं हैं तथापि कोई भी कला सर्वथा लोक का परित्याग नहीं कर सकती यह बात अकामेनापि सब को माननी पड़ेगी। आदर्शवाद की रक्षा के लिए

कटिबद्ध होकर प्रवृत्त होने वाले कलाकारों की कलाओं के भी अन्तराल से लौकिक अनुभूति अपनी सूक्ष्म झाँकी दिखाती ही रहती है, यह कथा मतवाद से बहुत ऊपर की है।

अतः लोकवृत्त के समान ललित कला भी औचित्यपूर्ण होने पर ही सहृदयानुरञ्जक हो सकती है, अन्यथा नहीं। वस्तुतः औचित्यतत्त्व के आधार पर प्रतिष्ठित कला ही पद से अभिहित हो सकती है। अनौचित्य को प्रश्रय देने वाली कला कथमपि 'कला' जैसी महत्त्वमय संज्ञा की अधिकारिणी नहीं बन सकती।

ललित कलाओं में सर्वाधिक रुचिकर होने के कारण पहले चित्रकला पर ही ध्यान दीजिए। चित्रकला में भी चमत्कार का कारण औचित्य ही लक्षित होगा। चित्र-निर्माण में देश-काल की अनुरूपता, वेश-भूषा की अनुरूपता, रङ्ग-रेखा की अनुरूपता किस सीमा तक अपेक्षित है यह कला-परीक्षकों से अगोचर नहीं।

क्या देवों के चित्र दानवोचित शैली में और राज-परिवार के चित्र दरिद्र-जनोपयुक्त रीति में निर्मित होने पर दर्शकों के मानस में आह्लाद उत्पन्न करने में समर्थ हो सकेंगे ? यदि नहीं तो यह मानना पड़ेगा कि औचित्य से विहीन होने के कारण वैसे चित्र आह्लाद के बदले एक प्रकार का वैरस्य ही उत्पन्न करते हैं।

अब यदि काव्य भी एक कला है तो उसके क्षेत्र में भी औचित्य की महत्ता माननी ही पड़ेगी। भारतीय परम्परा के अनुसार क्या दृश्य, क्या श्रव्य, सभी काव्यों का दर्शक तथा श्रोताओं के हृदय में रस का उन्मीलन करना ही एक मुख्य लक्ष्य रहा है। और इस लक्ष्य की सिद्धि में औचित्य की नितान्त आवश्यकता है ! अनुचित वेश-भूषा, अनुचित कथोपकथन, अनुचित मञ्च-रचना जिस तरह दृश्य काव्यों के अभिनय देखने वालों के हृदय में रसोन्मीलन नहीं कर पाते उसी तरह अनुचित पद-प्रयोग आदि श्रव्य-काव्य के श्रोताओं के मानस में आनन्दोद्बोधक नहीं होते। अतएव भरत से लेकर पण्डितराज जगन्नाथ तक की भारतीय आलंकारिक परम्परा अपने-अपने दृष्टिकोण से काव्य-क्षेत्र में औचित्य की आवश्यकता मानती-बतलाती आ रही है।

यह बात दूसरी है कि पहले औचित्य शब्द की चर्चा नहीं मिलती, केवल

औचित्य-पदार्थ का ही विश्लेषण मिलता है और पश्चात् औचित्य पद का प्रयोग भी प्राप्त हाता है ।

औचित्य का ऐतिहासिक विकास

भरत

उपलब्ध निवन्धों में सबसे प्राचीन होने के कारण, किसी भी साहित्यिक तत्त्व के विकास-क्रम का अध्ययन करते समय हमें भरत कृत नाट्यशास्त्र की ओर सर्वप्रथम ध्यान देना पड़ता है, अतः औचित्य के विकास का अध्ययन भी भरत से ही आरब्ध किया जाता है ।

भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की रचना कर सामान्यतः कलामात्र के सर्वमान्य सिद्धान्तों का समीक्षण किया है । यद्यपि उनका मुख्य लक्ष्य नाटक के स्वरूप, अभिनय आदि का वर्णन करना है, परन्तु इसके साथ अङ्गभूत सभी कमनीय कलाओं का विवरण प्रायः उन्होंने दिया है । नाट्य के स्वरूप के सम्बन्ध में भरत का कथन है कि "सांसारिक व्यक्तियों का चरित्र एक समान नहीं होता है और न उनकी अवस्थाएँ ही एकाकार होती हैं । कोई धार्मिक होता है तो कोई पापी, कोई सदाचारी होता है तो कोई कदाचारी, कोई परोपकारी तो कोई स्वार्थी, कोई सुख के मधुर अनुभव में जीवन-यापन करता रहता है तो कोई दुःख के आँसू बहाता हुआ समय काटता रहता है । इन्हीं नानाभावों से सम्पन्न नाना अवस्थाओं के चित्रण से संयुक्त, लोकवृत्त का अनुकरण नाट्य[1] है । नाट्य में कितनी वस्तुएँ ग्राह्य हैं और कितनी त्याज्य हैं ? किनका अभिनय अभिनन्दनीय है और किनका निन्दनीय ? इस प्रश्न का उत्तर 'लोक' से ही प्राप्त होता है, अतः नाट्य का 'प्रमाण' लोक ही है। नाट्यसम्बन्धी सभी नियमों का उल्लेख किसी भी निबन्धकार से संभव नहीं, अतः भरत ने विस्तृत और व्यापक नियमों की जानकारी के लिए लोक की ओर अङ्गुलि-निर्देश कर दिया है ।[2]

---

१. नानाभावोपसम्पन्नं नानावस्थान्तरात्मकम् ।
लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम् ।। (नाट्यशास्त्र १।१०९)

२. (क) लोकसिद्धं भवेत् सिद्धं नाट्यं लोकस्वभावजम् ।
तस्मान्नाट्यप्रयोगे तु प्रमाणं लोक इष्यते ।।
(नाट्यशास्त्र २६ अ. ११२ श्लो.)

इस 'लोक-प्रामाण्य' के तत्त्व का पालन भरत ने बड़े विवेक से किया है, भरत ने नाट्य-प्रयोग में दो प्रकार के धर्मी माने हैं—लोक-धर्मी तथा 'नाट्य-धर्मी।' 'लोकधर्मी' से लोकसिद्ध धर्मों का ग्रहण अभीष्ट है और 'नाट्यधर्मी' से नाट्य में प्रयुक्त होनेवाली परम्परागत वस्तुओं का बोध होता है। लोकधर्मी का सिद्धान्त नाट्य में यथार्थवाद का बोधक होता है, तो नाट्यधर्मी का तथ्य नाट्य में आदर्शवाद तथा मान्य रूढ़ियों का प्रतिपादक है। ग्राहक दोनों हैं। इसी तथ्य की दृष्टि से भरत ने 'प्रकृति' का विचार किया है। उत्तम, मध्यम तथा अधम भेद से त्रिविध प्रकृति के गमन, स्थान तथा आसन का विधान किया गया है। आहार्य अभिनय के अवसर पर नाटकीय पात्रों के वेष, भूषा, सज्जा आदि की रचना का विवेचन मार्मिक ढङ्ग से किया गया है। भिन्न-भिन्न पात्रों के लिये विभिन्न पाठ्यों का निर्देश किया गया है। प्रकृति के अनुरूप भाषा का विधान हुआ है। पुरुष-पात्र संस्कृत का तथा स्त्री-पात्र प्राकृत का प्रयोग करते हैं। नाटक की रचना को लक्ष्य कर रस और भाव के अनुरूप माधुर्य, ओज आदि गुणों का तथा उपमा, रूपक, दीपक और अनुप्रास इस अलंकार-चतुष्टय का निवेश करने का आदेश उन्होंने कवियों को दिया है।

अभिनय, प्रकृति, पाठ्य, छन्द, अलंकार, स्वर, संगीत—नाट्य की इस विशाल सामग्री का अवसान दर्शकों के हृदय में अनुकूल रस-भाव के उन्मीलन में ही होता है। रस के आधार पर ही भरत ने गुण-दोष की व्यवस्था की है। रसोद्‌बोध में सहायक 'गुण' हैं और रसोद्‌बोध में बाधक हैं 'दोष'। समग्र नाट्य-विधान का यही मूलमन्त्र है।

भरत ने अभिनय के सिद्धान्त का रहस्य प्रकट करते हुए कहा है—"सर्वप्रथम अवस्था के अनुरूप वेष होना चाहिए। वेष के अनुरूप गति तथा क्रिया होनी चाहिए। गति-प्रचार के अनुरूप पाठ्य होता है और पाठ्य के अनुरूप अभिनय करना चाहिए।"[1]

नानाशीलाः प्रकृतयः शीले नाट्यं प्रतिष्ठितम्।
तस्माल्लोकप्रमाणं हि कर्तव्यं नाट्ययोक्तृभिः॥
(ख) नोक्तानि च मया यानि लोकग्राह्याणि तान्यपि॥
(ना. शा. २४।२१४)

१. वयोऽनुरूपः प्रथमस्तु वेषो
वेषानुरूपश्च गतिप्रचारः।

अभिनय चार प्रकार का होता है—आंगिक, सात्त्विक, वाचिक तथा आहार्य। इन चारों में परस्पर घनिष्ठ संबन्ध है। इन चारों अङ्गों के सामरस्य के उपर ही अभिनय की कृतार्थता आश्रित है। इस अवसर पर 'लोक का उल्लंघन कथमपि क्षन्तव्य नहीं होता। लोक का अनुगमन ही कवि के लिए आवश्यक होता है। वेष के संबन्ध में भरत का स्पष्ट कथन है कि जिस देश के पात्रों का वर्णन करना अभिमत हो, उस देश का ही वेष दिखलाना चाहिए। इसीलिए विभिन्न प्रान्तीय वेष-भूषा की समग्रता के लिए भरत ने चार प्रकार की 'प्रवृत्ति' मानी है। देश से प्रतिकूल वेष कभी शोभादायक नहीं हो सकता, जैसे गले में मेखला और हाथ में नूपुर का धारण।[१] इस अनुशीलन से यह स्पष्ट होता है कि भरतमुनि के 'औचित्य' पद का उल्लेख न करने पर भी वे 'औचित्य तत्त्व' के उद्भावक हैं। इस तत्त्व का व्यापक साम्राज्य उन्होंने नाट्य में दिखलाया है। इन्हीं के सूत्र को पकड़कर परवर्ती आलंकारिकों ने इस तत्त्व की विस्तृत व्याख्या की है।

भामह

भरत के बाद अलंकार-शास्त्रियों की परम्परा में सर्वप्रथम नाम आता है 'भामह' का, अतः अब 'औचित्य' के संबन्ध में भामह के दृष्टिकोण का अध्ययन आवश्यक है।

आलंकारिकों के आगे एक महती समस्या यह थी कि क्या दोष सर्वदा दोष ही रहते हैं? अथवा किसी-किसी अवस्था में दोषत्व से मुक्त होकर वे गुण कोटि में भी आ जाते हैं?

आनन्दवर्धन ने ध्वन्यालोक में इस विषय का सुन्दर विवेचन किया है। वे कहते हैं कि रस आदि को अपकृष्ट करने के कारण कोई दोष होता है। अतः यदि कोई दोष किसी खास रस का अपकर्ष न कर उत्कर्ष ही करे तो उस स्थिति में वह वहाँ दोष नहीं, गुण है। इसीलिए ऐसे दोषों को वे अनित्य दोष मानते हैं। इस तरह के दोषों से भिन्न कतिपय दोष ऐसे भी हैं जो नियमतः सभी रसों को अपकृष्ट करते ही हैं, अतः वैसे दोषों को वे नित्य दोष की संज्ञा देते हैं।

गतिप्रचारानुगतं च पाठ्यं
पाठ्यानुरूपोऽभिनयश्च कार्यः ॥ (ना. शा. १४।६८)

१. अदेशजो हि वेषस्तु न शोभां जनयिष्यति।
मेखलोरसि बन्धे च हास्यायैवोपजायते ॥

इस सूक्ष्म विवेचन का सूत्रपात भामह ने ही किया था। भामह ने अपने काव्यालंकार नामक निवन्ध के प्रथम परिच्छेद में कई दोषों के विषय में विशिष्ट सन्निवेश के कारण दोषत्व से मुक्त होने की वात लिखी है।

सन्निवेश-विशेष के कारण दुष्ट उक्ति भी उसी प्रकार शोभामय हो उठती है जिस तरह माला के मध्य में गुम्फित नील पलाश।[1] 'असाधु वस्तु भी आश्रय के सौन्दर्य से अत्यन्त सुन्दर हो जाती है' यह भी भामह कहते हैं। जिस प्रकार स्वभावतः काला (कुरूप) कज्जल भी कमिनी-नयन-विन्यस्त होने पर शोभा-वर्धक हो जाता है।[2]

आगे चलकर उनका एक और स्पष्ट कथन है कि 'पुनरुक्ति' दोष अवश्य है परन्तु भय, शोक, असूया, हर्ष तथा विस्मय आदि भावों से चित्त के आक्षिप्त होने पर पुनरुक्ति दोष नहीं है।[3]

ऊपर के विश्लेषण से स्पष्ट ज्ञात होता है कि औचित्य होने के कारण ही भयादि के अवसर पर 'पुनरुक्ति' का दोषत्व समाप्त हो जाता है। इस प्रकार भामह ने भी औचित्य-तत्त्व की ओर संकेत किया है।

दण्डी

आचार्य दण्डी के विचारानुसार प्रत्येक दोष किसी विशिष्ट स्थिति में ही दोष कहा जा सकता है। जैसे अपार्थ दोष पागल के वकवाद, वालक के आलाप तथा अस्वस्थ चित्त वाले व्यक्ति के प्रलाप को पुष्ट करने के कारण, उनके वर्णन में गुण हो जाते हैं।[4]

इसी तरह सामान्यतः दोषरूप में स्वीकृत परस्पर-विरुद्धार्थक वाक्यस्थलीय

---

१. सन्निवेशविशेषात्तु दुरुक्तमपि शोभते।
नीलं पलाशमाबद्धमन्तराले स्रजामिव। (का. अ. १।५४)

२. किञ्चिदाश्रयसौन्दर्याद् धत्ते शोभामसाध्वपि।
कान्ता-विलोचनन्यस्तं मलीमसमिवाञ्जनम्॥ (का. अ. १।५५)

३. भयशोकाभ्यसूयासु, हर्षविस्मययोरपि।
यथाह गच्छ-गच्छेति, पुनरुक्तं न तद्विदुः॥ (का. अ. ४।१४)

४. समुदायार्थशून्यं यत् तदपार्थमितीष्यते।
उन्मत्त-मत्त-बालानामुक्तेरन्यत्र दुष्यति॥ (का. आदर्श ४।५)

'व्यर्थ' नामक दोष भी किसी वस्तु के प्रति अत्यधिक आसक्ति के प्रसङ्ग पर गुण-कोटि में आ जाता है ।[1]

देश, काल, कला, लोक, न्याय तथा आगम से यदि विरोध हो तो वह काव्य-दोष माना गया है। परन्तु कवि कौशल के कारण उस तरह का विरोध भी कहीं-कहीं गुण हो जाता है, ऐसी मान्यता दण्डी की है ।[2]

दण्डी के पूर्वोक्त दोषविषयक विवेचन से यह निष्कर्ष निकलता है कि उन्हें औचित्य-तत्त्व का पर्याप्त परिचय था। कारण, उनके कथन का सारांश यही ज्ञात होता है कि अनुचित स्थान पर सन्निवेश के कारण ही दोष की दोषता है और उचित स्थान पर निवेश के कारण दोषों का दोषत्व-परिहार हो जाता है।

यशोवर्मा

यशोवर्मा कन्नौज के अधिपति थे। वे लक्ष्मीपूजक होने के साथ-साथ सरस्वती के सहृदय उपासक भी थे। महाकवि भवभूति और प्राकृत महाकाव्य 'गउडवहो' के निर्माता वाक्पतिराज इन्हीं के आश्रय में रहकर अपनी अमरकृति की रचना करने में समर्थ हुए थे। 'गउडवहो' में इन्हीं यशोवर्मा का वर्णन किया गया है। यशोवर्मा स्वयं भी कवि थे। इनका 'रामाभ्युदय' नाटक यद्यपि आज उपलब्ध नहीं होता, परन्तु उस नाटक का उद्धरण साहित्य ग्रन्थों में यत्र-तत्र उपलब्ध होता है। संभवतः इसी नाटक की प्रस्तावना से भोजराज ने 'शृङ्गार-प्रकाश' में निम्न निर्दिष्ट पद्य उद्धृत किया है।[3]

औचित्यं वचसां प्रकृत्यनुगतं सर्वत्र पात्रोचिता
पुष्टिः स्वावसरे रसस्य च कथामार्गे न चातिक्रमः ।

---

१. अस्ति काचिदवस्था सा, साभिषङ्गस्य चेतसः ।
यस्यां भवेदभिमता विरुद्धार्थाऽपि भारती ।। (का. आदर्श ४।१०)

२. विरोधः सकलोऽप्येष कदाचित् कविकौशलात् ।
उत्क्रम्य दोषगणनां गुणवीथीं विगाहते ।। (का. आदर्श ४।५७)

३. 'ध्वन्यालोक-लोचन' से यह पद्य यशोवर्मा-रचित प्रमाणित होता है। 'कथामार्गे न चातिक्रमः' को आनन्दवर्धन ने ध्वन्यालोक के तृतीय उद्योत में उद्धृत किया है। अभिनवगुप्त ने अपनी टीका (लोचन) में इस पद्य को यशोवर्मा के 'रामाभ्युदय' नाटक का माना है।

शुद्धिः प्रस्तुतसंविधानकविधौ प्रोढिश्च शब्दार्थयो-
र्विद्वद्भिः परिभाव्यतामविहितैरेतावदेवास्तु नः ॥"

—शृङ्गारप्रकाश भाग २

यशोवर्मा ने इस श्लोक में नाटक के आवश्यक गुणों का उल्लेख करते हुए जिस वस्तु की प्रथम चर्चा की है, वह है वचनौचित्य, अर्थात् नाटक के पात्रों का कथन उन पात्रों की प्रकृति के अनुरूप होना चाहिए। साहित्य में 'औचित्य' पद का यह प्रथम प्रयोग है। इससे पूर्व इस पद का प्रयोग इस अर्थ में प्राप्त नहीं होता।

भट लोल्लट

नाट्यशास्त्र के मान्य टीकाकार तथा रस के सम्बन्ध में स्वतन्त्र मत के संस्थापक भट्ट लोल्लट के तीन पद्यों को राजशेखर, हेमचंद्र एवम् नमिसाधु ने उद्धृत किया है जिनमें औचित्य-सिद्धान्त पर प्रकाश पड़ता है। भट्ट लोल्लट कहते हैं कि—"अर्थ-समूह अनन्त है, परन्तु काव्य में रसमय अर्थ का ही वर्णन उचित है, नीरस का नहीं। काव्य में मज्जन, पुष्पावचय, सन्ध्या, चन्द्रोदय आदि का वर्णन सरस होने पर भी प्रकृतरसानुकूल ओर अनतिविस्तृत ही करना चाहिए। नदी, पहाड़, समुद्र, गज, तुरग, नगर आदि के वर्णन करने में जो महान् यत्न भिन्न-भिन्न कवियों के द्वारा किया जाता है उससे उन कवियों की शक्तिशालिता भले ही प्रथित होती हो, पर उससे प्रबन्ध-काव्य में किसी प्रकार की रुचिरता नहीं आती। इसी प्रकार यमक आदि का महाकाव्य में निबन्ध कवि के अभिमानमात्र का सूचक होता है, काव्यगत प्रमुख रस का उससे पोषण नहीं होता।"[1] सारांश यह कि लोल्लट की दृष्टि में महाकाव्य के मुख्य रस और उसके विभिन्न अङ्गों में पूर्ण समरसता अवश्य होनी चाहिए। यह रसौचित्य का एक प्रकार ही तो है।

रुद्रट

औचित्य का इतिहास लिखते समय आचार्य रुद्रट भुलाये नहीं जा सकते।

---

१. (क) "अस्तु नाम निस्सीमा अर्थसार्थः। किन्तु रसवत एव निबन्धो युक्तः, न तु नीरसस्य" इति आपराजितिः, यदाह—

मज्जन-पुष्पावचयन-सन्ध्या-चन्द्रोदयादिवाक्यमिह ।
सरसमपि नातिबहुलं प्रकृतरसेनान्वितं रचयेत् ॥

यद्यपि अलंकार-युग के ही अन्तिम आचार्य रुद्रट हैं, अतः उन्होंने अपने ग्रन्थ का नाम 'काव्यालंकार' रक्खा और उसमें प्रधानतया अलंकारों का ही विवेचन किया तथापि वे इस सिद्धान्त से पूर्ण परिचित प्रतीत होते हैं। रस के साथ अलंकारों का सम्बन्ध कैसा होना चाहिए इसका विवेचन भी रुद्रट ने अतिसूक्ष्म पद्धति से किया हैं। आनन्दवर्धन ने ध्वन्यालोक में जिस सिद्धान्त का पल्लवन किया है उसका उल्लेख—सूत्ररूप में ही सही पर—काव्यालंकार में है अवश्य। काव्य में वे ही अलंकार ग्राह्य हैं जो प्रकृत रस का पोषण करते हों। इस तथ्य का उन्मीलन रुद्रट ने अपने ग्रन्थ में किया है जिससे औचित्यविषयक उनकी धारणा उच्चतर ज्ञात होती है। काव्यालंकार के द्वितीय अध्याय में अनुप्रास अलंकार की पाँच जातियों का विवरण देने के अनन्तर काव्य में उनके प्रयोग का वर्णन रुद्रट ने किया है। इस प्रसङ्ग पर उन्होंने औचित्य को ही प्रधान कसौटी मानी है।

काव्य में औचित्य के आधार पर ही अनुप्रास का प्रयोग होना चाहिए। रुद्रट ने ठीक ही कहा है—

> एताः प्रयत्नादधिगम्य सम्यगौचित्यमालोच्य तथार्थसंस्थाम्।
> मिश्राः कवीन्द्रै रचनाल्पदीर्घाः कार्या मुहुश्चैव गृहीतमुक्ताः॥

काव्यालंकार २।३२

यही है रसौचित्य का सिद्धान्त। रुद्रट के इस पद्य के 'गृहीतमुक्ताः' अंश के आधार पर ही आनन्दवर्धन ने अपने ग्रन्थ में आवश्यकता के अनुसार अलंकार के ग्रहण तथा त्याग की व्यवस्था 'काले च ग्रहणत्यागौ' लिख कर की है।

(ख) यस्तु सरिदद्रिसागर-पुरतुरगरथादिवर्णने यत्नः।
कविशक्तिख्यातिफलो विततधियां नो मतः स इह॥
(ग) यमकानुलोमतदितरचक्रादिभिदोऽतिरसविरोधिन्यः।
अभिमानमात्रमेतद् गड्डरिकादिप्रवाहो वा॥

इन तीनों पद्यों में से प्रथम दो पद्यों को राजशेखर ने काव्यमीमांसा के नवम अध्याय में 'आपराजिति' नामक आचार्य के नाम से उद्धृत किया है। हेमचन्द्र ने काव्यानुशासन में अन्तिम दो पद्यों को भट्ट लोल्लट के नाम से उद्धृत किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि भट्ट लोल्लट का ही दूसरा नाम आपराजिति है। सम्भवतः लोल्लट के पिता का नाम अपराजित था।

यमकालंकार का विस्तृत विवरण रुद्रट के ग्रन्थ में मिलता है। परन्तु काव्य में यमक के निवेश को वे कवि-कौशल का कार्य नहीं समझते प्रत्युत कविहृदय की अभिव्यक्ति मानते हैं। औचित्यतत्त्व का पारखी महाकवि ही काव्य में रस-पोषक यमक का निवेश कर सकता है। अनुचित स्थान में सन्निविष्ट होने पर यमक शोभावर्धक नहीं, अपितु गलगण्ड के समान काव्य के वैरूप्य का ही संपादन करता है। इस प्रसङ्ग पर नमिसाधु की टीका दर्शनीय है।[1] भामह आदि के समान रुद्रट ने भी दोषों की गुणवत्त्वापत्ति की चर्चा की है। 'ग्राम्य' दोष अवश्य है किन्तु विशिष्ट अवस्थाओं में इस दोष का ग्राम्यत्व सर्वथा अपहृत हो जाता है और यह गुण कोटि में समाविष्ट हो जाता है।[2]

पुनरुक्ति दोष भी औचित्यवशात् स्थलविशेष में गुण हो जाता है ऐसी मान्यता रुद्रट की है।[3] दोष-प्रकरण का उपसंहार करते हुए रुद्रट ने लिखा है कि सभी दोषों का दोषत्व तब परिहृत हो जाता है जब उसका काव्य अथवा नाटक में केवल अनुकरण किया जाता है। यह सिद्धान्त नितान्त मार्मिक है अत-एव परवर्ती आलंकारिक मम्मट, विश्वनाथ आदि ने भी अपने-अपने ग्रन्थों में 'अनुकरणे च सर्वेषाम्' लिखकर रुद्रट का अनुगमन किया है। यदि नाटक में किसी मूर्ख का चित्रण करना हो तो उसके असंबद्ध प्रलाप, असमर्थ वाक्य तथा अवाचक पदों का प्रयोग करना ही होगा। अनुकरण के अतिरिक्त इस पात्र के चित्रण का उपाय ही कौन सा है? अतः अनुकरण की दशा में दोषत्व-परिहार

---

१. इति यमकविशेषं सम्यगालोचयद्भिः सुकविभिरभियुक्तैर्वस्तु चौचित्यवद्भिः।
सुविहितपदभङ्गं सुप्रसिद्धाभिधानं, तदनु विरचनीयं सर्गबन्धेषु भूम्ना॥

"तथा च वस्तुविषयविभागमालोचयद्भिः यथा कस्मिन् रसे कर्तव्यम्' क्व वा न कर्तव्यम्। यमकश्लेषचित्राणि हि सरसे काव्ये क्रियमाणानि रसखण्डनीं कुर्युः। विशेषतस्तु शृङ्गारकरुणयोः। कवेः किलैतानि शक्तिमात्रं पोषयन्ति न रसवत्ताम्। यदुक्तम् 'यमकानुलोम—गड्डरिकाप्रवाहो वा॥'

(नमिसाधु की टीका)

२. अर्थविशेषवशाद्वा सभ्येऽपि तथा क्वचिद् विभक्तेर्वा।
अनुचितभावं मुञ्चति तथाविधं तत्पदं सदपि॥ (क.व्यालंकार ६.२३)

३. वक्ता हर्षभयादिभिराक्षिप्तमनास्तथा स्तुवन् निन्दन्।
यत्पदमसकृद् ब्रूयात् तत्पुनरुक्तं न दोषाय॥ (का. अ. ६.२९)

समोचीन है। ग्राम्य-दोष का स्वरूप ही रुद्रट के मत से देश, कुल, जाति; विद्या आदि के विषय में व्यवहार, आकार, वेष और वचन का अनौचित्य है।[1]

रुद्रट के मत की उक्त समीक्षा से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि काव्य में सब से अधिक व्यापक तत्त्व औचित्य ही है। इसके अपकर्षक होने पर ही दोषों का दोषत्व सम्पन्न होता है और अवस्था-विशेष में रस की अनुकूलता होने पर वे ही हेय दोष उपादेय गुण के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। अनुकरण दोषों के दोषत्व को दूर करने वाला पदार्थ है और वह औचित्य के ऊपर ही निर्भर है।

आनन्दवर्धन

रुद्रट के बाद औचित्य-सिद्धान्त के विकास में प्रमुख स्थान है आचार्य आनन्दवर्धन का। आनन्दवर्धन ने अपने ध्वन्यालोक में औचित्यतत्त्व का व्यापक समीक्षण किया है। ध्वन्यालोक में कहीं औचित्य शब्द के प्रयोग द्वारा व्यापक रूप में और कही संकेत रूप में इस तत्त्व की विशद अभिव्यक्ति हुई है। आनन्दवर्धन से प्राचीन आलंकारिकों ने अलंकार-शास्त्र के कतिपय प्रकीर्ण अङ्गों के विषय में ही औचित्यतत्त्व का विवेचन किया था पर आनन्दवर्धन ने अलंकार-शास्त्रीय सभी अङ्गों के साथ घनिष्ठ संबन्ध दिखला कर औचित्य को काव्य के व्यापक अथ च महनीय तत्त्व के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया।

क्षेमेन्द्र ने आनन्दवर्धन के ही विचारों से स्फूर्ति ग्रहण कर अपने विख्यात ग्रन्थ औचित्यविचारचर्चा में इस तत्त्व का पल्लवन किया है। औचित्यविचार-चर्चा के मूल स्रोत को जानने के लिए ध्वन्यालोक का अध्ययन नितान्त अपेक्षित है।

आनन्दवर्धन रस को ही काव्य का सारभूत पदार्थ मानते हैं। उनकी सम्मति में यह रस कथमपि वाच्य नहीं हो सकता। ध्वनि के द्वारा ही इसकी अभिव्यक्ति हो सकती है। इस रस में सबसे आवश्यक वस्तु है औचित्य। वस्तु अलंकार आदि रस के बाह्य परिधान मात्र हैं।

आनन्दवर्धन ने अपने युगान्तरकारी ग्रन्थ ध्वन्यालोक में अलंकारौचित्य, गुणौचित्य, संघटनौचित्य, प्रबन्धौचित्य और रसौचित्य का विशद निरूपण किया है।

---

१. ग्राम्यत्वमनौचित्यं, व्यवहाराकारवेषवचनानाम्।
देश-कुल-जाति-विद्या-वित्त-वयःस्थान-पात्रेषु ॥ (का. अ. ११।९)

अलंकाय के बिना अलंकार का स्वतः कोई मूल्य नहीं होता—और काव्य में रस आदि अलंकार्य वस्तु है। अतः रस आदि को पुष्ट करने के लिए अलंकारों का प्रयोग किया जाता है तो अलंकार का अलंकारत्व सिद्ध होता है।[1]

इन अलंकारों के औचित्य-सम्पादन के लिए आनन्दवर्धन ने सुन्दर नियमों का उल्लेख किया है।[2] शब्दालंकारों की रसानुरूपता प्रदर्शित करते समय उन्होंने विप्रलम्भ आदि कोमल रसों के लिए यमकालंकार को सर्वथा त्याज्य माना है। इस सिद्धान्त का मौलिक रहस्य यह है कि कवि के द्वारा काव्य में निबद्ध वस्तु को रस का उद्बोधक अवश्य होना चाहिए।

काव्य में किसी भी वस्तु की उपादेयता तथा अनुपादेयता, संबद्धता और असंबद्धता, सुरूपता और कुरूपता, रस के पोषण तथा शोषण पर ही निर्भर है। रस-पोषक वस्तु ग्राह्य है, परन्तु रस-शोषक सर्वथा वर्ज्य है। अलंकारौचित्य के संबन्ध में उनका कथन अत्यन्त स्पष्ट और हृदयग्राही है। वे कहते हैं कि अलंकारों को इतना स्वाभाविक होना चाहिए कि रसाकृष्ट कवि के किसी विशिष्ट आयास के बिना ही वे स्वतः आविर्भूत हों। वे बाह्य न होकर आभ्यन्तर हों, उनकी रचना के लिए न तो कवि को किसी प्रकार का यत्न करना पड़े और न उनका इतना चाकचिक्य हो कि पाठक प्रकृत रस के सौन्दर्य से हट कर उन्हीं के प्रभाव से आकृष्ट हो जाय।[3]

आनन्दवर्धन गुणों का साक्षात् संबन्ध रस-भावदि से मानते हैं। गुण धर्म है और रस आदि धर्मी। शृङ्गार, विप्रलम्भ और करुणरस के साथ माधुर्य गुण का प्रधान संबन्ध है। रौद्र, वीर और भयानक रस के साथ ओजगुण का घनिष्ठ संपर्क है। ऐसी दशा में शब्द-योजना ऐसी होनी चाहिए कि प्रकृत गुण और रस के साथ उसका सर्वथा सामञ्जस्य हो जाय। वर्णों का अपना एक विशिष्ट प्रभाव होता है। कुछ वर्ण स्वभावतः कोमलता के द्योतक होते हैं तो अन्य वर्ण स्वतः कठोरता को प्रकट करते है। वर्णों की इस प्रकृति को ध्यान में रख कर काव्य में उनका प्रयोग सर्वथा श्लाघनीय होता है।

---

१. रसभावादितात्पर्यमाश्रित्य विनिवेशनम्।
अलंकृतीनां सर्वासामलंकारत्वसाधनम्॥ (ध्वन्यालोक ३।६)

२. ध्वन्यालोक २।१५–२०।

३. रसाक्षिप्ततया यस्य बन्धः शक्यक्रियो भवेत्।
अपृथग् यत्ननिर्वर्त्यः सोऽलंकारो ध्वनौ मतः॥ (ध्वन्यालोक २।१०)

शृङ्गार रस में रेफ के साथ संयुक्त सकार और शकार तथा ढकार का अत्यधिक प्रयोग प्रकृत रस के विरोधी होने के कारण नहीं करना चाहिए क्योंकि ये वर्ण रस की हानि करने वाले होते हैं। परन्तु ये ही वर्ण बीभत्स आदि रस में आवश्यक दीप्ति के प्रकट करने के कारण यदि रक्खे जाँय तो वे रस के उत्पादक होते हैं।

प्रथम स्थिति में यदि वर्ण 'रसच्युतः' (रस को च्युत करने वाले) होते हैं—तो द्वितीय स्थिति में ये ही वर्ण 'रसश्च्युतः' (रस के टपकाने वाले) होते हैं।[1]

पदों की विशिष्ट योजना का नाम संघटना है। संघटना प्रायः तीन प्रकार की होती है। १—असमासा, २—मध्यम-समासा और ३—दीर्घ-समासा।[2] गुणों का संघटना के साथ घनिष्ठ संवन्ध है। आनन्दवर्धन ने संघटना को गुणों के आधार पर रहने वाली तथा रसों को अभिव्यक्त करने वाली कहा है।[3]

संघटना के प्रसङ्ग में चार वस्तुओं के औचित्य का विचार करना आनन्द-वर्धन ने आवश्यक बतलाया है। मुख्य तो रस का औचित्य ही है परन्तु उसके साथ वक्ता वाक्य और विषय इन तीन गौण पदार्थों के औचित्य पर भी दृष्टि रखनी चाहिए।

वक्ता का अभिप्राय है काव्य अथवा नाटक के पात्र। वाच्य का अर्थ है प्रतिपाद्य वस्तु तथा विषय का तात्पर्य है नाटक, महाकाव्य, गद्य, पद्य और चम्पू आदि काव्य-प्रकार। संघटना के चुनाव में इन चारों विषयों के औचित्य का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए।

---

१. शषौ सरेफसंयोगौ ढकारश्चापि भूयसा।
विरोधिनः स्युः शृङ्गारे तेन वर्णा रसच्युतः॥
त एव तु निवेश्यन्ते बीभत्सादौ रसे यदा।
तदा तं दीपयन्त्येव तेन वर्णा रसश्च्युतः॥ (ध्वन्यालोक ३।३४)

२. असमासा समासेन मध्यमेन च भूषिता।
तथा दीर्घसमासेति त्रिधा संघटनोदिता॥ (ध्वन्यालोक ३।५)

३. गुणानाश्रित्य तिष्ठन्ती माधुर्यादीन् व्यनक्ति सा।
रसास्तन्नियमे हेतुरौचित्यं वक्तृवाच्ययोः॥

(ध्वन्यालोक ३।६)

ध्वनिकार का यह कथन सर्वथा सत्य है कि संघटना के इस चतुरस्र औचित्य का विचार सर्वप्रथम उन्होंने ही किया ।[1]

गद्य, पद्य, नाटक तथा महाकाव्य इन काव्य-प्रकारों की अपनी अपनी विशिष्टता होती है, जिस पर ध्यान देने से संघटना का निवेश श्लाघनीय होता है। नाटक का मुख्य उद्देश्य दर्शकों के हृदय में रस की अभिव्यक्ति ही है । अतः उसमें दीर्घ-समास वाली संघटना तथा शब्दाडम्बर वाले अलंकारों के प्रति कवि को कथमपि आसक्ति नहीं रखनी चाहिए । कारण, इन बाह्य अङ्गों की बहुलता रस की शीघ्र प्रतीति में बाधा डालती है ।[2]

आनन्दवर्धन ने प्रबन्धध्वनि के विवेचन के अवसर पर काव्य तथा नाटक के इतिवृत्त के स्वरूप के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की है । इतिहास साधारणतः दो प्रकार का होता है—एक वृत्त (पुराण तथा इतिहास आदि में प्रसिद्ध) और द्वितीय उत्प्रेक्ष्य (कविकल्पना-प्रसूत) । दोनों प्रकार के इतिवृत्तों में औचित्य का रहना अत्यन्त आवश्यक है ।[3]

कथानक के संविधानक में वर्णनीय वस्तु को प्रस्तुत रस के अनुकूल बनाने के लिए कवि को सदा सचेष्ट रहना चाहिए । सर्वथा औचित्यपूर्ण तथा यथाशक्ति रसाविर्भावक घटनाओं को ही काव्य में स्थान देना चाहिये । रसाभिव्यञ्जक होने के कारण ही किसी कथा की कमनीयता सिद्ध होती है। परम्परागत किसी कथा के काव्य में निबन्धन करते समय कवि के द्वारा प्रस्तुत रस के प्रतिकूल अंशों का परिवर्तन न्याय्य है ।[4]

---

१. इति काव्यार्थविवेको योऽयं चेतश्चमत्कृतिविधायी ।
सूरिभिरनुसृतसारैरस्मदुपज्ञो न विस्मार्यः ।।
(ध्वन्यालोक)

२. एवं च दीर्घसमासा संघटना समासानामनेकप्रकारसंभावनया कदाचित् रसप्रतीतिं व्यवदधातीति तस्यां नात्यन्तमभिनिवेशः शोभते । विशेषतोऽभिनेयार्थे काव्ये । (ध्वन्यालोक)

३. विभावभावानुभावसंचार्यौचित्यचारुणः ।
विधिः कथाशरीरस्य वृत्तस्योत्प्रेक्षितस्य च ।। (ध्वन्यालोक)

४. इतिवृत्तिवशायातां त्यक्त्वाऽननुगुणां स्थितिम् ।
उत्प्रेक्ष्योऽप्यन्तराभीष्ट रसोचितकथोन्नयः ।। (ध्वन्यालोक)

प्रबन्धौचित्य के विषय में आनन्दवर्धन के सिद्धान्त अत्यन्त मार्मिक हैं। इस सिद्धान्त के उल्लंघन से १—अङ्ग का अतिविस्तार, २—अङ्गी का अननुसन्धान, ३—अनङ्गकीर्तन, और ४—प्रकृतिविपर्यय—इन चार रस-दोषों की संभावना, सदा बनी रहती है।

आनन्दवर्धन ने प्रकृति के औचित्य और अनौचित्य के विवेक की सीमा ध्वन्यालोक के तृतीय उद्योत में बड़ी मार्मिकता के साथ दिखलाई है। इसी प्रसङ्ग पर—

"अनौचित्यादृते नान्यद्, रसभङ्गस्य कारणम्।
औचित्योपनिबन्धस्तु रसस्योपनिषत्परा॥"

इस कारिका की अवतारणा उन्होंने की है। इसका अर्थ है कि अनौचित्य ही रस के विनाश का सब से बड़ा हेतु है और औचित्य का समावेश ही रस का उत्कृष्ट उपाय है।

औचित्यतत्त्व का सुन्दरतम उपादेय मन्त्र यही है। औचित्यसिद्धान्त का विशाल प्रासाद इसी तथ्य की दृढ़ भित्ति पर खड़ा है। परवर्ती आलंकारिकों ने औचित्य-सिद्धान्त की जितनी व्याख्या की है वह सब इस मूल सूत्र का भाष्य-मात्र है।

ध्वन्यालोककार ने रीति तथा वृत्ति के औचित्य का भी विचार किया है। उनका कथन है कि भरतमुनि के द्वारा प्रदर्शित कैशिकी आदि वृत्ति अथवा उपनागरिका आदि रीतियाँ अनुचित रूप से निबद्ध होने पर रसभङ्ग का कारण बनती हैं।[1] वृत्ति के विषय में उनका युक्तियुक्त कथन यह है कि रस आदि की अनुकूलता के अनुसार शब्द और अर्थ का औचित्यपूर्ण व्यवहार ही द्विविध वृत्ति-नाम से अभिहित होता है।[2]

रसौचित्य-तो ध्वन्यालोक का मुख्य विषय ही है। मुख्य रस का विवेचन किस प्रकार से होना चाहिए? अङ्ग रस किस प्रकार मुख्य रस का पोषक होता है? रसों में पारस्परिक विरोध किस प्रकार होता है? कौन रस किस रस के साथ किस विधि से निबद्ध होने पर अपनी विरुद्धता का परित्याग करता है—

१. यदि वा वृत्तीनां भरतप्रसिद्धानां कैशिक्यादीनां काव्यालंकारान्तर-प्रसिद्धानाम् उपनागरिकाद्यानां वा यदनौचित्यं तदपि रसभङ्गहेतुः।

(ध्वन्यालोक तृ० उ०)

२. रसाद्यनुगुणत्वेन व्यवहारोऽर्थशब्दयोः।
औचित्यवान् य स्ता एव वृतयो द्विविधाः स्मृताः॥ (ध्वन्यालोक ३।३३)

रसौचित्यविषयक इन मार्मिक सिद्धान्तों की समीक्षा ध्वन्यालोक के तृतीय उद्योत में विस्तार के साथ की गई है।

अन्त में आनन्दवर्धन ने कवियों को उपदेश करते हुए कहा है कि वाच्य तथा वाचक (अर्थ तथा शब्द) की रसानुकूल औचित्यपूर्ण योजना ही महाकवियों का मुख्य कर्म है।[1]

अभिनवगुप्त

औचित्य-तत्त्व के विश्लेषण करने में अभिनवगुप्त का भी प्रमुख स्थान है और ऐसा होना सुसंगत भी है, क्योंकि अभिनवगुप्त औचित्य-सिद्धान्त के व्यवस्थापक आनन्दवर्धन के ध्वन्यालोक के भाष्यकार हैं और औचित्य को काव्य-जीवित मानने वाले क्षेमेन्द्र के साहित्यिक गुरु हैं। ध्वन्यालोक में प्रतिपादित औचित्य-पोषक तथ्यों तथा तर्कों को सम्यक् रूप से समझने के लिये अभिनवगुप्त-रचित 'लोचन' टीका का अध्ययन नितान्त अपेक्षित है।

आनन्दवर्धन ने जिस अलंकारौचित्य का वर्णन अपने निबन्ध में किया है उसका स्पष्टीकरण करते हुए लोचनकार का कथन है कि काव्य में अलंकारों का उपयोग दो अवस्थाओं में नहीं हो सकता है—१—जब किसी अलंकार्य की सत्ता ही न हो अथवा २—अलंकार्य की सत्ता रहने पर भी अलंकार का औचित्य नहीं हो। शरीर में आत्मा के विद्यमान रहने पर ही आभूषणों से शोभा-सम्पादन किया जाता है। परन्तु यदि आत्मा ही विद्यमान नहीं हो तो बाह्य आभूषणों का संभार मृतक शरीर को भूषित करने वाले प्रसाधन के समान है।

इसी तरह बैरागी के शरीर को सोने के आभूषणों से आभूषित करना अनुचित होने के कारण उपहासास्पद है।

इस प्रकार अभिनवगुप्त की सम्मति में काव्य के प्राणभूत रस आदि के अभाव में अलंकारों का अलंकारत्व कथमपि सिद्ध नहीं होता और रस आदि रहने पर भी अनुचित अलंकार भूषक न होकर दूषक ही होते हैं।[2]

काश्मीरी आलोचकों के समाज में वक्रोक्ति के समान औचित्य भी व्यापक

---

१. वाच्यानां, वाचकानाञ्च यदौचित्येन योजनम्।
रसादिविषयेणैतद् मुख्यं कर्म महाकवेः॥ (ध्वन्यालोक ३।३२)

२. तथा ह्यचेतनं शवशरीरं कटककुण्डलाद्युपेतमपि न भाति, अलंकार्यस्याभावात्। यतिशरीरं कटकादियुक्तं हास्यावहं भवति, अलंकार्यस्यानौचित्यात्। (लोचन)

काव्य-तत्त्व के रूप में प्रायः बहुत पहले ही आविर्भूत हो चुका था। अलंकार के परिशीलन से वक्रोक्ति की उत्पत्ति हुई और रसध्वनि के अध्ययन से औचित्य का उदय हुआ। ध्वन्यालोक में औचित्य-तत्त्व के साङ्गोपाङ्ग निरूपण से अनेक आलोचकों की दृष्टि रस से हट कर औचित्य पर जा जमी। वे लोग काव्य में रस के महत्त्व को न मानकर औचित्य को ही काव्य की आत्मा कहने लगे। अभिनवगुप्त का ज्ञान किये बिना औचित्य पद का प्रयोग अत्यन्त असंगत है।

औचित्य का तात्पर्य तभी बोधगम्य हो सकता है, जब जिसके प्रति इसे उचित बतलाया जाय वह वस्तु भी वर्तमान हो। औचित्य तो एक संबन्ध-विशेष ठहरा और उस वस्तु का ज्ञान हमें प्रथमतः अपेक्षित है जिसके साथ यह संबन्ध स्थापित किया जा सके। यह आवश्यक वस्तु रस आदि ही है। रस आदि के बिना औचित्य की सत्ता का प्रतिपादन कोई मूल्य नहीं रखता। रस तथा ध्वनि के साथ औचित्य का प्रगाढ संबन्ध है। इसका निर्देश अभिनवगुप्त ने स्पष्ट शब्दों में किया है।[१]

इस प्रकार रस और ध्वनि के साथ औचित्य के संबन्ध को स्थिर करने के कारण अभिवगुप्त सदा साहित्य-जगत् में अमर रहेंगे इसमें संदेह नहीं।

भोजराज

'सरस्वतीकण्ठाभरण' तथा 'शृङ्गारप्रकाश' ये दो भोजकृत अलंकारशास्त्रीय विशाल निबन्ध परमप्रसिद्ध हैं। यद्यपि इन दोनों निबन्धों में कहीं भी स्वतन्त्र काव्यतत्त्व के रूप में औचित्य का उल्लेख भोजराज ने नहीं किया है, तथापि गौणरूप से औचित्य-सिद्धान्त उनके ग्रन्थों में वर्तमान है यह कथा निस्सन्दिग्ध रूप में कही जा सकती है। कारण, उनके ग्रन्थों में दोष, गुण तथा अलंकार के निरूपणप्रसङ्ग में ऐसे अनेक भेद बतलाये गए हैं जिनका मूल आधार यह 'औचित्य' ही है।

१—'अपद' नामक एक स्वतन्त्र दोष भोज ने माना है।[२] इनके मत में पद छह प्रकार के होते हैं—प्रकृतिस्थ, कोमल, कठोर, ग्राम्य, नागर तथा उपनागर।

---

१. औचित्यवती (अतिशयोक्तिः) जीवितमितिचेद् औचित्यनिबन्धनं रसभावादि मुक्त्वा नान्यत् किञ्चिदस्ति इति। तदेवान्तर्भासि मुख्यं जीवितम् इत्यभ्युपगन्तव्यम्, न तु सा। (लोचन)

२. त्रिभिन्नप्रकृतिस्थादिपदयुक्त्यपदं विदुः। (स. कण्ठा. १।२४)

काव्य अथवा नाटक में वक्ता के अनुरूप ही पद होना चाहिए। ग्रामीण वक्ता के द्वारा प्रयोग करने योग्य पदों का प्रयोग नागर वक्ता के द्वारा किया जा अत्यन्त अरुचिकर है। ऐसा दोष 'अपद' कहलाता है।

२--वाक्यार्थ-दोषों में जिस 'विरस' नामक दोष की चर्चा भोज ने की वह रसानौचित्य का एक प्रकार है। स्वयं भी वे उस दोष को अप्रस्तुत रस संज्ञा देते हैं। रत्नेश्वर ने (भोज के टीकाकार) इस स्थल पर आनन्दवर्ध प्रसिद्ध पद्य "अनौचित्यादृते नान्यत्" को अपनी टीका में उद्धृत किया है।

३--देश-विरोध, काल-विरोध, लोक-विरोध, अनुमान-विरोध आदि भेदों वाला उनका 'विरुद्ध' नामक दोष अनौचित्य के ऊपर ही अवलंबित है अनुमान-विरोध के अन्तर्गत औचित्यविरुद्ध नामक एक नवीन दोष की उन्हें कल्पना की है।[1]

४--भोज के ग्रन्थ में वर्णित 'भाविक' नामक शब्दगुण का भी आधार औचित्य ही ज्ञात होता है। कारण "हे पूर्णचन्द्रस्वरूप, वत्स, रघुनन्दन, आ आओ। मैं तेरे माथे पर अपना चुम्बन अङ्कित करूँगा और चिरकाल तक आलिङ्गन करूँगा अथवा अपनी छाती से लगाकर दिन रात तेरा वहन करूँग अथवा तेरे चरणकमलयुगल की वन्दना करूँगा।[2]" एवदर्थक पद्य को उक्त के उदाहरण रूप में उद्धृत कर भोज ने कहा है कि अत्यधिक आह्लाद के का वयोवृद्ध जन के द्वारा अपने से कनिष्ठ जन की चरण-वन्दना भी अनुचित समझी जाती।

५--भोज ने भी रुद्रट आदि प्राचीन आलंकारिकों के समान अपने में उन स्थितियों का प्रतिपादन किया है जब दोष दोषत्व से मुक्त हो जात अथवा गुण रूप में परिणत हो जाता है। भोज ने इसको 'वैशेषिक गुण' 'दोषगुण' की संज्ञा प्रदान की है। कवि-कौशल के कारण दोष भी कहीं औचित्य-सीमा के अन्तर्गत हो कर गुण-कोटि में आ जाता है--यह भोजरा भी स्वीकार किया है। वाक्य के सम्मिलित अर्थ के अभाव में 'अपार्थ' व

---

१. युक्त्यौचित्य-प्रतिज्ञादिकृतो यस्त्विह कश्चन।
अनुमानविरोधः स कविमुख्यैर्निगद्यते॥

२. एह्येहिवत्स रघुनन्दन पूर्णचन्द्र ! चुम्बामि मूर्धनि चिरं च परिष्वजे त्वा
आरोप्य वाऽपि च दिवानिशमुद्वहामि, वन्देऽथवा चरणपुष्करकद्वयं
(स. कण्ठा. १।७

दोष है, पर मत्त तथा बालक आदि की उक्ति में यह दोष नहीं माना जा सकता[1], क्योंकि यहाँ औचित्य की हानि नहीं होती।

६--औचित्यतत्त्व पर आश्रित अनेक अलंकारों का भी वर्णन भोजराज ने अलंकार प्रकरण में किया है। शब्दालंकार के मध्य में 'जाति' नामक एक अलंकार का निर्देश उन्होंने किया है। शब्दालंकाररूप यह 'जाति' संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि विभिन्न भाषाओं का विशिष्ट प्रकार है, जिसका उचित अवसरों पर उचित प्रयोग कविकौशल का मुख्य प्रमाण है। अवसरविशेष पर तथा वस्तुविशेष के लिये तदनुरूप भाषा का प्रयोग करना चाहिए। विषय, वक्ता, देश और काल के औचित्य पर दृष्टि रख कर ही भाषा का प्रयोग कवि के लिये सर्वथा समीचीन होता है। अवसरविशेष पर ही विभिन्न भाषाओं का चमत्कार सहृदयों के हृदय में आनन्द का उन्मेष करता है। यज्ञ के समान पवित्र अवसरों पर संस्कृत भाषा का ही प्रयोग उचित है। स्त्रियों के मुख से प्राकृत भाषा का ही प्रयोग न्याय्य है। कुलीन जनों के लिये संकीर्ण भाषा का प्रयोग गौरवाधायक नहीं होता। मूर्ख जनों को समझाने के लिये संस्कृत में भाषण उपहासास्पद होता है।[2] भाषा के प्रयोग में प्रतिपाद्य विषय के औचित्य पर भी ध्यान देना चाहिए। अतएव भोज ने कहा है कि कोई अर्थ संस्कृत के ही द्वारा प्रतिपाद्य हो सकता है तो कोई प्राकृत के द्वारा और कोई अपभ्रंश के द्वारा।[3]

कितना गिनाया जाय? और भी बहुत ऐसी मान्यतायें भोजराज की हैं जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि भोजराज की दृष्टि में भी औचित्य एक आवश्यक काव्योपादान है।

कुन्तक

कुन्तक का "वक्रोक्तिजीवित" मौलिकता तथा प्रौढता के कारण संस्कृत के

---

१. विरोधः सकलेष्वेव कदाचित् कविकौशलात्।
उत्क्रम्य दोषगणनां गुणवीथीं विगाहते॥ (१।१५६)
समुदायार्थशून्यं यत्तदपार्थं प्रचक्षते।
तन्मत्तोन्मत्तबालानामुक्तेरन्यत्र दुष्यति॥ (१।१३६)

२. न म्लेच्छितव्यं यज्ञादौ, स्त्रीषु नाप्राकृतं वदेत्।
संकीर्णं नाभिजातेषु, नाप्रबुद्धेषु संस्कृतम्॥ (२।८)

३. संस्कृतेनैव कोऽप्यर्थः, प्राकृतेनैव वा परः।
शक्यो रचयितुं कश्चिदपभ्रंशेन जायते॥ (२।१०)

अलंकार ग्रंथों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इसके अनुसार वक्रोक्ति हो—लोक तथा शास्त्र में प्रसिद्ध शैली से भिन्न शैली द्वारा शब्दार्थों का वैचित्र्यपूर्ण कथन—काव्य में सबसे सारभूत पदार्थ है। इस वक्रोक्ति को काव्य का जीवित मानने के कारण ही इनका ग्रन्थ 'वक्रोक्तिजीवित' नाम से प्रसिद्ध है।

कुन्तक के मत से काव्य का प्राण तो निश्चय ही वक्रता है, किन्तु वक्रता का मूल आधार औचित्य ही है, क्योंकि उन्होंने स्वयं कहा है कि "पादवक्रता का रहस्य है पद का औचित्य। कारण, उचित (यथानुरूप) कथन ही (वक्रता का) जीवन है। वक्तव्य अर्थ के एक अंश में भी औचित्य के अभाव से काव्य-मर्मज्ञों को आह्लादित करना संभव नहीं है।"[1] कुन्तक ने अपने काव्य-लक्षण में भी औचित्य को आधारभूत तत्त्व माना है।

शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि।
बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि॥

यही उनका काव्य-लक्षण है। यहाँ काव्य के आधार रूप में शब्दार्थ का 'साहित्य' स्वीकृत किया गया है और 'साहित्य' से कुन्तक का अभिप्राय निश्चित रूप से शब्द और अर्थ का पूर्ण सामञ्जस्य ही है, क्योंकि "समर्थ" शब्द के अभाव में अर्थ स्वरूपतः स्फुरित होने पर भी निर्जीव-सा ही रहता है। इसी प्रकार शब्द भी वाक्योपयोगी अर्थ के अभाव में अन्य अर्थ का वाचक होकर वाक्य का भार-सा प्रतीत होता है"[2] ऐसा उन्होंने स्वयं कहा है। इस कथन से स्पष्ट है कि 'साहित्य' का अर्थ है शब्द और अर्थ का उचित सहभाव अथवा संबन्ध।

कुन्तक के अनुसार मार्ग (रीति) तीन प्रकार के होते हैं—सुकुमार, विचित्र तथा मध्यम। इन तीनों मार्गों में समान रूप से रहने[3] वाले दो

---

१. तत्र पदस्य तावदौचित्यं वक्रतायाः परं रहस्यम्, उचिताभिधानजीवित्वात्। वाच्यस्याप्येकदेशेऽप्यौचित्यविरहात् तद्विदाह्लादकारित्वहानिः।

(१ उन्मेष ५७वीं कारिका की वृत्ति)

२. तथा चार्थः समर्थवाचकासद्भावे स्वात्मना स्फुरन्नपि मृतकल्प एवावतिष्ठते। शब्दोऽपि वाक्योपयोगिवाच्यासंभवे वाच्यान्तरवाचकः सन् वाक्यस्य व्याधिभूतः प्रतिभाति। (१।७ वीं कारिका की वृत्ति)

३. एतत् त्रिष्वपि मार्गेषु गुणद्वितयमुज्ज्वलम्।
पदवाक्यप्रबन्धानां व्यापकत्वेन वर्तते॥ (१।५७)

सामान्य गुणों का उल्लेख कुन्तक ने किया है। इन दोनों गुणों के नाम क्रमशः औचित्य और सौभाग्य रक्खे गए हैं। औचित्यगुण की परिभाषा करते हुए उन्होंने कहा है कि--"जिस स्पष्ट वर्णन-प्रकार के द्वारा स्वभाव के महत्त्व का पोषण होता है वही औचित्य नामक गुण है, इसका मूल है उचित आख्यान अर्थात् यथानुरूप कथन[1]।"

इस विवेचन से सिद्ध होता है कि कुन्तक औचित्य को सबसे व्यापक काव्य-तत्त्व मानते हैं। इतना ही नहीं, वक्रोक्ति के अवान्तर भेदों में भी वे औचित्य को आधार स्वीकार करते हैं।

वर्णविन्यास-वक्रता के विवेचन में कुन्तक ने स्पष्ट लिखा है कि वक्रतापूर्ण वर्णयोजना अनिवार्यरूप से प्रस्तुतौचित्यशोभिनी होती है--अर्थात् काव्य में वर्णों का विन्यास प्रस्तुत प्रसङ्ग के अनुरूप ही होना चाहिए, उससे स्वतन्त्र नहीं[2]। इसी प्रकार पद-पूर्वार्ध-वक्रता तथा प्रत्ययवक्रता के अनेक प्रमुख भेद भी औचित्यमूलक ही हैं :—(१) पर्यायवक्रता का आधार है उचित पर्याय का चयन अथवा पर्यायौचित्य, (२) विशेषणवक्रता का आधार है उचित विशेषण का निर्वाचन, (३) वृत्तिवक्रता में समासरचना का औचित्य अपेक्षित होता है और (४) लिङ्गवक्रता का आधारभूत सौन्दर्य लिङ्गप्रयोग के औचित्य पर ही आश्रित है। इसी प्रकार प्रत्ययवक्रता के भी प्रमुख भेदों में कारक, पुरुष, संख्या, काल, उपग्रह आदि के औचित्य का ही चमत्कार वर्तमान रहता है। वक्रता का चतुर्थ भेद है वाक्यवक्रता जिसके दो रूप हैं :--(१) वस्तुवक्रता, अर्थालंकार। इन दोनों में भी कुन्तक ने औचित्य को ही प्रमाण माना है। वस्तुवक्रता के प्रसङ्ग में एक स्थान पर कुन्तक ने औचित्य को वस्तुवर्णन का आधारभूत अनिवार्य सिद्धान्त घोषित किया है। स्वभावोक्ति का निराकरण करते हुए उन्होंने लिखा है—"स्वभाव के (स्वरूप के) कथन के बिना वस्तु का वर्णन ही संभव नहीं हो सकता क्योंकि स्वभाव से रहित वस्तु निरुपाख्य

---

१. आञ्जसेन स्वभावस्य महत्त्वं येन पोष्यते।
प्रकारेण तदौचित्यमुचिताख्यानजीवितम् ॥ (१।५३)

२. वर्गान्तयोगिनः स्पर्शाद्विरुक्तास्तलनादयः।
शिष्टाश्चरादिसंयुक्ताः प्रस्तुतौचित्यशोभिनः ॥ (२।२)

(असत्कल्प) हो जाती है[१] ।" कहने की आवश्यकता नहीं कि यह स्वभावकथन क्षेमेन्द्र के 'सदृशं किल यस्य यत्' अर्थात् यथानुरूप वर्णन से मूलतः अभिन्न है। ऐसे ही अर्थालंकार के प्रयोग में भी औचित्य ही प्रमाण है । कुन्तक के मत से अलंकारों का वर्ण्य-विषय के अनुरूप उचित प्रयोग ही वांछनीय है, क्योंकि उनके विचार से "वाच्य अलंकार उपमा आदि का अधिक उपयोग उचित नहीं हो सकता । कारण यह है कि उससे स्वाभाविक सौन्दर्य के अतिशय में मलिनता आने का भय रहता है[२] ।"

यह अनधिक प्रयोग वास्तव में अलंकारौचित्य का ही दूसरा नाम है । इसके अतिरिक्त दीपक आदि कतिपय अलंकारों के प्रसङ्ग में कुन्तक ने औचित्य का स्पष्ट उल्लेख भी किया है—"औचित्य के अनुरूप सुन्दर और सहृदयों के आह्लादकारक (प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत) पदार्थों के अप्रकट अर्थात् प्रतीयमान धर्म को प्रकाशित करने वाला अलंकार दीपक है[3] ।" अन्त में प्रकरण तथा प्रबन्धवक्रता के प्रसङ्ग में भी कुन्तक ने अनेक प्रकार से औचित्य की स्तुति की है । उदाहरण के लिए प्रबन्धवक्रता का एक प्रमुख भेद है उत्पाद्यलावण्य, जिसके दो रूप हैं :—(१) अविद्यमान की कल्पना (२) विद्यमान का संशोधन । इन दोनों वक्रताभेदों का आधार स्पष्ट रूप से औचित्य-कल्पना ही है । कवि अपनी प्रसिद्ध कथा के अनौचित्य के परिहार और औचित्य के संरक्षण के निमित्त ही उपर्युक्त चमत्कारपूर्ण पद्धतियों का प्रयोग करता है । कुन्तक ने स्पष्ट शब्दों में इस तथ्य को स्वीकार किया है । "उत्पाद्यलावण्य के दो रूप हैं—(१) अविद्यमान की कल्पना और (२) सहृदय के आह्लाद के निमित्त औचित्यरहित विद्यमान का अन्यथा प्रतिपादन[४] ।" उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वक्रोक्ति तथा औचित्य में घनिष्ठ संबन्ध है ।

---

१. स्वभावव्यतिरेकेण वक्तुमेव न युज्यते ।
   वस्तु तद्रहितं यस्मान्निरुपाख्यं प्रसज्यते ।। (१।१२)

२. तदिदमुक्तं भवति यदेवंविधे भावस्वभावसौकुमार्यवर्णनप्रस्तावे भूयसां न वाच्यालंकाराणामुपमादीनामुपयोगयोग्यता संभवति, स्वभावसौकुमार्यातिशयम्लानताप्रसङ्गात् । ३।१ कारिका की वृत्ति ।

३. औचित्यावहमम्लानं तद्विदाह्लादकारणम् ।
   अशक्तं धर्ममर्थानां दीपयद् वस्तु दीपकम् ।। (३।१७)

४. उत्पाद्यलावण्यमिति द्विधा व्याख्येयम् । क्वचिदसदेव ोत्पाद्यम् अथवा

महिमभट्ट

यद्यपि महिमभट्ट ने आनन्दवर्धन के द्वारा स्थापित ध्वनि-पदार्थ का खण्डन कर रस आदि व्यङ्ग्य अर्थों को अनुमेय सिद्ध करने के उद्देश्य से अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ व्यक्तिविवेक का निर्माण किया है, तथापि इस मुख्य विषय के उपपादन-क्रम में अनेक काव्य-सिद्धान्तों का उल्लेख उन्होंने किया है। ऐसी स्थिति में यदि हम काव्यसम्बन्धी व्यापक तत्त्व औचित्य का भी विश्लेषण व्यक्तिविवेक में पाते हैं तो यह कोई आश्चर्य का विषय नहीं है। व्यक्तिविवेककार ने प्रसङ्गवश एक जगह लिखा है कि—"औचित्य एक ऐसा काव्यतत्त्व है को काव्य-स्वरूप के निरूपण की महिमा से स्वतःसिद्ध है, अतः पृथक् उसकी चर्चा व्यर्थ है। विभाव, अनुभाव और संचारीभाव का वर्णन करना ही कवि का कर्तव्य है, दूसरा नहीं। वे ही विभावादि शास्त्रानुसार कवि के द्वारा उपनिबद्ध होने पर रसाभिव्यक्ति के हेतु होते हैं, अन्यथा नहीं। काव्य की आत्मा है रस, फिर उसमें अनौचित्य के स्पर्श की संभावना भी कैसे हो सकती है? जब अनौचित्य की काव्य में संभावना ही नहीं तब उसको हटाने के लिये जो पण्डितगण भिन्न-भिन्न तरह के काव्यलक्षणों की सृष्टि करते हैं वह सर्वथा व्यर्थ है[१]। इस प्रतिपादन से सिद्ध होता है कि महिमभट्ट काव्य में औचित्य के समर्थक थे। प्रसङ्गान्तर्गत उनकी उक्तियों से भी इस बात की पुष्टि होती है। महिमभट्ट का दोषविवेचन बड़ा प्राञ्जल है। इस प्रसङ्ग पर उन्होंने कहा है कि "अनौचित्य ही काव्य का एकमात्र सर्वातिशायी दोष है जिसके अन्तर्गत समस्त दोषों का अन्तर्भाव किया जा सकता है। अनौचित्य का सामान्य लक्षण है कवि के द्वारा वाञ्छित रस आदि की प्रतीति में विघ्नकारी होना[२]।" आगे चलकर

आहृतम्, क्वचिदौचित्यत्यक्तं सदप्यन्यथासम्पाद्यम् सहृदयहृदयाह्लादनाय। (४।४ वी कारिका की वृत्ति।)

१. तस्य (अनौचित्यस्य) काव्यस्वरूपनिरूपणसामर्थ्यसिद्धस्य पृथगुपादान-वैयर्थ्यात्। विभावाद्युपनिबन्ध एव हि कविव्यापारो नापरः। ते च यथाशास्त्र-मुपनिबध्यमानारसाभिव्यक्तेर्निबन्धनभावं भजन्ते, नान्यथा। रसात्मकं च काव्य-मिति कुतस्तत्रानौचित्यस्पर्शः संभाव्यते, यन्निरासार्थमित्थं काव्यलक्षणमाचक्षीरन् विचक्षणम्मन्याः। (व्य० वि० पृ० १२६)

२. एतस्य (अनौचित्यस्य) विवक्षितरसादिप्रतीतिविघ्नविधायित्वं नाम सामान्यलक्षणम्। (व्य. वि., उन्मेष २, पृ. १५२)

पुनः उन्होंने कहा है कि—"दो प्रकार के अनौचित्य काव्य में हो सकते हैं—(१) अर्थविषयक और (२) शब्दविषयक। उन दोनों में प्रथम—अर्थात् अर्थविपयक अनौचित्य का लक्षण है विभावादिकों का रसों में अयथायथ (प्रतिकूलतापूर्ण) निवेश। यही अनौचित्य अन्तरङ्ग है और इसका विवेचन प्राचीन आचार्यों ने ही कर दिया है, अतः मैं अपने ग्रन्थ में उसका विस्तार नहीं करना चाहता।

दूसरा—अर्थात् शब्दविषयक अनौचित्य के बहुत प्रकार हो सकते हैं, जैसे—विधेयाविमर्श, प्रक्रमभेद, क्रमभेद, पौनरुक्त्य और वाच्यावचन[1]।

रस तथा औचित्य के विषय में महिमभट्ट आनन्दवर्धन के ही अनुयायी हैं। आनन्दवर्धन के समान महिमभट्ट ने भी अनौचित्य को प्रधान दोष स्वीकार किया है। समग्र दोष रस के व्याघातक होते हैं। इसीलिये महिमभट्ट ने रसानौचित्य अन्तर्गत समस्त दोष प्रकरण का समावेश कर दिया है[2]। इन सभी विवेचनों से वही एक बात पुष्ट होती है कि महिमभट्ट के भी विचारानुसार औचित्य काव्य का सर्वातिशायी उपादान है।

क्षेमेन्द्र

ऐतिहासिक क्रम से महिमभट्ट के बाद ही औचित्य के आधार पर एक नवीन सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य क्षेमेन्द्र ने इस धराधाम में पदार्पण किया और अमरभारती के भण्डार को विविध ग्रन्थरत्नों से परिपूर्ण करने में अपने जीवनकाल का उपयोग किया। औचित्यविचारचर्चा इन्हीं की अमर कृति है।

---

१. इह खलु द्विविधमनौचित्यमुक्तम्, अर्थविषयं शब्दविषयं चेति। तत्र विभावानुभावव्यभिचारिणाम् अयथायथं रसेषु यो विनियोगः तन्मात्रलक्षणमेक-मन्तरङ्गमाद्यैरेवोक्तमिति नेह प्रतन्यते। अपरं पुनः बहिरङ्गं बहुप्रकारं संभवति। तद्यथा विधेयाविमर्शः, प्रक्रमभेदः, क्रमभेदः, पौनरुक्त्यं, वाच्यावचनञ्चेति।

(व्य० वि०, उ० २ पृ० १४९–५१)

२. कथञ्चिद्वा भिन्नक्रमतयापि अभिमतार्थसंबन्धोपकल्पने प्रस्तुतार्थप्रतीतेः विघ्नितत्वात् तन्निबन्धनो रसास्वादोऽपि विघ्नितः स्यात्, शब्ददोषाणाम् अनौचित्योपगमात् तस्य च रसभङ्गहेतुत्वात्। यदाहुः—

अनौचित्यादृते नान्यद् रसभङ्गस्य कारणम्।
प्रसिद्धौचित्यबन्धस्तु रसस्योपनिषत् परा॥ (व्य० पृ० १३३)

यद्यपि औचित्यतत्त्व की उद्भावना सर्वप्रथम इन्हीं के द्वारा इसी ग्रन्थ में नहीं हुई, अपि तु चिरकाल से सभी आचार्य अपने-अपने ग्रन्थों में थोड़ी-बहुत चर्चा इस तत्त्व की अवश्य कर गए थे तथापि इतना तो स्वीकार करना ही पड़ेगा कि मुख्यरूप से औचित्य का साङ्गोपाङ्ग वर्णन इसी ग्रन्थ में आकर हुआ और औचित्य-सम्प्रदाय का उदय साहित्य-संसार में इस ग्रन्थरत्न के निर्माण हो चुकने पर ही हुआ।

अतः क्षेमेन्द्र विदग्ध मण्डली में औचित्य के व्यवस्थापक होने से चिरस्मरणीय रहेंगे। औचित्यतत्त्व को काव्य के सर्वातिशायी उपादान के रूप में प्रतिष्ठित करने का श्रेय विज्ञ आलोचकवर्ग सदा क्षेमेन्द्र को प्रदान करता रहेगा।

क्षेमेन्द्र से पश्चाद्भावी आलङ्कारिक

यद्यपि साहित्यिक जगत् के लिये एक प्रकार से इसे दुर्भाग्य का ही विषय समझा जा सकता है कि क्षेमेन्द्र के द्वारा प्रवर्तित औचित्य-सम्प्रदाय को किसी अनन्तर्भावी आचार्य ने अग्रसर नहीं किया, तथापि औचित्यतत्त्व का अपलाप किसी ने नहीं किया है। मम्मट[1] से लेकर पण्डितराज तक की आलंकारिक परम्परा ने भी अपने-अपने ग्रन्थों में किसी न किसी रूप से इस तत्त्व के प्रति आस्था अवश्य प्रकट की है। खासकर दोषविवेचन के अवसर पर सभी ने औचित्य का, निषेधमुखेनैव सही, पर स्मरण अवश्य किया है। यद्यपि यह बात कही जा सकती है कि औचित्यतत्त्व का स्मरण करते समय इन आचार्यों के मानसपटल पर, क्षेमेन्द्र नहीं, अपितु आनन्दवर्धन ही उदित थे और उदित थी आनन्दवर्धन की 'अनौचित्यादृते नान्यत् रसभङ्गस्य कारणम्' यह सुविख्यात पङ्क्ति, तथापि क्षेमेन्द्र-स्थापित सिद्धान्त-पोषकता तो उन लोगों की सिद्ध होती ही है। मेरे कथन का उद्देश्य भी उतना ही है।

पाश्चात्य आलोचक और औचित्य

अब यहाँ जिज्ञासु पाठकों के लाभ को दृष्टि में रखकर, संक्षेप में, औचित्य में संबन्ध रखने वाले पाश्चात्य आलोचकों के मतों का दिग्दर्शन कराया जा रहा रहा है।

पाश्चात्य साहित्य-शास्त्रकारों में प्राचीन आलोचकों ने 'औचित्य' का

---

१. मम्मट-क्षेमेन्द्र समकालीन थे।

विचार किया है, नवीन आलोचकों ने नहीं। प्राचीनों की भी औचित्यविषयक आलोचना भारतीय आचार्यों की आलोचना के सामने नगण्य-सी है, क्योंकि पाश्चात्यों की आलोचना के अनुसार 'औचित्य' काव्य का बहिरङ्ग साधन मात्र है और भारतीयों की आलोचना के अनुसार वह काव्य का ही नहीं, अपितु सकल ललित कलाओं का अन्तरङ्ग साधन है--प्राण है।

पाश्चात्यों ने प्रकृत्यौचित्य, घटनौचित्य, वर्णौचित्य—आदि औचित्य के कतिपय प्रकारों का ही विवेचन किया है जो काव्य के बहिरङ्ग साधन हैं। उन लोगों की पहुँच रस तक प्रायः नहीं हो सकी, अतः वे उक्त बहिरङ्ग तत्त्वों में ही उलझे रहे। फलतः उनकी औचित्यसमीक्षा उतनी मौलिक अथच गूढ़ नहीं हो सकी, जितनी रसवादी भारतीयों की।

औचित्य के ऊपर प्रकाश डालने वाले पाश्चात्य आलोचकों में अरस्तू, लाञ्जिनस, होरेस और पोप के नाम विशेषरूप से लिए जा सकते हैं।

अरस्तू के दो ग्रन्थ पाश्चात्य आलोचना-जगत् में परम प्रसिद्ध हैं--(१) पोइटिक्स तथा (२) रेटारिक। दोनों ही ग्रन्थों में औचित्य-तत्त्व की समीक्षा की गई है।

(१) नाटक का दृश्य वास्तविक होना चाहिए, काल्पनिक नहीं, जिससे द्रष्टा को उन दृश्यों के देखते समय असत्यता का भान नहीं हो। इस प्रसङ्ग पर अरस्तू का कथन है कि "नाटक में जो दृश्य दिखलाये जाँय उन्हें उचित होना चाहिए। उचित घटनाओं के प्रदर्शन से ही नाटककार की अभीष्ट-सिद्धि होती है। वस्तु-जगत् से असंबद्ध घटनाओं का प्रदर्शन नाटक में सर्वथा वर्जनीय होता है।[१]" यह है अरस्तू का घटनौचित्य।

(२) पद्य को ललित बनाने के अनेक उपाय हैं, परन्तु गद्य को सुन्दर बनाने का एकमात्र उपाय रूपक की योजना है, ऐसा अरस्तू मानते हैं। साथ साथ यह भी मानते हैं कि रूपक को औचित्य-युक्त होना चाहिए, क्योंकि अनौचित्यपूर्ण रूपक गद्य का भूषण नहीं, दूषण हो जाता है। "वर्णनीय वस्तु की उत्कृष्टता दिखलाने के लिये तज्जातीय उत्कृष्ट गुणयुक्त वस्तु के साथ और निकृष्टता दिखलाने के लिये हीनगुणसम्पन्न वस्तु के साथ रूपक बाँधना चाहिए।[२]" यह है अरस्तू का रूपकौचित्य।

१. देखिए—पोयटिक्स, पृ० ६१
२. देखिए—अरस्तू : रिटॉरिक, पृ० २३२

(३) भाषणकला के कुछ नियम हैं भाषण की शैली भावद्योतक तथा नीतिपूर्ण होनी चाहिए। साथ ही विषय के अनुरूप होनी चाहिए। अनुरूप-शैली से अभिप्राय है कि[1]—विषय के उदात्त होने पर रचनाप्रकार को क्षुद्र नहीं होना चाहिए। विषय के साधारण होने पर रचनाप्रकार को क्षुद्र नहीं होना चाहिए। विषय के साधारण होने पर रचना-प्रकार को उदात्त कभी नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार महत्त्वहीन शब्द के संबन्ध में अलंकृत तथा विचित्र विशेषणों का प्रयोग सर्वथा अनुचित होता है। अतः भाषण करते समय अथवा लिखते समय विषय की अनुरूपता का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। यह है अरस्तू का विषयौचित्य।

(४) अरस्तू ने 'रेटारिक' के तृतीय खण्ड के सप्तम परिच्छेद में 'औचित्य' (Propriety) का विस्तृत वर्णन किया है। वक्ता को श्रोतृ-हृदय-वशीकरण-रूप निजोद्देश्य को सिद्ध करने के लिये अपने मनोभावों का प्रभाव श्रोताओं के ऊपर डालना पड़ता है। श्रोताओं के हृदय को वशीभूत करने का मुख्य उपाय है रसानुकूल भाषा का प्रयोग[2]। अनादर-भावाभिव्यञ्जन के लिये क्रोधपूर्ण भाषा का प्रयोग करना चाहिए। क्षुद्रता की अभिव्यक्ति के लिये वक्ता को उस (क्षुद्र वस्तु) का नाम ग्रहण भी नहीं करना चाहिए। प्रशंसनीय वस्तु के वर्णन में भाषा भी तदनुरूप होनी चाहिए। हार्दिक भावों की अभिव्यक्ति भाषा के द्वारा ही होती है। अतः भाव तथा भाषा में अनुरूपता नितान्त अपेक्षित है। इन दोनों का सामञ्जस्य ही वक्ता तथा लेखकों की सफलता का रहस्य है।

लाञ्जिनस (२१३ ई०–२७३ ई०) द्वारा रचित ग्रन्थ On the Sublime पाश्चात्य आलोचनाशास्त्र का मौलिक ग्रन्थ माना जाता है। वे कविता में ही नहीं, अपितु समग्र ललित कलाओं में चमत्कृतिजनक वस्तु—'भव्यता' (Sublimity) को मानते हैं। इस भव्यता के विधान के विविध प्रकारों के विवेचन-क्रम में ही उन्होंने औचित्य का भी विचार किया है।

(१) लाञ्जिनस अलंकारों के द्वारा भी काव्य में भव्यता का उदय मानते हैं। अलंकार शब्द तथा अर्थ को सुन्दर बनाते हुए काव्य में भव्यता के प्रधान कारण होते हैं। अलंकार और भव्यता में परस्परोपकार्योपकारकभाव सा होता

---

१. देखिए—रिटॉरिक, खण्ड ३, परि० ७, पृ० २४५

२. देखिए—रिटॉरिक खण्ड ३ परि० ७, पृ० २४५

है—अलंकार भव्यता का वर्धक होता है और भव्यता से अलंकार की चमत्कृति चौगुनी हो उठती है।

किन्तु समस्त अलंकारों में यह क्षमता नहीं रहती है। जिनको सत्ता पृथक् रूप से पाठकों को भासित नहीं हो वे ही अलंकार काव्य में श्रेष्ठ समझे जा सकते हैं। अलंकारों की अलंकारत्वभावना यदि पाठक के ध्यान में नहीं आवे तो वही अलंकार सुन्दरतम प्रतीत होता है। लाञ्जिनस का यह अलंकारौचित्य बहुत कुछ आनन्दवर्धन के 'अपृथग्यत्ननिर्वर्त्यः सोऽलंकारो ध्वनौ मतः' से समानता रखता है।

(२) लाञ्जिनस ने शब्दौचित्य पर अधिक ध्यान दिया है। उचित शब्दों के चुनाव पर कविता का प्रभाव विशेषरूप से अवलम्बित रहता है। उचित पद विन्यास से काव्य अथवा भाषण में जीवनीशक्ति की वृद्धि होती है। जिस काव्य अथवा भाषण में जितनी अधिक सप्राणता होगी वह उतना ही अधिक पाठकों अथवा श्रोताओं को चमत्कृत-प्रभावित कर सकेगा। शब्दौचित्य की महिमा विलक्षण होती है। सुन्दर तथा उचित शब्द अर्थ का वास्तविक आलोक है। उचित अर्थ की अभिव्यक्ति करने की योग्यता उचित शब्द ही में रहती है। परन्तु कवि को इस विषय में सदा सावधान रहना चाहिए कि भव्य तथा माहात्म्यमण्डित शब्दों का प्रयोग भव्य विषय के वर्णन में ही किया जाय। यदि भव्य पद का प्रयोग तुच्छ—अभव्य पदार्थ के वर्णन में किया जायगा तो वह उपहासास्पद होता है।

इस प्रकार लाञ्जिनस काव्य में औचित्य के प्रबल पक्षपाती हैं। उनके विचार से शब्दौचित्य का विधान काव्य में सौन्दर्य, शक्ति, प्रभाव, महत्त्व तथा भव्यता का उत्पादक होता है तथा अन्य आवश्यक काव्यगुण का भी उदय स्वतः हो जाता है।

होरेस (५६ ई० पू०–८ ई० पू०)—लैटिन भाषा के अति लोकप्रिय कवि हैं। आलोचना के विषय में इनकी प्रसिद्ध पुस्तक है—Art Poetica–Art of Poetry—'काव्यकला'। यह अपूर्ण ग्रन्थ है। फिर भी काव्यविवेचना में यह ग्रन्थ अप्रतिम समझा जाता है। होरेस 'औचित्य' के परम पुजारी हैं। इन्होंने कवियों को लक्ष्य कर तीन उपदेश दिये हैं—(१) ग्रीक आदर्शों का अनुकरण करो, (२) पात्र के स्वरूप की रक्षा करो तथा (३) औचित्य के संरक्षण

पर सर्वाधिक ध्यान दो। औचित्य के विषय में होरेस के सिद्धान्त भरत के नाट्यशास्त्र में प्रतिपादित अनेक तथ्यों के साथ पूर्ण सादृश्य रखते हैं। होरेस नाटक अथवा काव्य के कथानक के विषय में अपना मन्तव्य प्रकट करते हुए लिखते हैं कि कविपरम्परागत अथवा नवकल्पित—दोनों प्रकार के कथानकों का ग्रहण कर सकता है, पर परम्परागत कथानक के ग्रहण करने पर उस परम्परा का विधिवत् पालन करना चाहिए और नवीन कथानक की कल्पना में इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि जो पात्र प्रथमबार जिस रूप में अङ्कित किया जाय उस पात्र के उस रूप का निर्वाह अन्त तक हो। उग्र रूप में अवतीर्ण पात्र का स्वरूप-निर्वाह अन्त तक उसकी उग्रता की रक्षा करने में ही होता है। दया का अवतार पात्र यदि दानवता का नग्न नर्तन करने लगे तो वह अपने स्वरूप से अत्यन्त च्युत हो जाता है[1]। होरेस का यह नियम भरत के 'प्रकृत्यौचित्य' के अन्तर्गत आता है।

होरेस ने अभिनय-कला के विषय में बड़ा ही मार्मिक विवेचन किया है। उनका कथन है कि अभिनय एक विशिष्ट कला है और इसमें औचित्य का आश्रय प्रधान है। दुःखद शब्दों के उच्चारण करते समय अभिनेता का चेहरा उदास होना चाहिए, डाट-डपट करते समय उसकी मुखमुद्रा क्रुद्ध की-सी होनी चाहिए, हँसी की वार्ता में चेहरा खिलता होना चाहिए और गम्भीर वार्ता के लिये मुखमंडल को गंभीरता नितान्त आवश्यक है। होरेस का यह अभिनयौचित्य है।

अभिनय रङ्गमञ्च पर वस्तु के प्रदर्शन से अथवा वस्तु के कथन से आरम्भ होता है। परन्तु कौन वस्तु रङ्गमञ्च के ऊपर अभिनययोग्य है? कौन-सी नेपथ्यगृह से सूचनीय है? इसके लिए कवि को सदा सावधान रहना चाहिए। जो घटना दर्शकों के चित्त में घृणा अथवा अश्लीलता का भाव उत्पन्न कर सकती है उसका प्रदर्शन किसी भी प्रकार से उचित नहीं माना जा सकता। मीडि़या के द्वारा अपने पुत्रों का वध क्या कभी रङ्गमञ्च के ऊपर दर्शकों के समक्ष अभिनीत किया जा सकता है? कारण स्पष्ट है—अनौचित्य। होरेस का यह नियम क्षेमेन्द्र का घटनौचित्य है। संस्कृत के आलोचकों में भरत से लेकर विश्वनाथ तक—सभी नाट्यवस्तु के दो प्रकार मानते हैं—एक 'संसूच्य' तथा

१. देखिए—होरेस : आर्ट ऑफ पोयट्री।

दूसरा 'दृश्य'। पहली की केवल अर्थोपक्षेपक के द्वारा सूचना दी जाती है, परन्तु दूसरी घटना रङ्गमञ्च के ऊपर अभिनीत होती[1] है।

इसके अतिरिक्त होरेस ने छन्दों के औचित्य की भी चर्चा की है। इस प्रकार ग्रीक आलोचकों ने औचित्य (Propriety) की कमनीयता ललित कलाओं में पर्याप्तरूप से स्वीकृत की है। सचमुच यूनानी आलोचनापद्धति (Classical Criticism) का सर्वस्व औचित्य रहा है।

महाकवि पोप ने भी औचित्य के अनेक प्रकारों को अपने आलोचना-ग्रन्थ में स्थान दिया है। पोप का ग्रंथ (Essay of Criticism) प्राचीन मान्य सिद्धान्तों का पद्यबद्ध समुच्चय है। इनमें वर्णौचित्य के ऊपर उन्होंने बड़ा जोर दिया है। उनका कथन है कि कविता में केवल उद्वेगकारी कर्णकटुता का अभाव ही पर्याप्त नहीं माना जा सकता, अपितु वर्ण्य अर्थ की प्रतिध्वनि अवश्य होनी चाहिए। मलयानिल के बहने के अवसर पर प्रयुक्त शब्दों में सुकुमारता तथा कोमलता होनी चाहिए, मन्द लहरिका का प्रवाह कोमल पदों में प्रवाहित होता है, परन्तु जब प्रचण्ड झंझावात से आन्दोलित भीषण तरङ्ग तटों पर टकराता है; तब ओजस्वी पद्य भी तुमुल प्रवाह की तरह घोर गंभीर गर्जन करता है। पोप का अभिप्राय है कि वर्णनीय वस्तु तथा तत्प्रतिपादक शब्दों में मधुर सामञ्जस्य होना चाहिए। पोप का यह काव्यतत्त्व होगा—आनन्दवर्धन का वर्णध्वनि, कुन्तक का वर्णवक्रता तथा क्षेमेन्द्र का वर्णौचित्य। एक ही तत्त्व भिन्न-भिन्न आलंकारिकों की कल्पना में भिन्न-भिन्न अभिधान से अभिव्यक्त किया गया है।

ऊपर के विश्लेषण से स्पष्ट हो चुका है कि औचित्य-तत्त्व की महत्ता जिस तरह भारतीय आलोचकों ने स्वीकार की है उसी तरह पाश्चात्य आलोचकों ने भी। अन्तर केवल यह है कि पाश्चात्य आलोचना-पद्धति में रस-सत्ता के प्रतिपादन नहीं होने से औचित्य काव्य का एक बहिरङ्ग उपादान के रूप में अङ्गीकृत

---

१. द्वेधा विभागः कर्तव्यः सर्वस्यापीह वस्तुनः।
सूच्यमेव भवेत् किञ्चिद् दृश्यश्रव्यमथापि वा॥
नीरसोऽनुचितस्तत्र संसूच्यो वस्तुविस्तरः।
दृश्यस्तु मधुरोदात्तरसभावनिरन्तरः॥
(दशरूपक १।५६; ५७)

हुआ है और भारतीय आलोचना-पद्धति में रस के साथ स्थिर सम्बन्ध होने के कारण औचित्य अन्तरङ्गतम काव्यतत्त्व माना गया है।

भारतीय आलोचना जगत् में भी इस तत्त्व का विकास क्रमशः हुआ है भरत ने केवल नाट्य में औचित्य सिद्धान्त को सूचित किया। आनन्दवधन ने उसे नाट्य और काव्य (दृश्य और श्रव्य) उभय क्षेत्रों में परिबृंहित किया। क्षेमेन्द्र ने इस तत्त्व को काव्य-मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा की। औचित्य के विषय में मौलिक कल्पना करने वाले ये ही तीन आचार्य हैं। अन्य अलकार शास्त्रीय निबन्ध-प्रणेता आचार्यों ने इस तत्त्व का उल्लेख तो प्रकट अथवा प्रच्छन्न रूप से अवश्य किया, पर इसके सम्बन्ध में कोई कोई मौलिक बात किसी ने नहीं कही। हाँ इतनी बात अवश्य कही जा सकती है कि औचित्य को व्यापक काव्य-तत्त्व प्रायः सबों ने स्वीकार किया है। भारतीय आलोचना-जगत् का एक युग ऐसा भी था जब औचित्य काव्यात्मा के रूप में उद्घोषित हुआ था। स्वतन्त्र औचित्य-संप्रदाय कायम हो चुका था, जिस पर प्रहार किया भरत तथा आनन्द-वर्धन के प्रसिद्ध व्याख्याकार अभिनवगुप्त ने। उन्होंने कहा कि औचित्य तो एक संबन्ध-विशेष ठहरा (उचितस्य भावः औचित्यम्) और जिसके साथ औचित्य का संबन्ध जोड़ना है, उसका ज्ञान बिना हुए क्या औचित्य का यथार्थ निर्वाह हो सकता है? वह प्रयोजनीय पदार्थ है—रस। रस के बिना औचित्य की सत्ता मानना मूल के अभाव में पल्लव का सींचना है। काव्य का सर्वस्व ठहरा रस और इसी रस के अनुगुण होने पर किसी भी काव्याङ्ग का औचित्य ठहरता है और उसके अनुगुण न होने पर अनौचित्य का उदय होता है।

अस्तु, औचित्य की काव्यात्मता के विषय में मतभेद भले ही हो, पर उसकी व्यापकता के विषय में दो मत नहीं हो सकते। औचित्य की व्यापकता का दिग्दर्शन कराने के लिये महामहोपाध्याय कुप्पु स्वामी शास्त्री ने अपने ग्रन्थ (High ways and Byways of Literary Criticism in Sanskrit.) के पृ० २७-३ में एक ग्राफ दिखलाया है जिसको आगे पाठकों की सुविधा के लिये उद्धृत किया जा रहा है।

औचितीमनुधावन्ति सर्वे ध्वनिरसोन्नयाः।
गुणालंकृतिरीतीनां नयाश्चानृजुवाङ्मयाः॥

साहित्यशास्त्र के सिद्धान्तों का इतिहास औचित्य से आरम्भ कर 'अलंकार' तक का विकास है। इस चित्र के बड़े वृत्त पर दृष्टिपात कीजिए। यह काव्य के अन्तरङ्ग–अर्थात् प्राणभूत तत्त्व की समीक्षा करता है। इस पूरे वृत्त की परिधि है—औचित्य, जिसे भारतीय आलंकारिकों ने व्यापकतम काव्यतत्त्व अङ्गीकृत किया है। इस वृत्त के भीतर जो बड़ा त्रिकोण है उसका शीर्षस्थान है रस और नीचे के कोण हैं ध्वनि और अनुमिति। रस का शीर्षस्थान सूचित करता है कि भारत के किसी साहित्य-सम्प्रदाय में रसतत्त्व की अवहेलना नहीं है। ध्वनि और अनुमिति मतभेद से उसके दो अभिव्यक्ति-प्रकार हैं। अनुमितिवादी भी रस का अपलाप नहीं करते, अपितु उसके बोध के लिए व्यञ्जना की आवश्यकता नहीं मानकर उसका स्थान अनुमिति को देते हैं। अनुमिति यहाँ ध्वनिविरोधी सभी मतों का प्रतीक है।

भीतरी वृत्त में काव्य के बाह्य उपकरण तथा स्वरूप का विवेचन है। वृत्त की परिधि 'वक्रोक्ति' है जो बृहत् वृत्त का स्पर्श कर रही है। वक्रोक्ति कवि के कथन का एक विशिष्ट प्रकार है। इस वृत्त के भीतर एक त्रिकोण है जिसका ऊपरी बिन्दु है—रीति, और निचले बिन्दु हैं गुण और अलंकार। रीति, गुण और अलंकार ये तीनों तत्त्व काव्य के बहिरङ्ग साधन हैं और इनका वक्रोक्ति, का आश्रित होना नितान्त आवश्यक है। इस प्रकार इस ग्राफ़ में अलंकार-शास्त्र के समस्त संप्रदायों का पारस्परिक संबन्ध व्यवस्थित रूप से दिखलाया गया है[1]।

---

१. भूमिका का यह अंश मुख्यतया आदरणीय पं० श्री बलदेव उपाध्यायजी

औचित्यविचारचर्चा

'औचित्य विचार-चर्चा' एक महत्त्वपूर्ण अलंकार-ग्रन्थ है। इसके रचयिता आचार्य क्षेमेन्द्र हैं। क्षेमेन्द्र ने यद्यपि अनेक ग्रन्थों की रचना की है, परन्तु उनका सबसे मुख्य ग्रन्थ यही है, उनकी अमर कीर्ति में 'चार चाँद' लगाने का श्रेय इसी ग्रन्थ को है। इस ग्रन्थ में औचित्य का विशद विश्लेषण अति प्रांजल भाषा में किया गया है। सर्वप्रथम मङ्गलबोधक पद्य के द्वारा औचित्य को भागवत गुण सिद्ध किया गया है जिसका विवरण भूमिका के प्रारम्भ में ही आ चुका है।

इसके बाद ग्रन्थकार ने ग्रन्थनिर्माणपरक प्रतिज्ञा-वाक्य लिखा है। तदनन्तर औचित्य तत्त्व की महिमा का गान है। इसी प्रसंग पर भरत के—

अदेशजो निवेषस्तु न शोभां जनयिष्यति।
मेखलोरसिबन्धे च हास्यायैवोपजायते॥

इस कथन के आधार पर निम्नलिखित सूक्ति की सृष्टि की गई है।

कण्ठे मेखलया नितम्बफलके तारेण हारेण वा,
पाणौ नूपुर-बन्धनेन चरणे केयूर-पाशेन वा।
शौर्येण प्रणते रिपौ करुणया नायान्तिके हास्यताम्,
औचित्येन विना रुचिं प्रतनुते नालंकृतिर्नो गुणाः॥

कण्ठ में मेखला (डड़कस) बाँधने से या नितम्ब पर लम्बे हार पहनने से अथवा हाथ में नूपुर बाँधने से या पैर में केयूर रखने से कौन व्यक्ति लोक में हँसी का पात्र नहीं बनता ? नतानन पर शूरता और शत्रु पर करुणा दिखलाने वाला व्यक्ति क्या अपने को उपहासास्पद नहीं कर लेता है ? तथ्य बात यह है कि औचित्य के बिना न तो अलंकार ही रुचिकर प्रतीत होते हैं और न गुण। भूषणतत्त्व का प्रधान आश्रय औचित्य ही है।

इसके बाद औचित्य का लक्षण किया गया है—

उचितं प्राहुराचार्याः सदृशं किल यस्य यत्।
उचितस्य च यो भावस्तदौचित्यं प्रचक्षते॥

कृत 'भारतीय साहित्यशास्त्र' के आधार पर संकलित किया गया है, अतः लेखक उनका आभारी है।

जो वस्तु जिसके अनुरूप होती है उसे हम 'उचित' कहते हैं और उचित का भाव ही 'औचित्य' कहलाता है। यद्यपि यह लक्षण उतना अनुगत नहीं है तथापि पाठकों के मानसपटल पर औचित्य की एक व्यावहारिक रूपरेखा इससे अवश्य खिंच जाती है।

इसके अनन्तर औचित्य के प्रभेद किये गए हैं, जिनकी संख्या क्रमशः पद, वाक्य, प्रबन्धार्थ, गुण, अलंकार, रस, क्रिया, कारक, लिङ्ग, वचन, विशेषण, उपसर्ग, निपात, काल, देश, कुल, व्रत, तत्त्व, सत्त्व, अभिप्राय, स्वभाव, सारसंग्रह, प्रतिभा, अवस्था, विचार, नाम, और आशीर्वाद के रूप में सत्ताईस (२७) गिनाई गई है।

ये प्रभेद उपलक्षणमात्र हैं। वस्तुतः औचित्य के अनन्त भेद हो सकते हैं। काव्य के प्रत्येक अङ्ग तथा उपांग पर इस तथ्य का व्यापक प्रभाव है। इस बात को ग्रन्थकार ने स्वयं ग्रंथ-समाप्ति के अवसर पर स्पष्ट लिखा है। "अन्येषु काव्याङ्गेपु अनयैव दिशा स्वयमौचित्यमुत्प्रेक्षणीयम्। तदुदाहरणानि आनन्त्यान्न प्रदर्शितानि अलमतिप्रङ्गेन।" यही औचित्यविचार-चर्चा की अन्तिम पङ्क्ति है।

इन गिनाए गए २७ प्रभेदों को हम पाँच वर्गों में विभक्त कर सकते हैं। पद, वाक्य और प्रबन्ध ये तीन प्रथम वर्ग में रक्खे जा सकते हैं, जो मीमांसा-दर्शन से संबद्ध विषय हैं। दूसरे वर्ग में गुण, अलंकार और रस का स्थान आता है, जो काव्यशास्त्र अथवा अलङ्कारशास्त्र की वस्तुएँ हैं। तीसरे वर्ग में क्रिया, कारक, लिंग वचन, विशेषण, उपसर्ग, निपात तथा काल का समावेश हो सकता है, जो सबके सब व्याकरणशास्त्र के पदार्थ हैं। चतुर्थ वर्ग में देश, कुल एवं व्रत आ सकते हैं, जिनका संबन्ध लोकतन्त्र से है।

पञ्चमवर्ग में आते हैं--तत्त्व, सत्त्व, अभिप्राय, स्वभाव, सारसंग्रह, प्रतिभा, अवस्था, विचार, नाम और आशीर्वाद, इनका संबन्ध वक्ता—कवि से है। इनमें आदिम चार वर्ग प्रसिद्ध काव्याङ्ग हैं, इन पर प्राचीन काव्याचार्यों के द्वारा अनेक प्रकार के विचार किए जा चुके थे, पर क्षेमेन्द्र ने इन पर भी एक नवीन दृष्टिकोण से, किन्तु पूर्वाभास के रूप में ही विचार किया है।

पंचमवर्ग आचार्य क्षेमेन्द्र की मौलिक देन है। भारतीय आलोचना-पद्धति

में आचार्य ने एक नया दृष्टिकोण उपस्थित किया है। कारण, 'कला में सौन्दर्य है अथवा नहीं' ? यह उतना आलोचना का विषय नहीं है, जितना 'कला में सौन्दर्य आता कहाँ से है' यह—अर्थात् गुण, रीति, अलंकार अथवा रस का ही समावेश काव्य में हुआ है, किंवा नहीं यही नहीं देखना है आलोचकों को, अपितु मुख्यतः यह देखना है कि इन वस्तुओं का समावेश किस ढंग से हुआ है, इन वस्तुओं के समावेशार्थ जो ढंग अपनाया गया है वह उचित है अथवा नहीं।

फलतः प्रतिपाद्य वस्तु की ओर से हटा कर अपना ध्यान आलोचकों को प्रतिपादन करने वाले कवि की ओर ले जाना चाहिए। सारांश यह कि कलागत सौन्दर्य का रहस्य कवि-हृदय में छिपा रहता है, वस्तु में नहीं। पर भारतीय आलोचकों का दृष्टिकोण वस्तुपरक ही अधिक रहा। आचार्य क्षेमेन्द्र ने उक्त पंचम वर्ग का समावेश अपनी 'चर्चा' में करके जो अन्तरीक्षा प्रस्तुत की है, वह निस्सन्देह नूतन और श्लाघ्य है। अस्तु।

ग्रन्थ का स्वरूप

पूर्वकथित प्रभेदों के क्रमशः पहले कारिका के द्वारा स्वरूप और लौकिक दृष्टान्तमूलक साहित्यिक स्तर निर्णीत किये गए हैं। फिर उदाहरण तथा प्रत्युदाहरण द्वारा उन प्रभेदों का स्पष्टीकरण किया गया है। उदाहरण तथा प्रत्युदाहरण के पद्य कुछ तो अपने अन्य ग्रन्थों से और कुछ विभिन्न कवियों के काव्यों से उद्धृत किये गए हैं।

बीच बीच में गद्य के द्वारा कारिकाओं तथा उदाहरण-प्रत्युदाहरण पद्यों की व्याख्या की गई है। सामान्यतः ग्रन्थ का यही स्वरूप है।

आलोचना में सर्वत्र ईमानदारी बरती गई है। औचित्य के उदाहरणरूप में ही नहीं, प्रत्युदाहरणरूप में भी अपने पद्यों को ग्रन्थकार ने उद्धृत किया है। तत्तत् औचित्य का स्तर निश्चित करते समय कारिकाओं के द्वारा अनूठे लौकिक दृष्टान्तों का प्रयोग किया गया है। जैसे—

तिलकं बिभ्रती सूक्तिर्भात्येकमुचितं पदम्।
चन्द्राननेव कस्तूरीकृतं श्यामेव चान्दनम्॥

तिलक के समान औचित्यपूर्ण एक पद वाली सूक्ति (काव्यवाक्य) शोभित होती है। कैसे? जैसे गौरवर्णा कामिनी कस्तूरीकृत काली बिन्दी से और श्यामाङ्गी चन्दनरचित धवल विशेषक (बिन्दी) से। कैसा मनोहर दृष्टान्त है! गौराङ्गी के भाल पर काली बिन्दी का और श्यामांगी के ललाट पर धवल बिन्दी का औचित्य और तज्जन्य शोभातिशय का अनुभव सभी सहृदयों को अवश्य होगा।

सम्पूर्ण ग्रन्थ में इसी तरह के रुचिर दृष्टान्तों का सन्निवेश किया गया है। आलोचना की मार्मिकता देखते ही बनती है। बानगी के तौर पर एक दो स्थलों का प्रदर्शन ही पर्याप्त होगा—

मग्नानि द्विषतां कुलानि समरे त्वत्खड्गधाराकुले,
नाथास्मिन्निति बन्दिवाचि बहुशो देव! श्रुतायां पुरा।
मुग्धा गुर्जरभूमिपालमहिषी प्रत्याशया पाथसः,
कान्तारे चकिता विमुञ्चति मुहुः पत्युः कृपाणे दृशौ॥

कवि किसी राजा की स्तुति में कहता है कि हे राजन्! गुर्जर देश के अधिपति, जो आपके आक्रमण से भयभीत होकर सपत्नीक वन में भटकते फिरते हैं की मुख्य रानी पहले बन्दिजनों के द्वारा बार-बार सुन चुकी थी कि युद्ध में शत्रुओं का समूह तेरी तलवार की तीक्ष्ण धारा में डूब मरा, अब वह मुग्धा रानी आज इस वनवास-काल में चकित होकर जल की आशा से बार-बार पति की तलवार पर अपनी दृष्टि डाल रही है।

इस पद्य में 'मुग्धा' यह एक पद ऐसा है जिसके चलते सम्पूर्ण पद्य सार्थक, सुसंगत अर्थ च सुन्दर हो जाता है—सहृदय-हृदयहारी सिद्ध होता है। यदि वह नहीं रहता तो सम्पूर्ण पद्य असंगतार्थक होकर सहृदयों के उद्वेग का कारण बन जाता, क्योंकि तलवार की धार में जल की आशा करना उपहासास्पद है। पर मुग्धा के लिये ऐसा करना नितान्त उचित है, पदौचित्य के उदाहरण में यह पद्य उद्धृत हुआ है। जरा पद के अनौचित्य की भी बानगी देखिए—

> लावण्यद्रविणव्ययो न गणितः क्लेशो महान् स्वीकृतः
> स्वच्छन्दस्य सुखं जनस्य वसतश्चिन्ता ज्वरो निर्मितः।
> एषापि स्वयमेव तुल्यरमणाभावाद् वराकी हता
> कोऽर्थश्चेतसि वेधसा विनिहतस्तन्व्यास्तनुं तन्वता॥

विधाता ने एक सुन्दरी की सृष्टि की। उसकी सृष्टि करने में सौन्दर्यरूप धन का व्यय तो करना ही पड़ा साथ-साथ कष्ट भी विधाता को कम नहीं हुआ। पर फल क्या हुआ? कुछ नहीं। स्वच्छन्द तथा सुखपूर्वक संसार में बसने वाले युवकजन के हृदय में चिन्ताज्वर उत्पन्न हो गया—अर्थात् इस सुन्दरी की प्राप्त्याशा में सब चिन्तित रहने लगे। और वह बेचारी—जिसकी सृष्टि विधाता ने महान् व्यय तथा श्रम स्वीकार करके की—भी अपने अनुरूप पति के नहीं मिलने से बेमौत मारी गई। ऐसी स्थिति में इस तन्वी के तनु की सृष्टि करते हुए विधाता ने अपने मन में कौन-सा प्रयोजन रक्खा था? पता नहीं।

श्लोक के शब्द तथा अर्थ—दोनों ही सुन्दर हैं, पर इस पद्य में एक पद ऐसा अनुचित कह दिया गया है जिसके चलते 'सब गुड़ गोबर' हो जाता है। और वह अनुचित पद है 'तन्वी'। यह पद दुर्बलता का द्योतक है, अतः इसका प्रयोग किसी विरहिणी के प्रसङ्ग में उचित हो सकता है। यहाँ तो विरह का कोई प्रसङ्ग है नहीं। यहाँ तो सौन्दर्य 'सुन्दरी' आदि पद का प्रयोग उचित

होता। कितनी सूक्ष्म तथा मार्मिक आलोचना है। सर्वत्र इसी तरह की मार्मिक आलोचना प्राप्त होती है। यहाँ सब का उल्लेख संभव नहीं, और अवतारणा का कलेवर विपुल हो जाने का भी भय है। अतः पाठकों को उन मार्मिक आलोचनाओं से आनन्द का अनुभव करने के लिये ग्रन्थ का अध्ययन करना चाहिए। इस ग्रन्थ में कारिकाओं की संख्या उनचालिस है और उदाहरण-प्रत्युदाहरण के रूप में एक सौ पाँच श्लोक तैंतिस विभिन्न ग्रन्थों से उद्धृत किये गये हैं। इनमें क्षेमेन्द्र के ग्यारह काव्यग्रन्थों के पैंतिस श्लोक हैं जो कि औचित्य तथा अनौचित्य दोनों के उदाहरण में आए हैं। एक श्लोक प्रस्तुत ग्रन्थ की दृष्टि से ही लिखा गया है। इस तरह छत्तिस श्लोक इनके अपने हुए।

इसके अतिरिक्त राजशेखर के दश, कालिदास के विभिन्न चार ग्रन्थों से आठ, भवभूति के एक ग्रन्थ से तीन, श्रीहर्ष के पाँच, बाणभट्ट के दो ग्रन्थों से तीन, व्यास का एक, चन्द्रक के चार, वराहमिहिर का एक, परिमल के चार, अमरुक के दो, माघ का एक, दीपक के तीन, धर्मकीर्ति का एक, नारायणभट्ट के दो, मालवरुद्र के दो, कर्पटिक का एक, श्यामलक का एक, प्रवरसेन के दो, राजपुत्र मुक्तापीड का एक, गौड़ कुम्भकार का एक प्रभाकरभट्ट का एक, उत्पलराज का एक, महेन्दुराज के दो, मातृगुप्त का एक, भट्ट लट्टन का एक, कुमारदास का एक, श्रीचन्द्र का एक, मालवकुवलय का एक, भट्ट भल्लट का एक, परिव्राजक का एक, उपाध्याय गङ्गक का एक और यशोवर्मदेव का एक श्लोक उदाहरण-प्रत्युदाहरण के रूप में उद्धृत हुए हैं। इस तरह इस ग्रन्थ के अध्ययन से बहुतेरे ऐसे कवियों का पता हमें मिलता है जिनकी कृतियों से विद्वन्मण्डली अपरिचित है।

महाकवि क्षेमेन्द्र

प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रणेता महाकवि क्षेमेन्द्र, संस्कृत भाषा के महाकवियों में भी अलौकिक प्रतिभाशाली महाकवि थे जिनकी प्रतिभा ने साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपना चमत्कार दिखलाया। सरस्वती के ये वरदपुत्र शारदा देश अर्थात् काश्मीर के निवासी थे, परन्तु जब ये उत्पन्न हुए थे तब काश्मीर का वातावरण कविता जैसी कोमल कला के अनुशीलन के लिये नितान्त अनुपयुक्त था। काश्मीर के इतिहास में वह युग असन्तोष, षड्यन्त्र, नैराश्य तथा रक्तपात का काल था। तत्कालीन राजा अनन्त स्वयं मानसिक दुर्बलता का तथा

बौद्धिक शिथिलता का पात्र था। तभी तो उसने १०६३ ई० में अपने ज्येष्ठ पुत्र कलश को राज्य देकर भी थोड़े ही वर्षों के अनन्तर पुनः उसे ग्रहण कर लिया। इसके अनन्तर वह १०७७ ई० में राज्य-कार्य से वस्तुतः विरत हुआ और कुछ ही वर्षों के बाद, १०८१ ई० में, उसने आत्महत्या कर ली, और उसकी विदुषी महारानी सूर्यवती भी अपने पति की चिता पर सती बन गई।

इन्हीं पिता-पुत्र अनन्त (१०२८ ई०---१०६३ ई०) तथा कलश (१०६३ ई०---१०८९ ई०) के राज्यकाल, में क्षेमेन्द्र की जीवन-लीला व्यतीत हुई।

इनके पूर्वपुरुष राजा के अमात्य-पद पर प्रतिष्ठित थे। क्षेमेन्द्र अपने युग के अशान्त वातावरण से इतने असन्तुष्ट तथा मर्माहत थे कि उसे सुधारने में तथा पवित्र और विशुद्ध बनाने के लिए और दुष्टता के स्थान पर शिष्टता की और स्वार्थ के स्थान पर परार्थ की भावना को दृढ़ करने के लिये, अपनी द्रुतगामिनी लेखनी को काव्य के नाना अङ्गों की रचना में लगाया। इसी का रुचिर परिणाम है---क्षेमेन्द्र का विशाल-साहित्य '

महर्षि वेदव्यास के आदर्श पर रचना करने वाले ये महाकवि नाम्ना ही नहीं प्रत्युत यथार्थतः 'व्यासदास' थे।

इनकी प्रतिभा बहुमुखी थी। इनकी लेखनी से जिस तरह अलंकारशास्त्र के उत्तमोत्तम अनेक ग्रन्थ उत्पन्न हुए उसी तरह अनेक महाकाव्य और खण्डकाव्य सम्पन्न हुए। इनके ग्रन्थों में सभी रसों के अनूठे पद्य प्राप्त होते हैं। इनकी नीतिमय कविताओं का साम्राज्य देखते ही बनता है। हास्यरस के तो संस्कृत साहित्य में एकमात्र प्रतिनिधि कवि क्षेमेन्द्र हैं। इन्होंने एक नवीन प्रकार के आख्यानों का निर्माण किया है, जिसमें हास्य के व्याज से शोभन उपदेश प्रदान किया गया है। 'देशोपदेश' तथा 'नर्ममाला' ऐसी कथाओं से परिपूर्ण हैं। क्षेमेन्द्र का उदात्त उद्देश्य है---तत्कालीन राजनैतिक बुराइयों, सामाजिक दोषों और कमजोरियों को दिखलाकर उनका निराकरण करना। कवि का कथन है कि हास्य के द्वारा प्रदर्शित युक्ति श्रोताओं के हृदय पर गहरी चोट करती है, श्रोताओं के मर्मस्थान को विद्धकर उन्हें दोषयुक्त होने की प्रेरणा देती है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये 'देशोपदेश' में गौड़ छात्र पर तथा 'नर्ममाला' में राज्य के अधिकारियों, जैसे कायस्थ, नियोगी, चाक्रिक आदि पर बड़ी मोठी चुटकियाँ ली गई हैं।

जनता के चरित्र के सुधार तथा मनोरञ्जन की भावना से प्रेरित होकर ही क्षेमेन्द्र ने रामायण तथा महाभारत की प्रख्यात कथाओं का संक्षिप्त वर्णन रामायणमञ्जरी तथा भारतमञ्जरी (रचनाकाल १०३७ ई०) के नाम से प्रस्तुत किया।

इसके बाद क्षेमेन्द्र ने शालिवाहन (हाल) के सभाकवि गुणाढ्य द्वारा पैशाची भाषा में रचित बृहत्कथा (इसका मूलरूप आज अप्राप्त है) का सरस पद्यानुवाद प्रस्तुत कर प्राचीन कहानियों का खजाना पाठकों के लिये खोल दिया।

क्षेमेन्द्र की दूसरी विशाल कथात्मक कृति है 'बोधिसत्त्वावदान-कल्पलता', जिसमें भगवान् बुद्ध के प्राचीन जन्मों से संबद्ध पारमितासूचक आख्यानों का पद्यबद्ध वर्णन है। 'अवदान' का अर्थ है--शुभ्रचरित्र।

क्षेमेन्द्र रचित 'सुवृत्ततिलक' छन्दःशास्त्र का अमूल्य ग्रन्थ है। इस तरह वस्तुतः क्षेमेन्द्र अपने युग के महान् लेखक थे इसमें किसी को विप्रतिपत्ति नहीं हो सकती।

क्षेमेन्द्र वैष्णवधर्मावलम्बी थे, पर आज-कल के कतिपय वैष्णवों के समान दुराग्रही नहीं थे। इनकी धार्मिक भावना अत्यन्त उदार थी। ये ब्राह्मणजातीय थे यह बात उनके पूर्वजों के राजामात्य होने से भी सिद्ध होती है, क्योंकि अमात्यपद पर प्राचीनकाल में ब्राह्मणों की ही नियुक्ति होती थी।

क्षेमेन्द्र के ग्रन्थ

१. अमृततरङ्गकाव्यम्, २. अवसरसारः, ३. कनकजानकी, ४. औचित्य-विचारचर्चा, ५. कविविलासः, ६. कविकण्ठाभरणम्, ७. चतुर्वर्गसंग्रहः ८. चारुचर्या, ९. चित्रभारतनाटकम्, १०. दर्पदलनम्, ११. दशावतार-चरितम्, १२. देशोपदेशः, १३. नीतिकल्पतरुः, १४. नीतिलता, १५. पद्य-कादम्बरी, १६. पवनपञ्चाशिका, १७. बृहत्कथामञ्जरी, १८. बोधिसत्त्वावदान-कल्पलता, १९. भारतमञ्जरी, २०. मुक्तावली, २१. मुनिमतमीमांसा,

२२. कविकर्णिका, २३. रामायणमञ्जरी, २४. ललितरत्नमाला, २५. लावण्यवती; २६. वात्स्यायनसूत्रसारः, २७. विनयवल्ली, २८. व्यासाष्टकम्, २९. शशिवंश-महाकाव्यम्, ३०. समयमातृका, ३१. सुवृत्ततिलकम् तथा ३२. सेव्य-सेवकोपदेशः ।

इन ग्रन्थों में अधिकतर उपलब्ध हैं पर कतिपय ग्रन्थ ऐसे भी हैं जिनकी उपलब्धि अब तक नहीं हो सकी है ।

प्रस्तुत व्याख्या

प्रस्तुत ग्रन्थ पर संस्कृत-हिन्दी व्याख्या लिखने की प्रवृत्ति मेरे अनुज के मन में उदित हुई और मुझ से उत्साहित होकर उन्होंने लिखना आरम्भ कर दिया । कतिपय शब्दों (लटभा आदि) का अर्थ-निर्णय करने में उन्हें बड़ी परेशानी उठानी पड़ी । अन्त में बड़े परिश्रम से उन्होंने संस्कृत तथा हिन्दी टीका को तैयार कर मेरे समक्ष उपस्थित किया । मैंने दोनों ही टीकाओं के कतिपय अंशों को पढ़ा । व्याख्याकार्य में प्रथम प्रवृत्ति के कारण व्याख्याकार की शैली उतनी परिमार्जित नहीं है फिर भी इन व्याख्याओं के आधार पर पाठक ग्रन्थ के गूढातिगूढ अभिप्राय को भी अनायास समझने में समर्थ होंगे—ऐसा मुझे विश्वास है ।

कहीं-कहीं व्याख्याकार ने ग्रन्थकार के विचारों से अपनी असहमति व्यक्त की है और मुझे भी उन स्थलों पर व्याख्याकार के विचार अच्छे प्रतीत हुये हैं । मैं व्याख्याकार के प्रति अपनी शुभकामना प्रकट करता हूँ ।

दीपावली
सं० २०२१

विदुषां विधेयः
पं० श्री मदनमोहन झा
अध्यापक, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, भागलपुर

औचित्यविचारचर्चायाः

मूलस्थकारिकानुक्रमणिका

———

मूलस्थोदाहरणश्लोकानुक्रमणिका

औचित्यविचारचर्चा

॥ श्रीः ॥

औचित्यविचारचर्चा

संस्कृत-हिन्दीव्याख्याद्वयोपेता

—: ० :—

कृतारिवञ्चने दृष्टिर्येनाञ्जनमलीमसा ।
अच्युताय नमस्तस्मै परमौचित्यकारिणे ॥ १ ॥

वन्दे गुरुचरणाब्ज-द्वन्द्वं प्रत्यक्षदेवरूपन्तम् ।
यान्ति महत्त्वं लोका यद्रजोलवलाभतोऽप्यत्र ॥
श्रीक्षेमेन्द्रकृतायाः सम्यगौचित्यविचारचर्चायाः ।
संस्कृत-हिन्दी-सहितां कुर्वे व्याख्यां प्रभेत्याख्याम् ॥

प्रारिप्सितग्रन्थप्रतिबन्धकीभूतविघ्नविनाशार्थं शिष्यशिक्षार्थञ्च महामतिः क्षेमेन्द्रः स्वेष्टदेवतानमस्कारात्मकं मङ्गलमातनोति—**कृतारिवञ्चने** इति । येन विष्णुना, अरिवञ्चने शत्रुप्रतारणे, विषयसप्तमीयम् । समुद्रमन्थनोपलब्धामृतवितरणकाले इति भावः । दृष्टिर्नेत्रयुगलम्, अञ्जनमलीमसा कज्जलमलिना, कृता सम्पादिता, परमौचित्यकारिणे निरतिशयौचित्यसम्पादकाय शत्रुवञ्चनोचितनारीवेषधारकायेति भावः । तस्मै प्रसिद्धाय अच्युताय, कदाचिदपि औचित्यच्युतिरहिताय विष्णवे नमः इति सरलोऽर्थः । एतेनौचित्यविचारात्मकवस्तुनिर्देशोऽपि ध्वनितः ।

ग्रंथ-समाप्ति में विघ्न-प्रतिबन्धक और मंगल विघ्नविनाशक होता है, ऐसी प्राचीन विद्वानों की मान्यता रहती आयी है । अतः वैष्णव मनीषी श्री क्षेमेन्द्र भगवान् विष्णु को नमस्कार करने के व्याज से प्रस्तुत ग्रंथ-प्रतिपाद्य औचित्य का भागवत-गुणसंपन्न होना सिद्ध कर रहे हैं—कृतारि इति । जिन्होंने (समुद्रमंथन से प्राप्त अमृतवितरण के समय) असुरों को ठगने के लिये मोहिनीरूप धारण कर अपने नेत्रों को कज्जल से मलिन कर लिया अर्थात् पुंस्त्व का त्याग भी अंगीकृत किया, औचित्य को समादृत करनेवाले तथा कभी भी उससे च्युत नहीं होने वाले उन परब्रह्म परमात्मा भगवान् विष्णु को नमस्कार है ॥ १ ॥

कृत्वापि काव्यालङ्कारां क्षेमेन्द्रः कविकर्णिकाम् ।
तत्कलङ्कं विवेकञ्च विधाय विबुधप्रियम् ॥ २ ॥
औचित्यस्य चमत्कारकारिणश्चारुचर्वणे ।
रसजीवितभूतस्य विचारं कुरुतेऽधुना ॥ ३ ॥ (युग्मकम्)

विवेच्यवस्तु निर्दिशति—कृत्वापीति । क्षेमेन्द्रो ग्रन्थकर्ता, काव्यालङ्काराम् काव्यस्य काव्याङ्गभूतेति यावत्, अलङ्कारा उपमारूपकादयो यस्याम् इति व्यधिकरणपदो बहुव्रीहिः, अन्यथाऽलङ्कारशब्दस्य नित्यपुंल्लिङ्गतया स्त्रीलिङ्गत्वमसङ्गतं स्यात्, काव्यगतालङ्कारप्रतिपादिकामिति भावः, कविकर्णिकाम् तन्नामकग्रन्थविशेषम्, कृत्वापि सम्पाद्यापि, अपिना तत्करणेऽपि स्वपरितोषाभावः सूच्यते, च पुनः तत्कलङ्कम् काव्यकलङ्कम्, तन्नामकं काव्यदोषनिरूपणपरं निबन्धविशेषमिति यावत् । अथवा तत्कलङ्कम् तस्याः कविकर्णिकायाः, कलङ्कम् दोषम्, प्रमार्ष्टुमिति शेषः, धातूनामनेकार्थत्वादुद्भाव्येत्यर्थक-विधायेतिल्यबन्तक्रियापदवाच्यान्वय्यर्थकम् कर्मपदं वैतत्, विवेकम् काव्यविवेकं तन्नामककाव्यलक्षणादिनिरूपकग्रन्थविशेषम् अथवा विवेकम् वस्तुतत्त्वविचारं, विधाय कृत्वा, द्वितीयकल्पतयोहितेनार्थेन "कविकर्णिकाकरणकालं यावत्, अलङ्कारतत्त्वमेव काव्ये सर्वप्रधानं मन्यमानोऽहमासम्, परन्तु पश्चात्तत्र निजमान्यतायां दोषो मया दृष्टः, अलङ्कारतत्त्वसूक्ष्मपरिशीलनेन च औचित्यतत्त्वं सर्वतः प्रधानं मम ध्यानपथे समायातमिति रहस्यं ध्वनितमवगन्तव्यम् । अधुना इदानीम्, तद्विधानानन्तरमिति यावद्, चमत्कारकारिणः विच्छित्तिविशेषप्रयोजकस्य, चारुचर्वणे रमणीयास्वादे, सुन्दरास्वाददशायामिति यावत्, रसजीवितभूतस्य रसेऽपि सारभूतस्य तदन्तरा रसनीयताविरहेण रसत्वस्यैवासम्भवात् । एतेन रसादेः प्रधानत्वप्रवादोऽलङ्कारादितत्त्वान्तरापेक्षिकः, सर्वतः प्रधानत्वन्तु औचित्यतत्त्वस्यैवेत्यर्थो ध्वनितः, औचित्यस्य वक्ष्यमाणलक्षणस्य काव्यात्मतत्त्वभूतस्य, विबुधप्रियं विशिष्टविद्वज्जनश्लाघ्यम्, एतेन साधारणपण्डितम्मन्यजनप्रियत्वाभावेऽपि नैतस्य विचारस्य किञ्चिच्छिन्नं भवतीति व्यज्यते, विचारम् आलोचनम्, कुरुते विधत्ते इत्यर्थः । यशोलाभरूपस्य क्रियाफलस्य कर्तृगामित्वेनात्मनेपदं बोध्यम् ॥ २-३ ॥

आचार्य क्षेमेन्द्र ने पहले कविकर्णिका नामक एक ग्रन्थ बनाया जिसमें

अलंकारों का निरूपण किया, अतएव कविकर्णिका का विशेषण काव्यालङ्काराम् कहा। इस विशेषणबोधक पद में काव्य के अलङ्कार—उपमा-रूपक आदि हैं जिसमें, इस तरह से बहुव्रीहि समास समझना चाहिए। अन्यथा काव्य को अलंकृत करने वाली—इस अर्थ में "काव्यालङ्काराम्" ऐसा स्त्रीलिंग शब्द नहीं संगत होगा। कारण अलंकार शब्द नित्य पुंल्लिङ्ग है। इसके बाद "काव्य-कलंक अथवा कविकलंक" नाम का दूसरा निबन्ध भी उन्होंने लिखा, जिसमें काव्यदोषों का विवेचन किया गया। फिर तीसरा ग्रंथ "काव्यविवेक" नाम का रचा, जिसमें काव्यलक्षण, काव्यभेद आदि का वर्णन किया गया। तदुत्तर आज इस "औचित्यविचारचर्चा" नामक पुस्तक का प्रणयन कर रहे हैं, ऐसा ग्रंथकार का कथन है। यह पुस्तक उस औचित्य तत्त्व का विद्वन्मनोग्राही विचार है जो काव्य में चमत्कार को उत्पन्न करता है और जो रमणीय आस्वादावस्था में जाकर रस का भी जीवातुभूत सिद्ध होता है अर्थात् रस में भी रसनीयता लाने का श्रेय जिसे प्राप्त है। तात्पर्य यह कि औचित्य के बिना आस्वाद्यता के अभाव में रस रस कहलाने योग्य हो ही नहीं सकता।

यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य यह है कि "औचित्यविचारचर्चा" के अतिरिक्त जिन तीन ग्रन्थों का निर्देश ऊपर किया गया है वे आज प्राप्त नहीं होते। इतिहासलेखकों ने भी केवल "कविकर्णिका" का ही उल्लेख किया है, "काव्यकलंक" और "काव्यविवेक" का नहीं। पर मुझे मूल पंक्ति का स्वाभाविक स्वारस्य ऐसा ही प्रतीत होता है जिसके अनुसार "तत्कलङ्कं विवेकञ्च" को भी ग्रंथनिर्देशपरक ही समझना संगत है। यदि क्षेमेन्द्र द्वारा "काव्यकलंक" और "काव्यविवेक" की रचना वाली बात नहीं ही मानी जाय तब उक्त पंक्ति की व्याख्या किसी तरह यों की जा सकती है—क्षेमेन्द्र ने पहले कविकर्णिका लिखी, फिर उसके कलंक-दोष (त्रुटियों) का मार्जन करने के लिये विवेक-समुचित विचार-करके औचित्य का विचार किया। तात्पर्य यह कि अलंकार तत्त्व का गंभीर मनन करते-करते उन्हें उस तत्त्व में त्रुटि दीख पड़ने लगी—फिर चिर-चिंतन से उन्हें औचित्य तत्त्व का उद्भास हुआ और उन्होंने झट से "औचित्य-विचारचर्चा" रच डाला जिससे "कविकर्णिका" में जो कुछ त्रुटि रह गयी थी उसका मार्जन हो गया ॥ २–३ ॥

काव्यस्यालमलङ्कारैः किं मिथ्यागणितैर्गुणैः ।
यस्य जीवितमौचित्यं विचिन्त्यापि न दृश्यते ॥ ४ ॥

यस्य काव्यस्य, जीवितं जीवनाधायकम्, औचित्यम् अनुरूपविधानरूपं, विचिन्त्यापि विचार्य्यापि, न दृश्यते न अवलोक्यते, तस्य काव्यस्य, अलङ्कारैरुपमारूपकादिभिः, अलम् असति प्राणे भूषणमिव व्यर्थमिति भावः, मिथ्यागणितैर्मृषाख्यातैर्गुणैरोजःप्रसादादिभिः किम्? न किमपीत्यर्थः। यत्र काव्ये रसजीवातुभूतौचित्यमेव नास्ति तत्र गुणालङ्कारादिचिन्तनक्लेशो मुधैवेति भावः ॥ ४ ॥

जिस काव्य में तदात्मतत्त्व अचित्य का कुछ भी लेश न हो वहाँ अलंकार तथा गुण का चिंतन सर्वथा निरर्थक है ॥ ४ ॥

अलङ्कारास्त्वलङ्कारा गुणा एव गुणाः सदा।
औचित्यं रस-सिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम् ॥ ५ ॥

अलङ्कारा अनुप्रासोपमादयः, अलङ्कारा एव बाह्यशोभाकराणि भूषणान्येव, एतेषामलङ्कार्य्यत्वाभाव इति बोध्यम्। गुणा ये च प्रसादमाधुर्यादयस्तेऽपि श्रुतसत्यशीलादिवद् गुणा एव, रससिद्धस्य शृङ्गारादिना प्रसिद्धस्य, काव्यस्य कविकृतेः, स्थिरमविनश्वरं, जीवितं जीवनम्, औचित्यं वक्ष्यमाणलक्षणं, सदृशविधानरूपम् उचितस्य भाव एव ॥ ५ ॥

बाह्य उपकरण होने के कारण अलंकार अलंकार ही हैं और अंतरंग होने पर भी गुण गुण ही हैं अर्थात् काव्य के जीवनाधायक नहीं हो सकते। हाँ, रस में ऐसी क्षमता है, परन्तु औचित्य से रहित होने पर वह भी कथमपि आनन्दसंदोहजनक नहीं हो सकते, इसलिये शृंगारादि रसों से प्रसिद्ध काव्य का जीवन औचित्य ही है ॥ ५ ॥

परस्परोपकारकरुचिरशब्दार्थरूपस्य काव्यस्योपमोत्प्रेक्षादयो ये प्रचुरालङ्कारास्ते कटककुण्डलकेयूरहारादिवदलङ्कारा एव, बाह्यशोभाहेतुत्वात्। येऽपि काव्यगुणाः केचन तल्लक्षणविचक्षणैः समाम्नातास्तेऽपि श्रुतसत्यशीलादिवद् गुणा एव, आहार्यत्वात्। औचित्यं त्वग्रे वक्ष्यमाणलक्षणं स्थिरमविनश्वरं जीवितं काव्यस्य, तेन विनास्य गुणालङ्कारयुक्तस्यापि निर्जीवत्वात्। रसेन शृङ्गारादिना सिद्धस्य प्रसिद्धस्य काव्यस्य धातुवादरससिद्धस्येव तज्जीवितं स्थिरमित्यर्थः।

उक्तार्थमेव विवृणोति—परस्परेति। परस्परोपकारकरुचिरशब्दार्थरूपस्य अन्योन्यशोभाजनकसुभगशब्दार्थसमूहस्य काव्यस्य, उपमोत्प्रेक्षादयो ये प्रचुरालङ्कारास्तन्नामकप्रभूतालङ्कारविशेषास्ते कटककुण्डलकेयूर

हारादिवल्लोकप्रसिद्धविविधभूषणवत्, अलंकारा एव भूषणान्येव, बाह्य-शोभाकरत्वात् शब्दार्थरूपशरीरशोभातिशायितया अलंकारकत्वेनालंकार्यत्वाभावादित्यर्थः। येऽपि काव्यगुणाः ओजःप्रसादमाधुर्यादयः, केचन कतिपये, आन्तरिकधर्मा गुणास्तल्लक्षणविचक्षणैर्गुणलक्षणाविष्कारकैर्विद्वद्भिः, समाम्नाता आख्यातास्तेऽपि श्रुतसत्यशीलादिवद् गुणा एव, अर्थात् गुणगुणिनोर्भेदस्य सर्वावदातत्वेन तेषामप्यात्मस्थानीयत्वाभाव इत्यर्थः। तत्र हेतुमाह—आहार्यत्वात् = आरोपविषयत्वात्–इति भावः। औचित्यन्तु वक्ष्यमाणलक्षणमनुरूपविधानरूपं, काव्यस्य स्थिरमविनश्वरं जीवितं जीवनम्। तेन औचित्येन विना अस्य काव्यस्य गुणालङ्कारयुक्तस्यापि निर्जीवत्वात् काव्योद्देश्यीभूतविच्छित्तिविशेषसम्पादकत्वाभावात्। धातुपदव्यवहार्यैः रसैः सिद्धस्य प्रसिद्धस्य रूपवत्तयाख्यातस्येति यावत्। शरीरस्य नश्वरत्वेऽपि तदितर आत्मा यथा स्थिरस्तथैव रसेन शृङ्गारादिना प्रसिद्धस्य काव्यस्य औचित्यमेव निश्चितं जीवनमिति सारांशः।

जिस तरह यथास्थान विन्यस्त कटक, कुंडल, केयूर, हार आदि लौकिक आभूषण शरीर की शोभा को बढ़ाते हुए परंपरया आत्मा में भी विशेष गुणाधान करते रहते हैं उसी तरह उपमा, उत्प्रेक्षा आदि शास्त्रीय अलंकार रसादि का उपकारक होते हुये भी काव्य के अलंकार (भूषण) ही हो सकते हैं, आत्मा (अलंकार्य) नहीं। कारण, अलंकार बाह्य धर्म हैं और आत्मा आन्तर पदार्थ है। इसी तरह ओजः, प्रसाद आदि गुण आत्मधर्मिक होने पर भी गुण ही हैं गुणी अर्थात् काव्यात्मा नहीं, क्योंकि ये गुण भी आहार्य हैं—पीछे आरोपित होते हैं—अर्थात् उनको छोड़कर भी अपनी सत्ता कायम रख सकते हैं फिर उन्हें आत्मा कैसे कहा जा सकता है। कारण, आत्मा तो वह पदार्थ है जिसके बिना सत्ता ही नहीं रह सके। अतः जैसे धातु शब्द से व्यवहृत रसों से प्राणी का शरीर नश्वर होकर भी संसार में प्रसिद्धि तो पाता है, पर आत्मा उससे भिन्न अविनश्वर पदार्थ ही माना जाता है, वैसे ही काव्य रस से जगत् में प्रसिद्धि लाभ करता है, आत्मा तो उसका स्थिरतत्त्व औचित्य ही है। तात्पर्य यह है कि जैसे प्राणि-शरीर में पंच महाभूत सबसे स्थूल और धातु उससे सूक्ष्म हैं, पर आत्मा उससे भी सूक्ष्म तत्त्व है। उसी तरह काव्य में शब्द, अर्थ और उसके धर्म अलंकार सबसे स्थूल तत्त्व हैं, रस तथा रसधर्म गुण उनसे सूक्ष्म तत्त्व अवश्य हैं, पर आत्मा का स्थान उनसे भी सूक्ष्म तत्त्व औचित्य को ही दिया जा सकता है।

उक्तार्थस्यैव विशेषमाह—

उचितस्थानविन्यासादलङ्कृतिरलङ्कृतिः।
औचित्यादच्युता नित्यं भवन्त्येव गुणा गुणाः ॥ ६ ॥

मूलार्थमेव विवृण्वन्नाह—उचितेति। अलङ्कृतिर्लौकिकालङ्कारोऽपि, उचितस्थानविन्यासात् यथोचितस्थाने साधुन्यासादेव, अलङ्कृतिरलङ्कारपदवाच्यो भवितुमर्हति। एवमेव औचित्यादच्युता अपरिभ्रष्टा एव गुणा गुणा भवन्ति, गुणतामासादयन्ति ॥

मूल अर्थ पर ही विशेष प्रकाश डालने के अभिप्राय से कहा जा रहा है—उचितेति। अलंकार तथा गुण तभी अलंकार एवम् गुण कहलाने की क्षमता रखते हैं जब वे औचित्य की सीमा से बाहर नहीं जाते, अर्थात् उचित स्थान में विन्यस्त अलंकार ही अलंकार और उचित स्थान में प्रदर्शित गुण ही गुण कहला सकते हैं अन्यथा नहीं ॥ ६ ॥

अलङ्कृतिरुचितस्थानविन्यासादलङ्कर्तुं क्षमा भवति, अन्यथा त्वलङ्कृतिव्यपदेशमेव न लभते। तद्वदौचित्यादपरिच्युता गुणा गुणतामासादयन्ति अन्यथा पुनरगुणा एव।

यदाह—

कण्ठे मेखलया नितम्बफलके तारेण हारेण वा,
पाणौ नूपुरबन्धनेन चरणे केयूरपाशेन वा।
शौर्येण प्रणते रिपौ करुणया नायान्ति के हास्यता-
मौचित्येन विना रुचिं प्रतनुते नालङ्कृतिर्नो गुणाः ॥ ६ ॥

पूर्वोक्तार्थमेवोदाहरणादिना स्पष्टयति—अलङ्कृतिरिति। अलङ्कृतिः भूषणसमूहः, उचितस्थानविन्यासादेव, अलङ्कर्तुं भूषयितुं, क्षमा समर्था भवति। अन्यथा उचितस्थानविन्यासाभावे, अलङ्कृतिव्यपदेशमेव अलङ्कारपदवाच्यत्वमेव, न लभते = न प्राप्नोति। स्थूलव्यत्ययेनालङ्कृतीनां शोभाविशेषजनकत्वापेक्षया भद्रभावनाराहित्यस्यैव द्योतनत्वमुपपद्येतेति भावः। तद्वदौचित्यादपरिच्युताः तथैव औचित्यादहीना एव गुणा गुणतामासादयन्ति गुणपदवाच्या भवन्ति, अन्यथा औचित्यराहित्ये पुनरगुणा एव। कापुरुषादीनां शौर्यादिवर्णनेऽनन्विततया रसादिपोषणापेक्षया तद्व्याघातस्यैव सम्भावनेति बोध्यम्।

गुणालङ्कारयोरनौचित्येन गुणालङ्कारतेति दर्शनाय उदाहरणमुपस्थापयति—यदाहेति । कण्ठे इति । कण्ठे गले, मेखलया काञ्च्या, हारस्थाने मेखलाधारणेनेति भावः, वा अथवा, नितम्बफलके कटिप्रदेशे, तारेण निर्मलेन, हारेण मौक्तिकेन, मेखलास्थाने हारधारणेनेत्यर्थः, पाणौ करे, नूपुरबन्धनेन, प्रणते शरणागते, शौर्येण वीरताप्रदर्शनेन, रिपौ शत्रौ, करुणया दयाप्रदर्शनेन, के मनुष्याः, हास्यताम् उपहासयोग्यतां, न आयान्ति = न प्राप्नुवन्ति ? सर्वेऽपि प्राप्नुवन्त्येवेति भावः । औचित्येन विना अलङ्कृतिर्गुणा वा रुचिं शोभां न प्रतनुते न विस्तारयति । गुणपक्षे प्रतन्वते इति वचनविपरिणामेनान्वयः ॥ ६ ॥

पूर्वोक्त अर्थ को ही उदाहरण के द्वारा स्पष्ट करने के लिये कहा जा रहा है अलङ्कृतिरिति । औचित्यरक्षण की मर्यादा ही अलंकार तथा गुणों को अलंकार एवं गुण की संज्ञा देती है । उसके बिना न अलंकार अलंकार (भूषण) हो सकता है और न गुण गुण ही । जैसे कर्णफूल (जो कि एक सुन्दर कर्णाभरण है) को कान के बदले नाक में पहन लेने पर वह नायिका के सौन्दर्य का पोषण न कर शोषण ही करता है । अथवा शौर्य (जो कि एक विलक्षण गुण है) का वर्णन किसी वीर के प्रसंग में न करके किसी कायर के प्रसंग में किया जाय तो वहाँ रसादि पुष्ट न होकर दुष्ट ही हो जाता है । फिर वे अलंकार और गुण कहलाने का दावा कैसे कर सकते हैं ? अर्थात् औचित्य ही वह तत्त्व है जो कि अलंकार को अलंकार और वण को गुण कहलाने का अवसर प्रदान करता है ।

औचित्य-सुरक्षा के अभाव में अलंकार और गुण किस तरह अपनी महत्ता खो देते हैं, इसी को दिखाने के लिये कहा जा रहा है—कण्ठे इति । यदि कोई कामिनी, कंठ में कांची, कमर में हार, हाथ में पायजेब और पैर में केयूर पहनले तो उसकी मूर्खता पर कौन उसकी हंसी नहीं उड़ायगा ? इसी तरह यदि कोई पुरुष शरणागत पर वीरता का और शत्रु पर दया का भाव दिखाये तो वह भी अवश्य उपहास का पात्र समझा जायगा । सत्य बात तो यह है कि औचित्य के बिना न तो अलंकार शोभा प्रदान करते हैं और न गुण आकृष्ट ही कर सकते हैं ॥ ६ ॥

किं तदौचित्यमित्याह—

उचितं प्राहुराचार्याः सदृशं किल यस्य यत् ।
उचितस्य च यो भावस्तदौचित्यं प्रचक्षते ॥ ७ ॥

यत्किल यस्यानुरूपं तदुचितमुच्यते, तस्य भावमौचित्यं कथयन्ति।

यदौचित्यं काव्यजीवातुभूतमङ्गीक्रियते किं तत्स्वरूपमित्याकाङ्क्षायाम् 'उचितं प्राहुराचार्याः' इत्युक्तं ग्रन्थकारेण तस्येदं तात्पर्यम्— यस्य वस्तुनः यत् किल निश्चयेन, सदृशम् अनुरूपं, तत् आचार्याः काव्यतत्त्वविदः उचितं, प्राहुः कथयन्ति, तस्योचितस्य च यो भावस्तदेव औचित्यं प्रचक्षते कथयन्ति यत्किलेति पङ्क्तेराशयः स्पष्ट एव ॥ ७ ॥

जो औचित्य काव्य के जीवन के रूप में अंगीकृत किया गया है उसके स्वरूप को स्पष्ट करने के लिये कहा जा रहा है— उचितं प्राहुरिति। जो वस्तु जिसके अनुरूप होती है, वह उचित कहलाता है और उसी के भाव को विद्वानों ने औचित्य की संज्ञा दी है ॥ ७ ॥

अधुना सकलकाव्यशरीरजीवातुभूतस्यौचित्यस्य प्राधान्येनोपलभ्य स्थितिं दर्शयितुमाह—

पदे वाक्ये प्रबन्धार्थे गुणेऽलङ्करणे रसे।
क्रियायां कारके लिङ्गे वचने च विशेषणे ॥ ८ ॥
उपसर्गे निपाते च काले देशे कुले व्रते।
तत्त्वे सत्त्वेऽप्यभिप्राये स्वभावे सारसंग्रहे ॥ ९ ॥
प्रतिभायामवस्थायां विचारे नाम्न्यथाशिषि।
काव्यस्याङ्गेषु च प्राहुरौचित्यं व्यापि जीवितम् ॥१०॥

एतेषु पदप्रभृतिषु स्थानेषु मर्मस्विव काव्यस्य सकलशरीरव्यापि जीवितमौचित्यं स्फुटत्वेन स्फुरदवभासते ॥

अधुना सम्प्रति, सकलकाव्यशरीरजीवातुभूतस्य निःशेषकाव्यवपुर्जीवनाधायकस्य औचित्यस्य, प्राधान्येन, न तु निःशेषेण, एतेन निर्दिष्टस्थलातिरिक्तस्थलोपलभ्यत्वमप्यौचित्यस्येति सूचितम्। उपलभ्यां प्राप्यां स्थितिं विद्यमानत्वं, दर्शयितुमाहेत्यवतरणग्रन्थः। निम्नलिखितस्थलेषु मुख्यतयौचित्यमुपलभ्यत इति तदर्थः। पदे इति (१) पदे सुप्तिङन्तरूपे शब्दे इत्यर्थः, (२) वाक्ये पदसमूहे, (३) प्रबन्धार्थे प्रबन्धस्य कुमारसंभव-रघुवंशादेरर्थेऽभिधेये, (४) गुणे ओजःप्रसादादौ, (५) अलङ्करणे उपमोत्प्रेक्षाद्यलङ्कारे, (६) रसे शृङ्गारादिरसे, (७) क्रियायां पचति-भवतीत्यादिपदबोध्ये, (८) कारके कर्तृ-कर्मरूपे, (९) लिङ्गे स्त्री-पुं-नपुंसकरूपे, (१०) वचने एकवचन-द्विवचनादौ, (११) विशेषणे विशेष्यगतगुणाख्यापके,

(१२ उपसर्गे क्रियायोगाश्रिते प्र-परादिरूपे, (१३) निपातेऽद्रव्यार्थके च-वा-हेत्यादिरूपे, (१४) काले समये, (१५) देशे स्थानविशेषे, (१६) कुले वंशपरम्परायाम्, (१७) व्रते नियमविशेषरूपे, (१८) तत्त्वे तत्त्वाख्याने यथावद्वस्तुवर्णन इत्यर्थः, (१९) सत्त्वे सत्त्वस्यान्तर्बलस्य वर्णनायाम्, (२०) अभिप्राये तात्पर्ये, (२१) स्वभावे प्रकृतौ, (२२) सारसंग्रहे निष्कृष्टार्थकथने, (२३) प्रतिभायां नवनवोन्मेषशालिबुद्धिरूपायाम्, (२४) अवस्थायां वयःक्रमे, (२५) विचारे विवेचनायां, (२६) नाम्नि संज्ञाभिधाने, (२७) आशिषि आशीर्वादे। एतेषु च काव्याङ्गेषु व्यापि व्यापकं, जीवितं जीवनमौचित्यमेव प्राहुर्मनीषिण इति भावः। एतद्ग्रन्थाशयमेव स्फोरयत्येतेष्विति। अयं भावः—कारिकोक्तं पदादिक्रमादायैव काव्यशरीरं संपन्नं भवति। एवञ्च पदादिकं काव्यस्य शरीरस्य हस्तादिकमिव लघ्वंशभूतम्, सकलतदंशव्यापिनस्तत्त्वस्यौचित्यस्यात्मत्वमुचितं न तु रसादेस्तस्य सकलतदंशव्यापित्वविरहात्। किञ्च काव्ये कारिकोक्तपदादिभिन्नोऽप्यंशः संभवति चेत्? भवतु नाम, किन्तु मर्मभूता अंशास्त एव। तथा च यथा प्राणिशरीरगतमर्मस्थानेषु जायमानेनाघातेन प्राणोत्क्रमणक्रमेण जीवस्तच्छरीरं जहाति तथैव काव्यशरीरगतमर्मस्थलेषु पदादिषु व्याघाते चमत्काराजननद्वारौचित्यं काव्यं परिहरति, येन तदकाव्यमेव सम्पद्यते॥ ८-१०॥

औचित्य का क्षेत्र यद्यपि बहुत विस्तृत है, काव्य में ही नहीं अपितु लोक में भी सब जगह औचित्य का ही साम्राज्य दृष्टिगोचर हो रहा है, फिर इसकी गणना कर निश्चित संख्या बताना आसान काम नहीं है। तथापि दृष्टान्त के रूप में ग्रंथकार ने सत्ताईस स्थानों का निर्देश किया है जो कि निम्नलिखित हैं :—

(१) पद, (२) वाक्य, (३) प्रबन्धार्थ, (४) गुण, (५) अलंकार, (६) रस, (७) क्रिया, (८) कारक, (९) लिंग, (१०) वचन, (११) विशेषण, (१२) उपसर्ग, (१३) निपात, (१४) काल, (१५) देश, (१६) कुल, (१७) व्रत, (१८) तत्त्व, (१९) सत्त्व, (२०) अभिप्राय, (२१) स्वभाव, (२२) सारसंग्रह, (२३) प्रतिभा, (२४) अवस्था, (२५) विचार. (२६) नाम, (२७) आशीर्वाद, अर्थात् काव्य के मर्म के समान इन स्थानों में औचित्य की स्पष्ट प्रतीति होती है। सारांश यह है कि जैसे प्राणि-शरीर के प्रत्येक अंश में व्याप्त तत्त्व का नाम आत्मा होता है, उसी तरह काव्यशरीर के उक्त सभी अंशों में रहने वाले तत्त्व "औचित्य"

आत्म-संज्ञा प्राप्त करता है, और जैसे प्राणि-शरीर के मर्मभूत स्थानों पर आघात होने से प्राण-निष्क्रमण द्वारा आत्मा शरीर को त्याग देता है, उसी तरह काव्य-शरीर के मर्मभूत पूर्वोक्त स्थानों में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने से औचित्य काव्य का परित्याग कर देता है। फिर वह काव्य कहलाने का अधिकारी नहीं रह जाता है ॥ ८-१० ॥

तेषूदाहरणानि क्रमेण दर्शयितुमाह—

तिलकं बिभ्रती सूक्तिर्भात्येकमुचितं पदम्।
चन्द्राननेव कस्तूरीकृतं श्यामेव चान्दनम् ॥ ११ ॥

एकमेवोचितं पदं तिलकायमानं बिभ्राणा सूक्तिः समुचितपरभाग-शोभातिशयेन रुचिरतामावहति।

उपर्युक्तौचित्योदाहरणप्रदर्शनक्रमे प्रथमं पदगतौचित्यं विवेचयति-तिलकमिति। कस्तूरीकृतं मृगमदविरचितं श्याममिति यावत्, तिलकम् विशेषकं, बिभ्रती धारयन्ती, चन्द्राननेव गौरवर्णनायिकेव, चान्दनं श्रीखण्डद्रवकल्पितं धवलमिति यावत्, तिलकं, बिभ्रती, श्यामेव श्याम-वर्णा कामिनीव च तिलकं तिलकवदाचरत्, एकमप्युचितं पदं किमुत बहूनि पदानि, बिभ्रती, सूक्तिः काव्यरूपा वाक्, भाति शोभते, इत्यर्थः वृत्त्यर्थः स्पष्ट एव।

जैसे शरदिन्दुवदना सुन्दरी के ललाट पर कस्तूरीविरचित श्याम तिलक और श्यामवर्णा कामिनी के भाल पर श्वेत चन्दन का एक भी टीका उनके सौन्दर्य में चार चांद लगा देता है वैसे ही एक भी समुचित पद-पदान्तर की शोभा को बढ़ाती हुई संपूर्ण सूक्ति (काव्यात्मक वाणी) में अपूर्व मधुरिमा का संचार कर देता है ॥ ११ ॥

यथा परिमलस्य—

मग्नानि द्विषतां कुलानि समरे त्वत्खड्गधाराकुले,
नाथास्मिन्निति वन्दिवाचि बहुशो देव श्रुतायां पुरा।
मुग्धा गुर्जरभूमिपालमहिषी प्रत्याशया पाथसः,
कान्तारे चकिता विमुञ्चति मुहुः पत्युः कृपाणे दृशौ ॥

पदगतमौचित्यमुदाहर्तुमाह—यथा परिमलस्येति। मग्नानीति। हे देव! राजन्! त्वत्खड्गधाराकुले त्वत्खड्गप्रवाहेणाकुले व्याप्ते, अस्मिन् सद्योजाते, समरे युद्धे, द्विषतां शत्रूणाम्, कुलानि समूहाः, नाथ!

स्वामिन्! मग्नानि लीनानि, इति एवंभूतायां वन्दिवाचि वन्दिजन-समुच्चारितवाण्यां, पुरा, बहुशोऽनेकवारं, श्रुतायामाकर्णितायां सत्यां, मुग्धा सरलचित्ता, गुर्जरभूमिपालमहिषी गुर्जरभूमिपालस्य गुर्जरपृथ्वीपतेः, महिषी राज्ञी, पाथसो जलस्य, प्रत्याशया पिपासामभिसान्त्वयितुम्, आशाविशेषेण, कान्तारे वने, चकिता सती, पत्युः स्वामिनः, कृपाणे खड्गे, दृशौ नेत्रे, विमुञ्चति प्रक्षिपतीत्यर्थः।

पदगत औचित्य का उदाहरण दिखाने के लिये कहा गया है—यथा परिमलस्येति। मग्नानीति—जंगल में सरल हृदयवाली गुर्जर देश की सम्राज्ञी चकित होकर अपने पति की तलवार को दोनों आँखों से देख रही है और कह रही है कि—हे नाथ! बन्दीजनों के मुख से पहिले मैंने अनेकों वार सुन रखा है कि युद्ध में आपके तलवार की धारा के जल में शत्रुओं के झुंड के झुंड डूब गये हैं, परन्तु अभी इसकी धारा के जल से मेरी प्यास क्यों नहीं बुझ पाती? बेचारी रानी इतनी भोली है कि उसे पता नहीं कि इस खड्गधारा को प्यास मिटाने की क्षमता नहीं है, शत्रुओं को भले ही डुबा दे। यह पद्य गुर्जरराजविजेता किसी राजा की स्तुति में किसी कवि के द्वारा कहा गया है।

अत्र मुग्धापदेनौचित्यचमत्कारिणा सूक्तिः शरदिन्दुवदनेव श्यामतिलकेन श्यामेव शुभ्रविशेषकेण विभूषिता सकलकविकुलललामभूतां विच्छित्तिमातनोति।

अत्र अर्थौचित्यचमत्कारिणाभिधेयौचित्यचमत्कारप्रवणेन, मुग्धापदेन मुग्धेतिपदप्रयोगेण, सूक्तिः, श्यामतिलकेन कस्तूर्यादिघटितकृष्णबिन्दुना, विभूषिता, शरदिन्दुवदना शरच्चन्द्रानना गौरीति यावत्, इव, शुभ्रविशेषकेण श्रीखण्डद्रवतिलकेन, विभूषिता, श्यामा श्यामवर्णा नायिकेव च, सकलकविकुलललामभूतां समस्तसरसजनस्पृहणीयां विच्छित्तिं चमत्कारम्, आतनोति विस्तारयतीत्यर्थः। कृपाणधारातः पिपासाशान्तिमिच्छन्त्याः गुर्जरराजमहिष्याः मुग्धेतिविशेषणतया प्रयोगं कुर्वाणः कविः सम्पूर्णमपि पद्यं चमत्कारचर्चितमिवाकरोदिति सुतरां पदगतौचित्यमत्रेति।

उपर्युक्त पद्य में अर्थौचित्य के कारण चमत्कार को उत्पन्न करने वाले मुग्धा (भोली) पद के प्रयोग से यह सूक्ति श्याम तिलक से चन्द्रानना एवम् स्वच्छ तिलक से श्यामा की तरह समस्त सरस सम्प्रदाय के हृदय में एक अपूर्व ही

चमत्कार चमका देती है। तात्पर्य यह है कि जो गुर्जरराजमहिषी इतना भी नहीं समझ पाती कि खड्गधारा से जलधारा की तरह प्यास नहीं बुझ सकती उसके लिए मुग्धा पद का प्रयोग कितना वाञ्छनीय है, इसका अनुभव कोई सहृदय ही कर सकता है।

न तु यथा धर्मकीर्तेः—

लावण्यद्रविणव्ययो न गणितः क्लेशो महान्स्वीकृतः,
स्वच्छन्दस्य सुखं जनस्य वसतश्चिन्ताज्वरो निर्मितः।
एषापि स्वयमेव तुल्यरमणाभावाद्वराकी हता,
कोऽर्थश्चेतसि वेधसा विनिहितस्तन्व्यास्तनुं तन्वता॥

पदगतौचित्यं प्रदर्श्य सम्प्रति तदनौचित्यं प्रदर्शयितुमाह—नतु यथेति लावण्येति। कस्या अप्यलौकिककान्तिमय्याः कामिन्याः सौन्दर्यवर्णनेयम्, लावण्यद्रविणव्ययो लावण्यं सौन्दर्यरूपमेव यद् द्रविणं द्रव्यन्तस्य व्यय न, गणितः संख्यातः, महानतिशयः, क्लेशो दुःखं तन्निर्माणे श्रम इ यावत्, स्वीकृतोऽङ्गीकृतः, स्वच्छन्दस्य स्वतन्त्रस्य, सुखं वसतो निश्चिन्त तया सुखपूर्वकं तिष्ठतो निश्चिन्तजीवनं यापयत इति भावः, जन मानवस्य कृते इति शेषः, चिन्ताज्वरश्चिन्तारूपतापमयरोगविशे निर्मितो रचितः। तुल्यरमणाभावादनुरूपप्रियतमाभावात्, एषापीयम वराकी दुःखदग्धेति भावः, स्वयमेव नतु परेण हता नष्टा, (तर्हि) तन्व्य कृशाङ्ग्याः, तनुं शरीरं, तन्वता सृजता, वेधसा विधात्रा, चेत चित्ते, कोऽर्थः—कोऽभिप्रायः, विनिहितः स्थापित इति न जाने-इति शेष

पदगत औचित्य को दिखलाकर अभी तद्गत अनौचित्य को दिखलाने के लि कहा गया है—नतु यथेति। किसी अलौकिक कान्तिमयी कामिनी की प्रशंसा कवि कह रहा है कि विधाता ने इस तन्वी की शरीर-रचना कर अपने हृदय किस लाभ की आशा की थी पता नहीं, क्योंकि इसके निर्माण में सौन्दर्य-सा का जो अपार व्यय हुआ उसकी तो गिनती ही नहीं की, ऊपर से परिश्रम खूब ही करना पड़ा। इस तरह अपनी हानि तो हुई ही, साथ ही आज स्वच्छन्द और सुखमय जीवन बितानेवाले पुरुषजाति के हृदय में कामिनी-जिज्ञा जगाकर चितारूप एक व्याधि की सृष्टि कर दी। इतना ही नहीं, अनु प्रियतम के अभाव में यह बेचारी खुद भी बेमौत मारी गयी। यदि ब्रह्मा

इसके योग्य किसी पुरुष की रचना करने की क्षमता नहीं थी तो संसार में इस तन्वी की सृष्टि कर लाभ क्या हुआ, यह वही जानें।

अत्र "तन्व्याः" इति पदं केवलशब्दानुप्रासव्यसनितया निबद्धं न काञ्चिदर्थौचित्यचमत्कारकणिकामाविष्करोति। "सुन्दर्याः" इत्यत्र पदमनुरूपं स्यात्। अन्यानि वा निरतिशयरूपलावण्यव्यञ्जकानि। तन्वीपदं तु विरहविधुररमणीजने प्रयुक्तमर्थौचित्यशोभां जनयति।

उपपादयति—अत्रेति। उपर्युक्तपद्ये "तन्व्याः" इतिपदं केवलशब्दानुप्रासव्यसनितया केवलं 'तनुं तन्वता' इत्यत्रोक्ततकारानुप्रासाग्रहितया, निबद्धं योजितं, न काञ्चित् कामपि, अर्थौचित्यचमत्कारकणिकाम् वाच्यौचित्यचमत्कारकणम्, आविष्करोति जनयति। अत्र तन्व्या इति पदस्थाने सुन्दर्या इति पदम् अनुरूपं समुचितप्रयोगयोग्यं स्यात्। नन्वेवं छन्दोभङ्ग इति चेत्तत्राह—अन्यानीति इतराणि वा, निरतिशयरूपलावण्यव्यञ्जकानि विलक्षणरूपसौन्दर्यप्रतिपादकानि, प्रयोगयोग्यानि स्युरिति शेषः। वस्तुतस्तु छन्दोभङ्गप्रसङ्गोऽकिञ्चित्करः। "कान्तामिमां तन्वता" इत्येवं निर्माणे दोषाभावात्। तन्वीपदं तु विरहविधुररमणीजने वियोगक्षामकामिनीलोके प्रयुक्तं सदर्थौचित्यशोभां वाच्यौचित्यचारुतां जनयति। इह तु तदन्यथाप्रयुक्तमित्यौचित्यक्षयान्नितरां सहृदयहृदयहानिरिति बोध्यम्।

उपर्युक्त पद में तन्वी शब्द का प्रयोग केवल तकारानुप्रास के आग्रह से किया गया है। यथार्थतः यहाँ इसकी कुछ भी उपयोगिता नहीं है, क्योंकि दुर्बलता वियोग का स्वाभाविक गुण है अतः इस पद का प्रयोग केवल विरहविधुर रमणीजनों के लिए ही उपयुक्त हो सकता है। यहाँ तो कवि का अभिप्राय उत्कृष्ट सौन्दर्य वर्णन से है फिर तो सुन्दरी, कान्तिमयी इत्यादि विलक्षण सौन्दर्यव्यञ्जक शब्दों का प्रयोग ही उचित था ऐसा न करके कवि ने एक भारी भूल की है। इस एक मात्र पद के अनौचित्य से पूरा का पूरा पद्य प्राणहीन-सा मालूम पड़ता है। यही "तन्व्यास्तनुं तन्वता" की जगह यदि "कान्तामिमां—तन्वता" ऐसा पाठ कर दिया जाय तब कान्ता पद से अनुरूप सौन्दर्य की अभिव्यक्ति के द्वारा औचित्य की रक्षा हो सकती है।

यथा श्रीहर्षस्य—

परिम्लानं पीनस्तनजघनसङ्गादुभयत-
स्तनोर्मध्यस्यान्तः परिमलनमप्राप्य हरितम् ।
इदं व्यस्तन्यासं श्लथभुजलताक्षेपवलनैः,
कृशाङ्ग्याः सन्तापं वदति बिसिनीपत्रशयनम् ।।

तन्वीपदसमानार्थकस्य कृशाङ्गीपदस्यानुरूपप्रयोगं दर्शयितुमाह-यथा श्रीहर्षस्येति । परिम्लानमिति—रत्नावलीनाटिकाप्रधाननायिकायाः सागरिकाया विरहावस्थासूचकम् पद्यमिदम् । पीनस्तनजघनसङ्गात् पीनयोः अतिस्थूलयोः, स्तनयोर्जघनयोश्च, सङ्गात्सम्पर्कात्, उभयत उभयत्र, परिम्लानं शुष्कप्रायं, तनोः क्षीणस्य, मध्यस्य मध्यभागस्य, परिमलनं सङ्घर्षणम्, अप्राप्य न लब्ध्वा, अन्तर्मध्ये, हरितं स्वाभाविकरूपेण हरिद्वर्णकमेव स्थितमित्यर्थः, स्तनयोर्जघनयोश्चात्युच्चत्वेनाधोमुखं शयानाया नायिकाया मध्यभागस्य शय्यासम्पर्कविरहितत्वेन तत्रत्यशय्यायाः स्वाभाविकत्वं सुतरां सम्भवतीति बोध्यम् । श्लथभुजलताक्षेपवलनैः श्लथे शिथिले ये भुजलते बाहुवल्लर्यौ, तयोराक्षेपवलनैराकुञ्चनप्रसारणैः, व्यस्तन्यासं व्यस्तो विपरीतो न्यासः स्थापनं यस्य तथाभूतम्, इदं पुरोवर्ति बिसिनीपत्रशयनं कमलपत्रशय्या, कृशाङ्ग्यास्तन्व्याः, सन्तापं विरहज्वरज्वालां वदति कथयति ।

तन्वी शब्द के समान अर्थ रखने वाले कृशांगी पद का समुचित प्रयोग दिखाने के लिये कहा गया है यथा—श्रीहर्षस्येति । परिम्लानमिति यह श्लोक 'रत्नावली नाटिका' से उद्धृत किया गया है—इसमें लंकेशकुमारी सागरिका की विरहावस्था का सजीव चित्र खींचा गया है । वत्सराज उदयन के विरह में सागरिका विह्वल हो गयी है । अंग सूखकर कृश हो गये हैं, विरहज्वर की ज्वाला से कहीं भी उसे शान्ति नहीं मिलती, जिधर ही आँखें फिरती है उधर ही उद्वेजक दृश्य दीख पड़ते हैं । अतः अधोमुख होकर कमलदलकल्पित शय्या पर पड़ी रहती है । इस स्थिति में परितापसूचक अन्य चिह्नविशेष के न रहने पर भी उसके संताप के संबन्ध में किसी से पूछने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि वह कमलपत्र की बनी शय्या (जिस पर वह सोई रहती है) ही उसके संताप को प्रकट कर रही है । कारण, उस शय्या के पार्श्वदेश (दोनों बगल) उच्च कुच तथा स्थूल जघनों के संपर्क से मलिन हो रहे हैं, पर शय्या का मध्य भाग कृश मध्य-उदर-भाग के स्पर्श को न पाकर हरा-ताजा बना हुआ है और

उस शय्या की रचना तो सर्वत्र शिथिल बाहुवल्लरी के आकुंचन-प्रसारण से अस्तव्यस्त हो ही गयी है। ऐसी शय्या को देखकर भी क्या किसी दर्शक को उस पर लोटती हुयी कामिनी के संताप को समझने के लिये किसी से पूछने की आवश्यकता पड़ सकती है ? कभी नहीं।

अत्र सागरिकाया विरहावस्थासूचकं "कृशाङ्गयाः" इति पदं परमौचित्यं पुष्णाति ।। ११ ।।

उपपादयन्नाहात्रेति। उक्तश्लोके, सागरिकाया लङ्केशकुमार्याः, विरहावस्थासूचकं वियोगस्थितिव्यञ्जकम्, "कृशाङ्गयाः" इतिपदं, परमौचित्यम् औचित्यस्य परां काष्ठां, पुष्णाति पोषयति ।। ११ ।।

यहाँ पर लंकेशकुमारी सागरिका के लिये वत्सराज उदय के वियोग को सूचित करने वाले कृशांगी पद का प्रयोग अत्यन्त समीचीन होने के कारण पाठकों को अपूर्व आनन्द प्रदान करता है ।। ११ ।।

वाक्यगतौचित्यं दर्शयितुमाह—

औचित्यरचितं वाक्यं सततं संमतं सताम् ।
त्यागोदग्रमिवैश्वर्यं शीलोज्ज्वलमिव श्रुतम् ।। १२ ।।

औचित्यरचितं वाक्यं काव्यविवेकविचक्षणानामभिमततमम् ।

पदगतौचित्यं प्रदर्श्य सम्प्रति द्वितीयं वाक्यगतौचित्यप्रदर्शनायाह—औचित्येति। औचित्यरचितम् औचित्याभिनिवेशपूर्वकं निर्मितं, वाक्यं पदसमूहः, त्यागोदग्रं त्यागेन दानादिनोदग्रमुदात्तमैश्वर्यं, विभूतिरिव, शीलोज्ज्वलं शीलेन सत्स्वभावेन, उज्ज्वलं प्रशस्तं, श्रुतं शास्त्रमिव, सततं सर्वदा, सतां सज्जनानां, सम्मतमभिमतमभीष्टमित्यर्थः। अस्यैव निर्गलितार्थमाह—औचित्यरचितमिति। औचित्यरचितं वाक्यं, काव्यविवेकविचक्षणानां काव्यालोचनचतुराणां, विदुषाम्, अभिमततमं निरतिशयमभीष्टमिति भावः।

पदगत औचित्य को दिखाकर अभी क्रमागत द्वितीय वाक्यगत औचित्य का प्रदर्शन करने के लिये कहा गया है—औचित्येति। जैसे दान आदि के द्वारा संपत्ति की उदात्तता और दाक्षिण्यादि गुणों के द्वारा विद्या की उज्ज्वलता सज्जनों के लिये विशिष्ट स्थान रखती है वैसे ही औचित्य को ध्यान में रखकर की गयी वाक्यरचना काव्यालोचकों के लिये सर्वदा स्पृहणीय बनी रहती है। इसी आशय को सीधे शब्दों में वृत्ति के द्वारा स्पष्ट किया है। औचित्यरचितमिति—

औचित्य की मर्यादा से युक्त वाक्य-विन्यास काव्यालोचनचतुरों का अत्यन्त प्रिय होता है।

यथा मम विनयवल्ल्याम्—

देवो दयावान्विजयो जितात्मा यमौ मनः संयममाननीयौ।
इति ब्रुवाणः स्वभुजं प्रमार्ष्टि यः कीचकालिककालदण्डम्॥
धीरः स किर्मीरजटासुरारिः कुबेरशौर्यप्रशमोपदेष्टा।
दृष्टो हिडिम्बादयितः कुरूणां पर्यन्तरेखागणनाकृतान्तः॥युग्मकम्॥

वाक्यगतमौचित्यमुदाहर्तुमाह-यथा ममेति। देव इति। देवो युधिष्ठिरः, दयावान् दयाशीलः, विजयोऽर्जुनः, जितात्मा विजितात्मव्यापारो, यमौ नकुलसहदेवौ, मनःसंयममाननीयौ मनसश्चित्तस्य संयमेन वशीकरणेन, माननीयौ मानार्हौ, इति पूर्वोक्तरूपेण, ब्रुवाणः—कथयन्, यः (भीमसेनः) कीचकाकालिककालदण्डे कीचकाय तन्नामकनृपविशेषाय विराटश्यालकायेति भावः, अकालिकमसामयिकं कालदण्डं कृतान्तलगुडमिव वर्तमानं, स्वभुजं निजबाहुदण्डं, प्रमार्ष्टि प्रमार्जयति, दयादिभिर्हेतुभिर्युधिष्ठिरादयः शत्रुशातने नितरामसमर्था इति स्वभुजस्यैव संवलत्वेन तत्परिमार्जनमुचितमेवेति भावः। किर्मीरजटासुरारिः किर्मीरा चित्रविचित्रा, जटा केशग्रन्थिर्यस्यैवंभूतो योऽसुरो राक्षसः, तस्यारिर्घातकः, कुबेरशौर्यप्रशमोपदेष्टा कुबेरस्य धनाधिपस्य, शौर्यस्य शूरतायाः, प्रशमस्य विनाशस्योपदेष्टा, कुरूणां कौरवाणां, दुर्योधनादीनां, पर्यन्तरेखागणनाकृतान्तः पर्यन्तरेखाया जीवनान्तलेखायाः, गणनायां संख्याने, कृतान्तो यमराडिव वर्तमानः गुरुकुलविनाशकारक इत्यर्थः, हिडिम्बादयितो हिडिम्बायास्तन्नामकासुरकन्यकायाः, दयितः प्रियतमो, धीरो गम्भीरः स भीमसेनो दृष्टोऽवलोकितो लोकैरिति शेषः।

वाक्यगत औचित्य के उदाहरणस्वरूप ग्रंथकार ने स्वरचित विनयवल्ली नामक पुस्तक में से यह पद्य उद्धृत किया है। धर्मराज युधिष्ठर अत्यन्त दयावान् हैं, अर्जुन बलवान् होते हुए आत्मविजेता भी हैं, नकुल और सहदेव चित्तवृत्ति के संयम में पूर्ण प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं, ऐसी स्थिति में इनलोगों के द्वारा शत्रुसंहार असंभव है ऐसा कहता हुआ जिसने कीचक के लिये दूसरे यमदंड के समान आचरण करने वाले अपने बाहुयुगलों को चढ़ाना शुरू कर दिया, किर्मीर-

जटा वाले असुर विशेष का विघातक, कुबेर की वीरता का विनाशक, कुरुकुल की जिन्दगी का अन्त करने वाला, हिडिम्बा का पति, अत्यन्त धैर्यशाली वह भीमसेन देखा गया।

अत्र भीमस्य भीमचरितोचितकीचकाकालिककालदण्डहिडिम्बादयितादिभिः पदैरुन्निद्ररौद्रस्वरूपानुरूपो वाक्यार्थः सजीव इव भासते।

अत्र पद्यद्वये भीमस्य युधिष्ठिरानुजस्य, भीमचरितोचितकीचकाकालिककालदण्डहिडिम्बादयितादिभिः भीमचरित्रानुरूपतत्तद्विशेषणोपादानैरुन्निद्ररसानुरूपं उदबुद्धरौद्ररसोचितो वाक्यार्थः सजीवः प्राणवानिव, भासते शोभते। अत्रौचित्यस्य पदाधिकस्थितिमत्तया वाक्यगतत्वमित्यवसेयम्।

उपर्युक्त पद्यों में भीमसेन की प्रकृति के अनुकूल कीचकाकालिक कालदंड, हिडिम्बादयित आदि पदों का प्रयोग रौद्ररस को जगाता हुआ सहृदयों के मानसपटल में अपूर्व आनन्द प्रदान करता है, जिससे पूरा का पूरा वाक्यार्थ सजीव के समान प्रतिभासित हो रहा है। अनेक पदव्यापी होने के कारण ही यह वाक्यगत औचित्य का उदाहरण हुआ।

अथवा राजशेखरस्य—

> **सम्बन्धी पुरुभूभुजां मनसिजव्यापारदीक्षागुरु-**
> **गौराङ्गीवदनोपमापरिचितस्तारावधूवल्लभः ।**
> **सद्योमार्जितदाक्षिणात्यतरुणीदन्तावदातद्युति-**
> **श्चन्द्रः सुन्दरि दृश्यतामयमितश्चण्डीशचूडामणिः ॥**

वाक्यगतौचित्यस्य द्वितीयमुदाहरणमुपस्थापयत्यथवा राजशेखरस्येति। **सम्बन्धीति**। हे सुन्दरि! पुरुभूभुजां पुरुवंशोद्भवराज्ञां, सम्बन्धी सम्पर्की, पुरुवंशस्य चन्द्रत एवोत्पत्तिरिति तत्सम्बन्धः स्फुट एव। मनसिजस्य कामस्य, व्यापारस्य व्यवहारस्य, दीक्षायाः शिक्षणस्य, गुरुरुपदेष्टा, उद्दीपकत्वादिति भावः। गौराङ्ग्या गौरवर्णायाः (नायिकायाः), वदनस्याननस्य, उपमया परिचितः, कामिनीमुखोपमाभूत इति यावत्, तारा नक्षत्राण्येव वध्वः पत्न्यस्तासां वल्लभः प्रियतमः, सद्योऽचिरादेव, मार्जितानां परिष्कृतानां, दाक्षिणात्यानां दक्षिणदेशोद्भूतानां, तरुणीनां

युवतीनां, दन्तानां, याऽवदाता निर्मला द्युतिः शोभा, सेव द्युतिर्यस्य सः, दन्तचन्द्रयोरुभयोरपि समुज्ज्वलत्वेन युक्तोपमेति बोध्यम्। चण्डीशस्य शिवस्य, चूडाया मौलिग्रन्थेर्मणिर्भूषणमिव वर्तमानोऽयं लब्धोदयश्चन्द्रः सुधांशुरितः पूर्वस्यां दिशि दृश्यतामवलोक्यतां त्वयेति शेषः।

आलोचक कवि राजशेखर के द्वारा रचित यह पद्य वाक्यगत औचित्य के द्वितीय उदाहरण के रूप में उपस्थित किया गया है। सम्बन्धीति—नायिका को अनुकूल बनाने के लिये उगते हुये चन्द्र को लक्ष्य कर नायक कह रहा है—अये सुन्दरि ! देखो पूरब दिशा में चन्द्र उग आये हैं, जो कि भगवान् शंकर के शिरोभूषण, तारातरुणी के तरुण प्रियतम और पौरवों के कुल के मूल ही नहीं, अपितु कामकला के शिक्षक, गौरांगी के मुख की उपमा से परिचित, तथा दाक्षिणात्यकामिनी के सद्योमार्जित धवल दन्तपंक्ति के समान स्वच्छ भी हैं।

अत्रापि चन्द्रमसः शृङ्गारान्तरङ्गैरनङ्गोद्दीपनैः पदैर्निर्वर्तितो वाक्यार्थः सर्वथौचित्यसामर्थ्येन समुचितार्थवशेनात्यर्थमत्यन्तमर्थनीयतां प्राप्तः।

अत्रापि चन्द्रमसः, शृङ्गारान्तरङ्गैः शृङ्गारानुकूलैरनङ्गोद्दीपनैः कामोत्तेजकैः, मनसिजव्यापारदीक्षागुरुरित्यादिभिः पदैर्निर्वर्तितो निष्पादितो वाक्यार्थः, सर्वथौचित्यसामर्थ्येन समुचितार्थवशेनात्यर्थमत्यन्तमर्थनीयतामुपादेयतां, प्राप्तो गतः, चन्द्रमसो विशेषणीभूतैरौचित्यपोषकैः—कियद्भिः पदैर्वाक्यगतौचित्यं पोष्यते इति भावः।

इस पद्य में भी शृङ्गाररसोद्दीपक "मनसिजव्यापारदीक्षागुरुः" इत्यादि पदों के द्वारा पूरे वाक्य का अर्थ औचित्य की महिमा से अत्यन्त उपादेयता को प्राप्त कर गया है, अर्थात् चन्द्रमा के विशेषण में कहे गये समुचित पदों के प्रयोग से पूरे वाक्य में औचित्य का आधान हो रहा है। इसलिये यह भी वाक्यगत औचित्य का उदाहरण सिद्ध होता है।

न तु यथास्यैव—

> **नाले शौर्यमहोत्पलस्य विपुले सेतौ समिद्वारिधेः**
> **शश्वत्खड्गभुजङ्गचन्दनतरौ क्रीडोपधाने श्रियः।**
> **आलाने जयकुञ्जरस्य सुदृशां कन्दर्पदर्पे परं**
> **श्रीदुर्योधनदोष्णि विक्रमपरे लीनं जगन्नन्दतु॥**

वाक्यगतौचित्यस्योदाहरणद्वयं प्रदर्श्य सम्प्रति तद्गतानौचित्यं प्रदर्शयितुमाह—ननु यथास्यैवेति । नाले इति । शौर्यं शूरतैव महद् विशदमुत्पलं कमलं, तस्य, नाले दण्डस्वरूपे, समितो युद्धान्येव वारिधिः समुद्रस्तस्य, विपुले महति, सेतौ बन्धरूपे, शश्वत्समन्तात्, खड्गः कृपाणः एव भुजङ्गः सर्पस्तस्य कृते, चन्दनतरौ श्रीखण्डवृक्षे, यथा सर्पाणां चन्दनतरुरेवैक आश्रयस्तथैव खडगस्यापि दुर्योधनबाहुरेवैकमात्रमाधार इति भावः । श्रियो लक्ष्म्याः सम्पत्तेरित्यर्थः, क्रीडोपधाने खेलोपबर्हरूपे, जयकुञ्जरस्य विजयस्वरूपहस्तिन आलाने बन्धनसाधने शृङ्खलारूपे इत्यर्थः, सुदृशां दीर्घलोचनानां, परमुत्कृष्टं यथा स्यात्तथा, कन्दर्पदर्पे मनसिजगर्वरूपे, विक्रमपरे पराक्रमशालिनि, श्रीदुर्योधनदोष्णि शोभाशीलदुर्योधनबाहौ, लीनं निमज्जितं, जगत् संसारः, नन्दतु प्रसीदतु । अनेकविशेषणविशिष्ट-श्रीदुर्योधनभुजच्छायायां विश्रान्तोऽयं समग्रः संसारः परमानन्दमासादयत्वित्यर्थः । एतेनैतद्बाहुदण्ड एव राजदण्डधारणक्षम इत्यपि सूचितम् ।

वाक्यगत औचित्य के पूर्वोक्त दो उदाहरणों को दिखाकर अभी तद्गत अनौचित्य का उदाहरण दिखाने के लिए कहा गया है—ननु यथास्यैवेति । अर्थात् राजशेखर के इस श्लोक में अनौचित्य के कारण पूरा वाक्यार्थ ही उपहासास्पद हो रहा है । नाले इति—महाराज दुर्योधन की पराक्रमशालिनी बाहु (जो कि वीरता कमलिनी का नालदंडरूप, युद्ध-समुद्र का बाँध रूप, खड्गभुजङ्गमों के लिये चन्दनवृक्षरूप, राज्यश्री का क्रीड़ोपधान (सिरहानी) रूप, विजयकुंजर को वश में करने वाला शृंखलारूप, मृगलोचनाओं के लिये कामदेव के अखर्व (गर्वरूप है) की छत्रच्छाया में विश्रान्त यह सारा संसार परमानंद को प्राप्त करे ।

अत्रातिशयपरकर्कशसोत्कर्षसुभटभुजस्तम्भस्यासमुचितेन कुवलयनालतुलाधिरोपणेन वाक्यार्थः सोपहासतयेव निबद्धः परिज्ञायते ॥ १२ ॥

अत्र पद्येऽतिशयेन नितरां, परस्मै शत्रवे, कर्कशः कठिनः, सोत्कर्षं उत्कृष्टवीरतापादकः, सुभटस्य श्रेष्ठवीरस्य, यो भुजस्तम्भो बाहुदण्डस्तस्यासमुचितेनाननुरूपेण, कुवलयनालतुलाधिरोपणेन कोमलकमलदण्ड-साम्यप्रतिपादनेन वाक्यार्थः सोपहासत्वेनोपहासास्पदत्वेनेव निबद्ध-

उल्लिखितः परिज्ञायतेऽवबुद्धयते। वीरोचिततादृशकठिनविशेषणविशि दुर्योधनदोष्णि कोमलकमलनालसाम्यप्रतिपादनं नितरामयुक्तमित्यभि तवीररसाभिव्यक्तौ व्याघातः समुत्पद्यतेऽत एवानौचित्यात्सम्पूर्णमे वाक्यमुपहासास्पदमिति सारांशो वेदितव्यः ॥ १२ ॥

उपर्युक्त पद्य में वर्णित दुर्योधन की बाँह में जहाँ उतने कठिन विशेष प्रयुक्त किये गये हैं वहाँ कोमल कमलनाल की समता का कथन अत्यन्त अनुचि हैं, जिसने वीररस-बोधनरूप कवि का तात्पर्य अपुष्ट हीन होकर सहृदयों हृदय में उपहासास्पद भी प्रतीत होता है। इस लिये यह वाक्यगत औचित्य ज्वलंत उदाहरण सिद्ध होता है। ॥ १२ ॥

प्रबन्धार्थौचित्यं दर्शयितुमाह—

उचितार्थविशेषेण प्रबन्धार्थः प्रकाशते।
गुणप्रभावभव्येन विभवेनेव सज्जनः ॥ १३ ॥

पदवाक्यगतयोरौचित्ययोर्विवेचनां विधाय सम्प्रति तृतीयं प्रबन्ध र्थगतौचित्यं विचारयितुमाह—**उचितार्थेति**। उचितार्थविशेषेण समुचि र्थवैशिष्ट्येन, प्रबन्धार्थो महावाक्यात्मकप्रबन्धाभिधेयः, गुणप्रभा दाक्षिण्यादिगुणोत्कर्षेण, भव्यं स्पृहणीयं, तेन विभवेनैश्वर्येण, सज्ज सत्पुरुष इव, प्रकाशते शोभते इत्यर्थः।

पद और वाक्यगत औचित्य की विवेचना करके अब तीसरे प्रबन्धार्थ औचित्य का विचार किया जा रहा है—उचितार्थ इति। जैसे दयादाक्षिण्य गुणों के वैशिष्ट्य से विभूषित ऐश्वर्य के द्वारा सज्जन पुरुष सुशोभित होते वैसे ही अनुरूप अर्थविशेष के कारण संपूर्ण प्रबन्ध का अर्थ अत्यन्त हृदय होता है।

अम्लानप्रतिभाप्रकर्षोत्प्रेक्षितेन सकलप्रबन्धार्थाप्यायिपीयूष समुचितार्थविशेषेण महाकाव्यं चमत्कारकारितामापद्यते।

कारिकार्थमेव विवृण्वन्नाह-अम्लानेति। अम्लानोज्ज्वला या प्रति नवनवोन्मेषशालिनी बुद्धिस्तस्याः प्रकर्ष आधिक्यं, तेनोत्प्रेक्षितेनो वितेन, सकलस्य सम्पूर्णस्य, प्रबन्धस्यार्थस्य काव्यग्रन्थविशेषार्थ यावत्, आप्यायी परिप्लावकः, सरसतासम्पादक इति यावत्, यः पी

वर्षोऽमृतवर्षणं, तेन तद्रूपेणेति यावत्, समुचितार्थविशेषेणौचित्यानुप्राणितार्थेन, महावाक्यं सर्गबन्धात्मककाव्यविशेषः, स्फुरद्भासमानमिव, चमत्कारितामलौकिकानन्दजनकतामापद्यते प्राप्नोतीति भावः ।

उपर्युक्त कारिका का ही तात्पर्य व्यक्त करने के लिये कहा गया है—अम्लानेति । विलक्षण प्रतिभा के द्वारा उत्प्रेक्षित, संपूर्ण प्रबन्धार्थ को सुधाशीकर के समान आप्लावित करने वाले अनुरूप अर्थ से महाकाव्य अत्यन्त स्पृहणीयता को प्राप्त करता है, अर्थात् अलौकिक आनन्दजनक हो जाता है ।

यथा कालिदासस्य—

जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां,
जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः ।
तेनार्थित्वं विधिपरवशाद् दूरबन्धुर्गतोऽहं
याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ॥

प्रबन्धार्थगतौचित्यमुदाहर्तुमाह—यथा कालिदासस्येति । जातमिति । पुष्कराश्चावर्तकाश्चेति पुष्करावर्तकास्तत्तन्नामकमेघविशेषास्तेषां भुवनविदिते संसारप्रसिद्धे, वंशेऽन्वये, जातमुत्पन्नम्, एतेन मेघस्याभिजात्यमभिसूचितं, कामरूपमिच्छाधीनविग्रहं, मघोन इन्द्रस्य, प्रकृतिपुरुषं प्रधानामात्यं, त्वां मेघं, जानामि परिचिनोमि, तेनोदात्तकुलप्रसूतत्वेन परोपकारकरणक्षमतया, दूरबन्धुः कान्तावियोगविधुरोऽहम् अनिर्दिष्टनामा यक्षः, विधिपरिवशाद्दैवयोगात्त्वयि तवाग्र इति भावः, अर्थित्वं याचकत्वं, गत उपेतः । उत्तमजने याचनहेतुमाह—अधिगुण इति । अधिगुणेऽधिकगुणशालिनि, याच्ञा याचना, मोघाऽसफलाऽपि, वरं श्रेष्ठम्, अधमे नीचपुरुषे, लब्धकामा सफलापि, न श्रेष्ठेति भावः ।

प्रबन्धार्थगत औचित्य का उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है—जातमिति । प्रस्तुत पद्य महाकवि कालिदास के प्रबन्धकाव्य मेघदूत से लिया गया है । प्रिया के वियोग से विधुर यक्ष मेघ के द्वारा अपनी प्रेयसी को संदेश भेजने का औचित्य प्रदर्शित कर रहा है । हे मेघ ! पुष्कर और आवर्तक नामक महामेघ के उदात्त कुल में उत्पन्न, देवेन्द्र के प्रधान पुरुष और कामनानुकूल शरीर धारण करने वाले तुमको मैं अच्छी तरह जानता हूँ । सत्कुलप्रसूत व्यक्ति पर-पीड़ा का आदर

अवश्य करता है और वह संभवतः परोपकारी भी हुआ करता है, इसलिये मैं विधिविडम्बनावश कान्तावियोगजन्य क्लेश को पाकर तुमसे सन्देश पहुँचाने की याचना करता हूँ क्योंकि कापुरुष के द्वारा सफल की गयी याचना की अपेक्षा सत्पुरुष के द्वारा विफल बनाई गयी याचना भी कहीं श्रेष्ठ है।

अत्राचेतनस्य चेतनाध्यारोपेण मेघस्य दौत्ययोग्यताधानाय प्रथितपुष्करावर्तकपर्जन्यवंश्यत्वममात्यप्रकृतिपुरुषत्वञ्च यदुपन्यस्तं तेन समस्तप्रबन्धस्योत्प्रेक्षितेतिवृत्तप्रचिरतरस्य निरतिशयमौचित्यमुद्योतितम्।

अत्राचेतनस्याप्राणिनश्चेतनाध्यारोपेण प्राणित्वारोपेण मेघस्य, दौत्ययोग्यताधानाय दूतकर्मकारित्वस्थापनाय, प्रथितपुष्करावर्तकपर्जन्यवंश्यत्वं प्रसिद्धपुष्करावर्तककुलप्रसूतत्वम्, अमात्यप्रकृतिपुरुषत्वञ्चेन्द्रसचिवप्रधानव्यक्तित्वञ्च, यदुपन्यस्तं यस्मात्प्रतिपादितं, तेन उत्प्रेक्षितं कल्पितं यदितिवृत्तमितिहासस्तेन रुचिरतरस्य समस्तप्रबन्धस्य, निरतिशयमत्यन्तं यथा स्यात्तथौचित्यमनुरूपत्वमुद्योतितं प्रकाशितम्।

यहाँ मेघ के द्वारा (जो कि चेतन न होकर एकमात्र जड पदार्थ है) संदेश पहुँचाने की कामना की गयी है, यह बात असंगत कही जा सकती थी, परन्तु खुद यक्ष ने ही इसका भी परिहार कर दिया है, अर्थात् वंशगत उच्चता के साथ ही मेघ में व्यक्तिगत महत्ता भी है। ऐसे व्यक्ति से पर-पीड़ा की अवहेलना की आशा नहीं की जा सकती, इसलिये मेरा मनोरथ अवश्य पूर्ण होगा। साथ ही अपनी असफलता का भान भी उसे है ही, उसी के निराकरण के लिये अन्तिम पद के द्वारा आत्मतोष कर रहा है। इस तरह अचेतन में चेतन का आरोप कर मेघ में दूतकारिता की स्थापना करने के लिये वंशगत और व्यक्तिगत उच्चता का जो वर्णन किया गया है उससे कल्पित इतिहास भी संगत प्रतीत होने लगता है, जिससे सम्पूर्ण प्रबन्ध ही औचित्य से चमत्कृत हो उठता है।

यथा वा भवभूतेः—

(नेपथ्ये)

योऽयमश्वः पताकेयमथवा वीरघोषणा।
सप्तलोकैकवीरस्य दशकण्ठकुलद्विषः॥

लवः—(सगर्वमिव।) अहो सन्तापनान्यक्षराणि। भो, भोः!

किमक्षत्रिया पृथिवी यदेवमुद्घुष्यते। (विहस्य) आः किं नाम स्फुरन्ति शस्त्राणि। (धनुरारोपयन्)

ज्याजिह्वया वलयितोत्कटकोटिदंष्ट्रमुद्गारिघोरघनघर्घरघोषमेतत्।
ग्रासप्रसक्तहसदन्तकवक्त्रयन्त्रजृम्भाविडम्बिविकटोदरमस्तु चापम्॥

प्रबन्धार्थगतौचित्यस्य द्वितीयमुदाहरणं प्रदर्शयितुमाह—यथा वा भवभूतेरिति। नेपथ्ये इति। रङ्गमञ्चपृष्ठभागगतप्रसाधनस्थाने इत्यर्थः! योऽयमिति। अयं निकटस्थो योऽश्वो घोटकः, इयमेषा, विधेयभूतायाः पताकाया वीरघोषणाया वाऽनुसारेण स्त्रीलिङ्गनिर्देशः, उद्देश्यविधेययोरैक्यमापादयत्सर्वनाम पर्यायेणान्यतरलिङ्गभाग्भवतीति नियमात्, सप्तलोकैकवीरस्य सप्तसु भूरादिषु लोकेषु भुवनेषु, एकवीरस्य मुख्यशूरस्य, दशकण्ठकुलद्विषो रावणवंशविनाशकस्य रामचन्द्रस्येति यावत्, पताका विजयध्वजः, अथवा वीरघोषणा पराक्रमसूचको डिण्डिमध्वनिरिति भावः। किं प्रयोजनोऽयमश्वः परिवृतः पर्यटति ? इति लवसहचरबटुगणकृतप्रश्नस्योत्तरमिदं पद्यमिति बोध्यम्।

तच्छ्रवणानन्तरं लवस्य प्रतिक्रियां वर्णयति—लव इति। लवो वाल्मीकेराश्रमे पाल्यमानो जानकीपुत्रः, सगर्वमिव साभिमानं यथा स्यात्तथा, अहो खेदसूचकमव्ययमेतत् सन्तापनानि क्रोधजननद्वारा दाहकानि, अक्षराणि योऽयमश्वः इत्यादीनीति भावः। भो भोः अरेऽरे अक्षत्रिया क्षत्रिय (वीर) विहीना, पृथिवी मेदिनी, किमिति प्रश्ने, यदेवं येनैवं प्रकारेण, उद्घुष्यते घोषणा क्रियते। (विहस्य हसित्वा)। आः शस्त्राण्यस्त्राणि, स्फुरन्ति विद्योतन्ते, किं नाम ? अश्वहरणार्थमुद्यतानामस्माकमुपरि प्रहाराय सैनिकैः शस्त्राणि समुत्तोल्यन्ते किम् ? इति भावः। (धनुः कार्मुकमारोपयन्सज्जयन्)। ज्याजिह्वयेति। ज्या मौर्वी, सैव जिह्वा रसना तया वलयिते वेष्टिते, उत्कटकोटी उग्राग्रभागावेव, दंष्ट्रे दशने यस्य तत्, उद्गारिण उद्गच्छन्तः, घोरा भयानकाः, घनाः सान्द्राः, घर्घरघोषा घर्घरेत्याकारकशब्दा यस्य तत्, एतत् मद्धस्तवर्ति, चापं धनुर्ग्रासे कवलने, प्रसक्तं संलग्नमत एव हसत् उपहासमिव कुर्वत् यदन्तकस्य कृतान्तस्य, वक्त्रं मुखं तदेव यन्त्रं तस्य; जृम्भाया व्यादानस्य, विडम्बि अनुकारि,

अत एव विकटं भयानकम्, उदरं, यस्य तत् तादृशमिति भावः, अस्तु जायताम् ।

प्रबन्धार्थगत औचित्य का ही द्वितीय उदाहरण दिखलाने के लिये भवभूति-रचित उत्तररामचरित का एक अंश उद्धृत किया जाता है—नेपथ्ये इत्यादि। लंकाविजयानंतर अयोध्यावासी राम ने सीता-परित्याग के बहुत बाद में अश्वमेध यज्ञ करने की कामना से लक्ष्मणपुत्र चन्द्रकेतु की संरक्षकता मे यज्ञीय अश्व को छोड़ा। वह अश्व घूमता हुआ जब वाल्मीकि आश्रम के निकट वन में पहुँचा, तब वहाँ सीतातनय लव के साथ खेलते हुए बालब्रह्मचारियों ने अश्वरक्षक सैनिकों से पूछा किस लिये सैनिकों से वेष्टित यह अश्व पर्यटन कर रहा है? इसी के उत्तर में नेपथ्य से सैनिक कह रहे हैं—योऽयमश्व इत्यादि। अर्थात् यह जो अश्व आप देख रहे हैं वह सातों भुवनों में सर्वश्रेष्ठ वीर, रावणवंश-विनाशक, रामचन्द्र की विजयपताका है, अथवा अतुल पराक्रमसूचक डिंडिम-ध्वनि है।

लवः (सगर्वमिति)—उपर्युक्त घोषणा के द्वारा अन्य वीरों पर जो आघात पहुँचाया गया था वह लव से सहा नहीं गया, उसकी स्वाभाविक वीरता जग गयी, वह साभिमान बोला, अरे रे! इस घोषणा के अक्षर तो बड़े ही क्लेशकर हैं, अरे बकने वालो! क्या पृथिवी क्षत्रियों से विहीन हो गयी जो तुम इस तरह बोल रहे हो? (फिर कुछ हँस कर) हमारे ऊपर प्रहार करने के लिये विपक्षियों के शस्त्र चमक रहे हैं क्या?—(धनुष को सम्हालता हुआ) बोला अपनी प्रत्यञ्चारूपीजिह्वा से आवेष्टित, उन्नतकोटिरूप दाँतों से युक्त और निकलते हुए भयानक घने घर्घर शब्दों वाला, मेरा यह धनुष निगलने में तत्पर, हँसता हुआ, यमराज के यंत्ररूप मुख की जमुहाई की नकल करने वाला अतएव भयंकर उदर (मध्यभाग) वाला हो जाय।

अत्रार्थे रामायणकथातिक्रमेण नूतनोत्प्रेक्षिता रामतनयस्य सहज-विक्रमानुसारिणी शौर्योत्कर्षभूमिः परप्रतापस्पर्शासहिष्णुता प्रबन्धस्य रसबन्धुरामौचित्यच्छायां प्रयच्छति ।

अत्रार्थे, रामायणकथातिक्रमेण रामायणकथापरित्यागेन, नूतनोत्प्रे-क्षिता अतिनवीनविन्यस्ता, रामतनयस्य लवस्य सहजविक्रमानुसारिणी

स्वाभाविकपराक्रमानुरूपिणी, शौर्योत्कर्षभूमिर्वीरताप्राचुर्यस्थानं, परप्रतापस्पर्शासहिष्णुता परकीयतेजोऽसहनशीलता, प्रबन्धस्य सम्पूर्णकाव्यस्य, रसबन्धुरां वीरादिरसस्पृहणीयाम्, औचित्यच्छायामौचित्यावरणं, प्रयच्छति ददाति।

पूर्वोक्त अर्थ में यद्यपि रामायण कथा का अतिक्रमण करके एक नवीन ही कथा की सृष्टि की गयी है, जो कि वास्तविक बात न होकर सर्वथा कविकल्पित है, परन्तु फिर भी राम के पुत्र लव के लिये दूसरे के प्रताप को नहीं सह सकने की जो स्वाभाविक वीरता का वर्णन किया गया है, उससे संपूर्ण प्रबन्ध एक अनिर्वचनीय रसानुभूतिदायक औचित्य से आप्लावित हो उठा है।

नतु यथा राजशेखरस्य—

रावणः—यत्पार्वतीहठकचग्रहणप्रवीणे पाणौ स्थितं पुरभिदः शरदां सहस्रम्।
गीर्वाणसारकणनिर्मितगात्रमत्र, तन्मैथिलीक्रयधनं धनुराविरस्तु॥
जनकः—आविरस्तु सममगर्भसम्भवया सीतया।

प्रबन्धार्थगतमनौचित्यं दर्शयितुमुपन्यस्यति—न तु यथा राजेति। जानकीस्वयंवरे समुपस्थितस्य राक्षसाधिपतेः रावणस्योक्तिरियम्—यदिति। पार्वत्या उमायाः, हठेन हठपूर्वकं, यत्कचग्रहणं केशस्पर्शः, तत्र प्रवीणे दक्षे, पुरभिदः शंकरस्य, पाणौ हस्ते, यद्धनुः, शरदां सहस्रं सहस्रवर्षपर्यन्तं, स्थितमतिष्ठत्, गीर्वाणानां देवानां, सारस्य तत्त्वस्य अस्थ्यादेर्वा, कणेन कणिकया, निर्मितं रचितं, गात्रं वपुर्यस्य तत् मैथिल्या जानक्याः, क्रयस्य स्वायत्तीकरणस्य, धनं द्रविणस्वरूपं मूल्यरूपमिति यावत्, तत् धनुः कार्मुकम्, अत्र सभास्थले, आविरस्तु प्रकटीभवतु।

इति रावणवचनश्रवणानन्तरं स्वयंवरस्य रचयिता महाराजो जनकः कथयति—आविरस्त्विति। अगर्भसंभवयाऽज्ञातगर्भावभासकष्टया, स्वत उद्भूतयेत्यर्थः, सीतया जानक्या, समं साकं, (तद्धनुः) आविरस्तु उपतिष्ठताम्।

प्रबन्धार्थगत अनौचित्य को प्रदर्शित करने के लिये कविवर राजशेखर का यह पद्य-उद्धृत किया गया है। इसमें सीतास्वयंवर में सम्मिलित राक्षसपति रावण कह रहा है कि—जो धनुष पार्वती के केशपाश से हठपूर्वक खेलने वाले

भगवान् शंकर के कर में हजारों वर्ष तक रह चुका है। देवताओं के तेज से निर्मित जो कि अभी जनकतनया को खरीदने का मूल्य सा हो रहा है, वह (धनुष) यहाँ प्रत्यक्ष होवे।

रावण के इस वचन को सुनकर महाराज जनक ने भी कहा कि स्वतः उद्भूत जानकी के साथ वह धनुष प्रगट होवे।

अत्र 'आविरस्तु समं सीतया' इति जनकराजेन यदुच्यते तेनास्य पिशिताशनाय तनयाप्रतिपादनमभिमतमिवोपलक्ष्यते। नचैतद्विद्मः कथं भक्ष्यभूता कुसुमकोमलाङ्गी पुरुषादाय प्रतिपाद्यते, इत्यनौचित्येन प्रसिद्धं वृत्तवैपरीत्यं परं हृदयविसंवादमादधाति।

अत्र प्रकरणे सीतया सममाविरस्तु—इति जनकराजेन यदुच्यते, तेन तत्कथनेन, अस्य जनकराजस्य पिशिताशनाय मांसभोजिने राक्षसाय रावणायेत्यर्थः, तनयाप्रतिपादनं कन्याप्रदानम्, अभिमतमभीष्टमिवोपलक्ष्यते विज्ञायते। भक्ष्यभूता खाद्यभूता मानवा राक्षसानां खाद्या भवन्तीति भावः, कुसुमकोमलाङ्गी पुष्पमसृणावयवा, पुरुषादाय नरभक्षकाय, कथं प्रतिपाद्यते किमर्थं प्रदीयते, एतच्च नैव, विद्मो जानीमः, इत्यनौचित्येनानुचिततया, प्रसिद्धं विख्यातं, वृत्तवैपरीत्यमितिवृत्तवैरुद्ध्यं, परमत्यन्तं हृदयविसंवादं चित्तासदृशमादधात्युपस्थापयति।

उपर्युक्त कथनोपकथन में राजा जनक के कथन से ऐसा प्रतीत होने लगता है कि उस राक्षस को कन्या देना उन्हें जैसे अभिमत हो, पर नरभक्षक को कुसुमकोमलांगी कन्या कैसे दी जा सकती है ? अतः इस उक्ति से वृत्तवैपरीत्य—अर्थात् इतिहासप्रसिद्धि विपरीत स्थिति (जो अनौचित्यरूप में प्रसिद्ध है) की अत्यधिक हृदयासहमति को उपस्थित करता है।

यथा वा कालिदासस्य—

ऊरुमूलनखमार्गपंक्तिभिस्तत्क्षणं कृतविलोचनो हरः।
वाससः प्रशिथिलस्य संयमं कुर्वतीं प्रियतमामवारयत्॥

प्रबन्धार्थानौचित्यस्य द्वितीयमुदाहरणं प्रदर्शयितुं पार्वतीपरमेश्वरयोः सम्भोगवर्णनप्रसङ्गे कालिदासेन निर्मितं पद्यमिदं कुमारसंभवस्याष्टमसर्गादुद्धृत्येहोपस्थापयन्नाह—**यथा वा कालिदासस्येति**। ऊरुमूलेति, तत्क्षणं

प्रातःकालीनवायुसेवनकाले, ऊरुमूले जघनारम्भे, स्थितानां नखमार्गाणां नखक्षतानां, याः पङ्क्तयो राजयस्ताभिर्हृते वशीकृते विलोचने नयने यस्य सः, हरस्य कर्त्रंशे नित्यसाकांक्षत्वेन "देवदत्तस्य गुरुकुलम्" इति वत्समासः।

हरः शङ्करः, प्रशिथिलस्य जघनमूलात्सर्वथा भ्रष्टस्य, वाससो वसनस्य, संयमं यथास्थानन्यासं, कुर्वतीं विदधतीं, प्रियतमां प्रेयसीं पार्वतीमिति भावः, अवारयन्न्यवारयत् अर्थात् तद्दर्शनलालसया वासोबन्धनात्प्रियतमां निवारयाञ्चक्रे।

प्रबन्धार्थगत अनौचित्य का दूसरा उदाहरण उपस्थित करते हुए ग्रंथकार ने कविवर कालिदासरचित कुमारसंभव के अष्टम सर्ग से यह श्लोक उद्धृत किया है। प्रातःकाल का समय हो रहा था, मलयानिल कुछ तीव्र गति से बह रहा था, रतिश्रमज शीकरों से क्लिन्न होकर जगदम्बा और परमेश्वर कंठाश्लेष को शिथिल करके वायुसेवन कर रहे थे, उस समय पार्वती अपने ऊरुमूलविगलित वसन को पुनः यथास्थान धारण करने की चेष्टा करने लगी, परन्तु उनके जघनमूल में दीख पड़ते हुए नखक्षत की पंक्तियों ने भगवान् शंकर की आँखें अपनी ओर आकृष्ट कर लीं, अतः उन्हें बार बार देखने की लालसा से परमेश्वर ने अपनी प्रियतमा को शिथिल वस्त्र को पुनः यथास्थान धारण करने से रोक लिया।

अत्राम्बिकासंभोगवर्णने पामर नारीसमुचितनिर्लज्जसज्जनखराजिविराजितोरुमूलहृतविलोचनत्वं त्रिलोचनस्य भगवतस्त्रिजगद्गुरोर्यदुक्तं तेनानौचित्यमेव परं प्रबन्धार्थः पुष्णाति ॥ १३ ॥

अत्र पद्ये अम्बिकासंभोगवर्णने जगदम्बासंभोगवर्णनप्रसङ्गे, त्रिजगद्गुरोस्त्रिलोकीपतेः, भगवतस्त्रिलोचनस्य, पामरनारीसमुचितनिर्लज्जसज्जनखराजिविराजितोरुमूलहृतविलोचनत्वम् अधमाङ्गनोचितनिस्त्रपकल्पनखक्षतविभासितजघनमूलाकृष्टनेत्रत्वं यदुक्तं तेन प्रबन्धार्थो वाक्यबन्धाभिप्रायः परं निरतिशयमनौचित्यमेव पुष्णाति (अर्थादुदात्तस्तरयोर्व्यक्त्योर्निखिलमपि कर्मोदात्तमेव समुचितमिह तु त्रैलोक्याधिपतेः शङ्करस्य, सकललोकैकलामभूताया जगदम्बायाश्च जनवदाचरणमत्यन्तमनुचित-

मिति भावः), उत्तमदेवतयोः पार्वतीपरमेश्वरयोः संभोगशृङ्गारवर्णनमेव प्रथममनुचितं, तत्रापि साधारणजनवत्तदीयसंभोगवर्णनन्तु नितरामनुचितमिति भावः ॥ १३ ॥

इस पद्य में जगदम्बा का वर्णन निम्न कोटि की (फूहड़) नारी के अनुरूप नखक्षतादि के द्वारा और त्रैलोक्याधिपति जगत्पिता शंकर का उसके दर्शन की तीव्र लालसा के द्वारा किया गया है, जो कि अत्यन्त अनुचित है, जिससे प्रबन्धार्थ में अनौचित्य का बड़ा ही विकट व्यवधान उपस्थित हो जाता है। तात्पर्य यह है कि एक तो उत्तम देवतास्वरूप पार्वतीपरमेश्वर का संभोग वर्णन ही अनुचित है। दूसरे साधारण मनुष्य के समान उनका संभोग वर्णन अत्यन्त ही अनुचित है। इसलिये यहाँ अनौचित्य अपरिहार्यरूप से उपस्थित हो जाता है ॥ १३ ॥

गुणौचित्यं दर्शयितुमाह—

प्रस्तुतार्थोचितः काव्ये भव्यः सौभाग्यवान्गुणः।
स्यन्दतीन्दुरिवानन्दं संभोगावसरोदितः ॥ १४ ॥

प्रबन्धार्थौचित्यस्योदाहरण-प्रत्युदाहरणे प्रदर्श्य सम्प्रति क्रमानुगतञ्चतुर्थं गुणौचित्यं विवेचयितुमाह—प्रस्तुतार्थेति। प्रस्तुतार्थोचितो वर्णनीयार्थानुरूपो गुण ओजः-प्रसादादिः, काव्ये, भव्यः कुशलो मुख्यार्थोत्कर्षकारित्वात्मकस्वकर्तव्यनिपुण इति यावत्, सौभाग्यवान्सौष्ठवमुपेतः सन् संभोगावसरोदितः कान्तासम्पर्ककाले समुदितः प्रकाशितः, इन्दुश्चन्द्र इव आनन्दं मोदं, स्यन्दति प्रवाहयतीत्यर्थः।

प्रबन्धार्थगत औचित्य का उदाहरण—प्रत्युदाहरण दिखलाकर अभी अवसरप्राप्त चतुर्थ गुणगत औचित्य की विवेचना करने के अभिप्राय से कहा जा रहा है—प्रस्तुतार्थेति। प्रस्तुतार्थ के अनुरूप ही ओजः, प्रसाद आदि गुण काव्य में सुन्दर तथा अपने कर्तव्य में निपुण होते हैं और वह उसी तरह आनन्ददायक होते हैं जैसे कान्तासंगम के समय नवोदित चन्द्रमा।

प्रस्तुतार्थस्यौचित्येनौजःप्रसादमाधुर्यसौकुमार्यादिलक्षणो गुणः काव्ये भव्यः सौभाग्यवत्तामवाप्तः सहृदयानन्दसन्दोहमिन्दुरिव स्यन्दति।

कारिकार्थं विवृणोति—**प्रस्तुतार्थेति।** प्रस्तुतार्थस्य वर्ण्यमानार्थस्य, औचित्येन समुचितविन्यासेन, ओजःप्रसादादिलक्षणो वामनाभिमतो गुणो

दशसंख्याक इति यावत्, काव्ये कविकृतौ, भव्यः कल्याणात्मकः, सौभाग्यवत्तामवाप्तः निरतिशयाभिरामः, सहृदयानन्दसन्दोहं सहृदयहृदयामोदपरम्परामिन्दुश्चन्द्र इव स्यन्दति स्रावयतीत्यर्थः।

कारिका की ही व्याख्याकी जा रही है—प्रस्तुतार्थेति। वर्ण्यमान अर्थ के औचित्य से वामनसम्मत ओजः-प्रसाद-माधुर्यसौकुमार्य आदि दसों गुण काव्य में कान्तासंकर्प के अवसर पर उदित चन्द्रमा के समान स्पृहणीयता को प्राप्त करते है।

यथा भट्टनारायणस्य—

> महाप्रलयमारुतक्षुभितपुष्करावर्तक-
> प्रचण्डघनगर्जितप्रतिरवानुकारी मुहुः।
> रवः श्रवणभैरवः स्थगितरोदसीकन्दरः,
> कुतोऽद्य समरोदधेरयमभूतपूर्वः पुरः॥

गुणगतौचित्यस्योदाहरणं प्रदर्शयितुमुपन्यस्यति—यथा भट्टेति। महाप्रलयेति। महाप्रलयस्य कल्पान्तस्य, मारुतेन प्रचण्डवातेन, क्षुभितावान्दोलितौ, यौ पुष्करावर्तकौ पुष्करश्चावर्तकश्चेति तावेव प्रचण्डघनौ महामेघविशेषौ, तयोर्गर्जितस्य गर्जनस्य, प्रतिरवस्य प्रतिशब्दस्यानुकारी अनुकर्ता, श्रवणभैरवः कर्णभयप्रदः, स्थगितरोदसीकन्दरः स्थगिता पूरिता व्याप्तेति यावत्, रोदस्योर्द्यावापृथिव्योः, कन्दरा गुहा अन्तरालभाग इति यावत्, येन सः, अभूतपूर्वो नवीनोऽयं रवः शब्दः, अद्य पुरः पुरोवर्तियुद्धसमुद्रात्, कुतः कस्मात् कारणाद्, समायातीति शेषः।

गुणगत औचित्य का उदाहरण दिखाने के लिए कहा गया है—यथा भट्ट नारायणस्येति। महाप्रलयेति—महारथियों में विशिष्ट स्थान रखने वाला वीरपुंगव अश्वत्थामा कह रहा है कि प्रलयकालिक महावात से आन्दोलित महामेघ के गर्जव का अनुकरण करनेवाला, अतएव कानों के लिए महाभयंकर, पृथ्वी और आकाश को गुंजा देनेवाला यह अश्रुतपूर्व नाद आज युद्ध-समुद्र से क्यों उठ रहा है ?

अत्रौजस्विनो भटमुकुटमणेरश्वत्थाम्नः स्फूर्जदूर्जितप्रतापानुरूपं वाक्यमोजसा काव्यगुणेनोदग्रतामवाप्तं सहजगुणमिव विक्रमौचित्यगौरवमावहति।

अत्र पद्ये, औजस्विनस्तेजःशालिनः, भटमुकुटमणेर्वीरशिरोमणेरश्वत्थाम्नो द्रोणात्मजस्य, स्फूर्जंश्चमत्कुर्वन्नूर्जित उच्छ्रितश्च यः प्रतापस्तदनुरूपं तदनुकूलं वाक्यं पदसमूहः, ओजसौजोनाम्ना, काव्यगुणेनोदग्रतामौन्नत्यमुत्कृष्टतामिति यावत्, अवाप्तं प्राप्तं सत्, सहस्रगुणमिव सहस्रगुणीभूतमिव, विक्रमौचित्यगौरवं पराक्रमानुरूपगुरुतामावहति धारयति ।

इस पद्य में परमतेजःशाली, वीराग्रणी, अश्वत्थामा का उत्कृष्ट निजप्रतापानुरूप वाक्य ओजोनामक काव्यगुण से युक्त होने के कारण उन्नत होकर हजार गुना अधिक पराक्रमौचित्यजन्य गुरुता को धारण कर रहा है ।

यथा वा भट्टबाणस्य—

हारो जलार्द्रवसनं नलिनीदलानि प्रालेयशीकरमुचस्तुहिनांशुभासः ।
यस्येन्धनानि सरसानि च चन्दनानि निर्वाणमेष्यति कथं स मनोभवाग्निः ॥

गुणगतौचित्यस्य द्वितीयमुदाहरणं प्रदर्शयितुमाह—यथा वा भट्टबाणेति । हार इति । हारः पुष्पमाला, मौक्तिकमाला वा, जलार्द्रवसनं वारिसिक्तवसनं, नलिनीदलानि कमलिनीपत्राणि, प्रालेयशीकरमुचस्तुषारबिन्दुवर्षकाः, तुहिनांशुभासश्चन्द्रकिरणाः, सरसानि रसलग्नानि, शीतलानीति भावः, चन्दनानि श्रीखण्डद्रवाः, च समुच्चये, यस्य मनोभवाग्नेरित्यर्थः । इन्धनानि प्रज्वालकान्युपादानानि, उद्दीपकत्वादिति भावः, सन्तीति शेषः, स प्रसिद्धो मनोभवाग्निः कामाग्निः, कथं केन प्रकारेण, निर्वाणं शान्तिम्, एष्यति प्राप्स्यति ?, नह्येव विनङ्क्ष्यतीति भावः ।

गुणगत औचित्य का द्वितीय उदाहरण प्रदर्शित करने के लिये कहा गया है—यथा वा भट्टबाणस्येति । हार इति—फूल या मुक्ता की माला, भींगे वस्त्र, कमलिनी के पत्ते, तुषारबूंदों को टपकाने वाली चन्द्रमा की किरणें, प्रकृतिशीतल चन्दनद्रव इत्यादि जिस (कामाग्नि) के लिये इंधन का कार्य कर रहे हैं वह कामाग्नि कैसे बुझ सकती है ? तात्पर्य यह है कि इन शीतल उपकरणों के द्वारा जो इस कामाग्नि को शान्त करने की चेष्टा की जा रही है वह अत्यन्त असंभव है, क्योंकि ये तो सांसारिक ताप के ही प्रशामक हैं कामाग्निजन्य ताप के नहीं, उसके तो विवर्धक ही हैं. अतः उसका शमन न होकर विवर्धन ही होता रहेगा ।

अत्र विप्रलम्भभरभग्नधैर्यायाः कादम्बर्या विरहव्यथावर्णनामाधुर्यसौकुमार्यादिगुणयोगेन पूर्णेन्दुवदनेव प्रियंवदत्वेन हृदयानन्ददायिनी दयिततमतामातनोति ।

उपर्युक्तपद्ये, विप्रलम्भस्य वियोगस्य, भरेणातिशयेन, भग्नं विनष्टं, धैर्यं यस्यास्तथाभूतायाः कादम्बर्याः, विरहव्यथाया विप्रयोगाधेर्वर्णना, माधुर्यसौकुमार्यादिगुणयोगेन माधुर्यसौकुमार्यादिगुणसम्बन्धेन, प्रियंवदत्वेन प्रियवादितया, पूर्णेन्दुवदना पूर्णचन्द्रानना कामिनीव, हृदयानन्ददायिनीं मनोह्लादकारिणीं, दयिततमतामतिप्रेमास्पदत्वमातनोति। अर्थात्—यथा कमनीयाकृतिः कामिनी प्रियवादितया हृदयानन्ददायिनी प्रियतमा च सम्पद्यते तथैव काव्यमपि समुचितगुणयोगेनातिशयस्पृहणीयताम-वाप्नोति।

उपर्युक्त पद्य में विरहविधुरा कादम्बरी की विरहव्यथा का वर्णन माधुर्य-सौकुमार्य आदि समुचित गुणों के सहयोग से वैसी ही लोकप्रियता को प्राप्त कर रहा है जैसे विधुवदना सुन्दरी अपने प्रियवचनों के द्वारा प्रियतमा और हृदय-हारिणी आदि विशेषणों से विभूषित होता है।

ननु यथा चन्द्रकस्य--

युद्धेषु भाग्यचपलेषु न मे प्रतिज्ञा दैवं नियच्छति जयञ्च पराजयञ्च।
एषैव मे रणगतस्य सदा प्रतिज्ञा पश्यन्ति यन्न रिपवो जघनं हयानाम्॥

गुणगतानौचित्यं प्रदर्शयितुमाह--ननु तथा चन्द्रकस्येति। युद्धे-ष्विति। भाग्यचपलेषु नियतिचञ्चलेषु युद्धेष्वाहवेषु मे मम, प्रतिज्ञा; जयविषयकः पणो न, (यतो हि) तत्र, जयं पराजयं च, दैवं भाग्यमेव नियच्छति वितरति, रणगतस्य संग्रामोपगतस्य, मे, सदा एषैव प्रतिज्ञास्ति यत्, रिपवः शत्रवो हयानाम् घोटकानां युद्धात्पराङ्मुखीभूतानामिति भावः, जघनं पश्चाद्भागं, न पश्यन्ति।

गुणगत अनौचित्य को प्रदर्शित करने के लिये कहा गया है—ननु यथेति। युद्धेष्विति—युद्ध की स्थिति विचित्र होती है, वहाँ जीत या हार के बारे में प्रतिज्ञा-पूर्वक पहले ही कुछ कह देना मेरे वश की बात नहीं है, वह तो पूर्णतः भाग्य पर ही अवलंबित रहती है, परन्तु हाँ यह मेरी दृढ़ प्रतिज्ञा है कि युद्ध से जी चुरा कर मोड़े गये घोड़े की जांघ शत्रु कभी नहीं देख सकते। तात्पर्य यह है कि वीरतापूर्वक लड़ना ही मेरा काम है जीत—हार को चिन्ता करना नहीं।

अत्र क्षात्रवृत्तिरिवौजसा काव्यगुणेनास्पृष्टा सुभटोक्तिरुचितार्थापि तेजोजीवितविरहिता दुर्गतगृहदीपशिखेव मन्दायमाना न विद्योतते ।

उपर्युक्तपद्ये ओजसा तेजसा, अस्पृष्टांऽशतोऽपि रहिता, क्षात्रवृत्तिः क्षत्रियजात्युत्पन्नजनाचरणमिव, ओजोनामकेन काव्यगुणेनास्पृष्टो-चितार्थाऽर्थौचित्ययुक्तापि, सुभटोक्तिर्विशिष्टवीरजनकथनं, तथैव न विद्योतते प्रकाशते । यथा दुर्गतानां दरिद्राणां, गृहे वाताघातादिसङ्कुले आवासे, स्थितस्य दीपस्य शिखा, तेजोजीवितविरहिता तेजोविकिरणा-त्मकनिजस्वभावशून्या, अत एव मन्दायमाना मन्दतामवलम्बमाना, न विद्योतते इति भावः ।

पूर्वोक्त पद्य एक सुन्दर योद्धा का उक्तिरूप है । उसका अर्थ यद्यपि उचित है अर्थात् उसका आशय वीरतोचित है, तथापि यह सुभटोक्ति चमकती नहीं । कारण यह है कि जिस तरह क्षत्रियों के आचरण में नैसर्गिक तेजस्विता का रहना आवश्यक है उसी तरह वीरों की उक्ति में भी ओजोगुण का रहना उचित है । ऐसी स्थिति में ओजोनामक काव्यगुण से सर्वथा रहित यह उक्ति उस दीपशिखा के समान दीप्तिविहीन है जो दरिद्रों के समुचित आवरणरहित घर में रहने के कारण प्राण-तुल्य प्रकाशात्मक निजनैसर्गिक स्वभाव से हीन होकर मन्द पड़ जाती है। तात्पर्य यह है कि काव्य में प्रतिपाद्य अर्थ के उपयुक्त ही शैली और भाषा का रहना भी अत्यावश्यक है, अन्यथा कवि का अभिप्रेत सिद्ध नहीं हो पाता । इन्हीं गुणों के अभाव में यहाँ की सुभटोक्ति भी प्राणहीन सी प्रतीत होती है ।

यथा वा राजशेखरस्य—

एतस्याः स्मरसंज्वरः करतलस्पर्शैः परीक्ष्यो न यः,
स्निग्धेनापि जनेन दाहभयतः प्रस्थम्पचः पाथसाम्
निर्वीर्यीकृतचन्दनौषधिविधौ तस्मिंस्तडत्कारिणो,
लाजस्फोटममी स्फुटन्ति मणयः सर्वेऽपि हारस्रजाम् ॥

गुणगतानौचित्यस्य द्वितीयमुदाहरणमुपस्थापयितुमुपक्रमते—यथा वा राजशेखरस्येति । एतस्या इति । पाथसां जलानां, प्रस्थं द्रोणप्रमाणं पचति शोषयति उष्णं विधत्ते एवंभूतः, अत एव स्निग्धेनापि प्रियेणापि सरसेनापीति व्यज्यते (शुष्कापेक्षया सरसा अधिकतापसहा भवन्तीति

भावः), जनेन मानवेन, दाहभयतो दाहभीतेः, करतलस्पर्शैः पाणिस्पर्शैनं परीक्ष्यः, परीक्षितुमशक्य इत्यर्थः, एतस्या विरहज्वालावलीढायाः कामिन्या यः स्मरसंज्वरः कामज्वरतापः, अस्तीति शेषः, तस्मिन् ज्वरे अनिर्वीर्यो निर्वीर्यः कृतः इति निर्वीर्यीकृतः (अभूततद्भावेच्विः,) निष्प्रभावीकृत इति यावत्, चन्दनरूपस्य श्रीखण्डद्रवात्मकस्यौषधेर्भेषजस्य, चन्दनस्येतरतापशामकौषधिविशेषाणां वा विधिर्विधानं प्रयोग इति यावत्, येन तादृशम्, अर्थात् विफलितसकलप्रतिकारे सति, तडत्कारिणस्तडतडायमानाः, हारस्रजां माल्यानाम्, अमी पुरोवर्तमानाः, मणयो रत्नविशेषाः, लाजस्फोटं लाजानां स्फोटमिवेति भावः, स्फुटन्ति। यथाग्निसंयोगेन धान्यादिकं लाजादिरूपेण परिणमत् तडदित्यव्यक्तध्वनिं विधत्ते तथैवैतस्या विरहज्वालावलीढायाः कामज्वरतापेन माल्यगुम्फिता मणयस्तडतडायमाना लाजाइव द्विधा भवन्ति।

गुणगत अनौचित्य का द्वितीय उदाहरण दिखाने के लिए कहा गया है—नतु यथेति। एतस्या इति। द्रोण (दस सेर) प्रमाण पानी को भी शुष्क कर देनेवाला इस वियोगिनी का कामज्वर जो कि अनुरक्त जनों के द्वारा भी जल जाने के भय से हाथ से छूकर परीक्षा करने योग्य नहीं है, चन्दन या अन्य शीतलताजनक औषधियों को भी विफल कर देनेवाली इस कामज्वर की दशा में इसके हार के सभी मणि तड़तड़ाहट के साथ लावा के समान फूट रहे हैं।

अत्र विरहविधुररमणीमनोभवावस्थानुरूपं माधुर्यमुत्सृज्य तडत्कारिणो लाजस्फोटं स्फुटन्तीत्योजःस्फूर्जितोर्जितस्वभावाधिवासिता सूक्तिर्लावण्यपेशलतनुर्ललितललनेव परुषभाषिणी झटित्यनौचित्यं चेतसि सञ्चारयति ॥ १४ ॥

उपर्युक्तमेव विवृणुते—अत्रेति। अत्र पद्ये विरहविधुराया वियोगपीडितायाः, रमण्याः कामिन्याः, मनोभवावस्थायाः कामदशायाः, अनुरूपमनुकूलं, माधुर्यं मधुरिमाणमुत्सृज्य परित्यज्य, "तडत्कारिणो लाजस्फोटं स्फुटन्ति" इत्याकारकपदविन्यासेनौजस ओजोगुणस्य, स्फूर्जितोर्जितस्वभावेन स्फूर्जदूर्जस्वलप्रकृत्याधिवासिता सुरभिता सुयुक्तेति यावत्, सूक्तिः सुभाषितं, लावण्यपेशलतनुः सौन्दर्यमसृणदेहा, परुषभाषिणी कटुभाषिणी,

ललितललनेव सुन्दरीयोषिदिव, झटिति शीघ्रमेव, चेतसि हृदये, अनौचित्यं विरसतां, सञ्चारयति प्रसर्पयति।

उपर्युक्त श्लोक में विरहविधुररमणीजनोचित माधुर्य गुण का अतिक्रमण करके "तड़तड़ा के लावा के समान फूट रहे हैं" इस प्रयोग से ऊर्जितस्वभाव वाले ओजोगुण का समावेश कर देने के कारण समूची सूक्ति ही कटुभाषिणी सुन्दरी के समान सहृदयों के हृदय में हठात् औचित्य का संचार कर देती है। अर्थात् विप्रलंभ शृङ्गार में माधुर्य गुण की स्थिति आवश्यक होती है ओजो गुण की नहीं, फिर माधुर्य के बदले ओजोगुणप्रतिपादक शब्दों का प्रयोग करना तो सहृदयों के हृदय में विरसता की सृष्टि कर देता है। अतः यह अत्यन्त ही अनुचित है ॥ १४ ॥

अलङ्कारौचित्यं दर्शयितुमाह—

अर्थौचित्यवता सूक्तिरलङ्कारेण शोभते।
पीनस्तनस्थितेनेव हारेण हरिणेक्षणा ॥ १५ ॥

गुणगतौचित्योदाहरण-प्रत्युदाहरणादिकं प्रतिपाद्य सम्प्रति पञ्चममलङ्कारगतौचित्यं विवृणुते—अर्थौचित्येति। अर्थौचित्यवता वर्णनीयार्थानुरूपेणालङ्कारेण रूपकोपमादिना, सूक्तिः सुभाषितं, पीनस्तनस्थितेन स्थूलपयोधरोपरि लोलता, हारेण मौक्तिकेन, हरिणेक्षणा मृगाक्षीव शोभते विभासते।

अलंकारगत औचित्य की विवेचना की जा रही है—अर्थौचित्येति। अर्थगत औचित्य से अनुप्राणित अलंकार से सूक्ति उसी तरह सुशोभित होती है जैसे उत्तुङ्ग पयोधर पर स्थित हार से मृगलोचना सुन्दरी।

प्रस्तुतार्थस्यौचित्येनोपमोत्प्रेक्षादिनालङ्कारेण सूक्तिश्चकास्ति कामिनीवोच्चकुचचुम्बिना रुचिरमुक्ताकलापेन।

विवृणुते— प्रस्तुतेति। प्रस्तुतार्थस्य प्रकृतार्थस्य, औचित्येनानुरूपतया निबद्ध्यमानेनेति शेषः, उपमोत्प्रेक्षादिनालङ्कारेण, सूक्तिः सुभाषितम् उच्चकुचचुम्बिनोत्तुङ्गस्तनस्पर्शशालिना, रुचिरमुक्ताकलापेन मनोहर हारेण, कामिनी सुन्दरीव, चकास्ति सुशोभते।

प्रस्तुत अर्थ के औचित्य से युक्त उपमा-उत्प्रेक्षा आदि अलंकार के द्वारा

सूक्ति कुचकुंभ के ऊपर हिलते हुए मुक्ताहार की शोभा से सुन्दरी के समान सुशोभित होती हैं।

यथा श्रीहर्षस्य—

विश्रान्तविग्रहकथो रतिमाञ्जनस्य
चित्ते वसन् प्रियवसन्तक एव साक्षात्।
पर्युत्सुको निजमहोत्सवदर्शनाय
वत्सेश्वरः कुसुमचाप इवाभ्युपैति ॥

अलङ्कारगतौचित्यमुदाहर्तुमाह—यथा श्रीहर्षस्येति। विश्रान्तेति। विश्रान्ता विराममधिगता, विग्रहस्य संग्रामस्य, कथा चर्चा—यस्य सः (विजितसकलशत्रुकतयेत्थमुक्तिः), कामपक्षे विश्रान्ता नष्टा, विग्रहकथा शरीरचर्चा—यस्य सः, (अनङ्गत्वादेवमुक्तिः) रतिमान् आनन्दमयः, पक्षान्तरे रतिः कामपत्नी-तद्वान्, जनस्य लोकस्य, चित्ते हृदये, वसन् स्पृहणीयत्वाद्वर्तमानः, पक्षान्तरे मनोभवत्वाल्लोकहृदयसञ्चारीति भावः, प्रियो वसन्तकस्तन्नामा विदूषको यस्य सः, पक्षान्तरे प्रियो वसन्तकस्तन्नामकर्तुविशेषो यस्य सः, वत्सेश्वर उदयनराजः, निजमहोत्सवदर्शनाय स्वायोजितमहोद्भवविलोकनाय, पक्षान्तरे स्वविषयकमहोत्सवदर्शनाय, पर्युत्सुको नितरां स्पृहाशीलः, साक्षात्कुसुमचापः पुष्पबाणः काम इवाभ्युपैति समायाति।

अलंकारगत औचित्य का उदाहरण दिखलाने के लिये कहा गया है—यथा श्रीहर्षस्येति। विश्रान्तेति। वत्सराज उदयन अपने द्वारा आयोजित वसन्त-महोत्सव का अवलोकन करने के लिये बड़ी उत्कंठा से पधार रहे हैं। उन्हें देखकर ज्ञात होता है कि साक्षात् कामदेव ही जैसे स्वविषयक उत्सव को देखने के लिये आ रहे हों। ऐसी प्रतीति क्यों नहीं हो, जब कि दोनों में अनेक तरह की समतायें वर्तमान हैं। जैसे राजा यदि विश्रान्तविग्रहकथ अर्थात् सर्वविजयी होने के कारण अब युद्धकथा से रहित हैं तो कामदेव भी अनंग होने के कारण विग्रहकथा—शरीरकथा से रहित है। राजा यदि रतिमान्—आनन्द वाले हैं तो काम भी रति—निजपत्नीवाले हैं। राजा यदि सुशासक होने के कारण जन-मानस में बसते हैं तो काम भी मनोभव होने के कारण जनमनोवासी हैं। राजा को यदि "वसन्तक" एतन्नामक विदूषकप्रिय है तो कामदेव को भी

वसन्त ऋतु प्रिय है। इस तरह यहाँ पर वत्सेश्वर में कामदेव की उपमा व
ही स्पृहणीय है।

**अत्र वत्सेश्वरस्य कुसुमचापेनोपमा शृङ्गारावसरसरसचारुतरता
चित्येन कामपि चेतश्चमत्कारिणीमाविष्करोति।**

विवृणोति—अत्रेति। अत्र पद्ये, वत्सेश्वरस्योदयनराजस्य, कुसुमचा
कामेन सहोपमा, कामप्यपूर्वां, चेतश्चमत्कारिणीं हृदयाह्लाददायिनी
औचित्येनानुरूपतया, शृङ्गारावसरसरसचारुतां शृङ्गारकालोपयुक्त
सुन्दरतामाविष्करोति प्रकटयति।

इस पद्य में वत्सराज उदयन की कामदेव के साथ दी गयी उपमा शृ
रस के अनुकूल होने के कारण हृदय को चमत्कृत कर देनेवाली किसी अपू
चारुताको प्रगट करती है। अतः यह अलंकारौचित्य का बड़ा ही सुन्दर उदा
कहा जा सकता है।

नतु यथा चन्द्रकस्य—

खगोत्क्षिप्तैरन्त्रैस्तरुशिरसि दोलेव रचिता,
शिवा तृप्ताहारा स्वपिति रतिखिन्नेव वनिता।
तृषार्तो गोमायुः सरुधिरमसिं लेढि बहुशो,
बिलान्वेषी सर्पो हतगजकराग्रं प्रविशति॥

अलङ्कारानौचित्यमुदाहर्तुमाह—नतु यथा चन्द्रकस्येति।
समाप्तसंग्रामस्य कस्यचिद्रणाङ्गणस्य वर्णनं करोति कविः—खगेति। ख
काकादिभिर्मांसभोजिभिः पक्षिविशेषैरुत्क्षिप्तैरूर्ध्वं नीतैरन्त्रैः—
मृतानां मानवाश्वादीनां क्षुद्रान्त्रैस्तरुशिरसि शाखिशाखायां,
हिण्डोलकमिव रचिता निर्मिता, वृक्षशाखायां लम्बितानि रज्ज्वा
राण्यन्त्राणि दोलाभ्रममुत्पादयन्तीति भावः। शिवा जम्बुकी, तृप्ता
परिपूर्णभोजना, रतिखिन्ना सुरतश्रममन्थरा, वनिताङ्गनेव, स्वपिति
तृषार्तः पिपासापीडितो गोमायुः शृगालः, सरुधिरं सरक्तमसिं कृ
बहुशोऽनेकवारं, लेढि जिह्वया स्वादयति, बिलान्वेषी स्वावास
द्रान्वेषणशीलः, सर्पः पन्नगः, हतगजकराग्रं मृतगजशुण्डायां प्रविशति

अलंकारगत अनौचित्य को प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है—नतु
चन्द्रकस्येति। खगेति। इस पद्य के द्वारा किसी ऐसे स्थान का चित्रण

गया है जहाँ अभी अभी युद्ध समाप्त हुआ है। एक ओर युद्ध में मरे हुए जीवों की अँतड़ियाँ उड़ते हुए गीध, चील, कौवे आदि के चंगुलों से गिरकर वृक्ष की डाल पर झूले के समान लटक रही हैं, दूसरी ओर आहार से तृप्त होकर गीदड़ियाँ संभोग-श्रान्त कामिनियों की तरह बेहोश पड़ी हैं, तीसरी ओर सियार खून से लथपथ तलवारों को बार-बार चाट रहे हैं, तथा यत्र-कुत्र मृत पड़े हुए हाथियों के सूँड़ में बिल खोजते हुए साँप घुस रहे हैं।

अत्रानुचितस्थानस्थितायाः पुरुषपिशिततृप्तसुप्तायाः शिवायाः सुरत-केलिक्लान्तकान्तया विच्छायैवोपमा परं वैपरीत्यं प्रकाशयति।

अत्रोपर्युक्तपद्ये, अनुचितस्थानस्थिताया रतिकेलिप्रतिकूलरणाङ्गणे वर्तमानायाः, पुरुषपिशिततृप्तसुप्ताया नरासृगाद्यशनसन्तुष्टसुप्तायाः, शिवाया जम्बुक्याः, सुरतकेलिक्लान्तकान्तया रतिकर्मश्रमखिन्नाङ्गनया सह, दीयमानोपमा, विच्छाया सौन्दर्यहीना एव, अतः परमत्यन्तं, वैपरीत्यं प्रकृतबीभत्सरसप्रतिकूलतां प्रकाशयति।

इस पद्य में सुरतकेलिक्लान्तकामिनी के साथ नरमांसभक्षणतृप्त जम्बुकी की समता दिखाकर जो उपमालङ्कार की सृष्टि की गयी है वह अत्यन्त अनुचित है, क्योंकि स्थान और कर्म की दृष्टि से दोनों में महान् अन्तर है। जैसे कामिनी का स्थान यदि रम्यकेलिमंदिर है तो शिवा का भयानक रणांगण। यदि कामिनी मनुष्य को लोकोत्तर आनन्द प्रदान कर स्वयं तृप्त होती है तो शिवा उसके भक्षण से तृप्त होती है। इस तरह यह उपमा सर्वथा अप्रासंगिक और प्रकृत बीभत्सरस-प्रतिकूल है। इसलिए सहृदयों के हृदय में इससे एक अरुचि ही उत्पन्न होती है, आनन्द नहीं मिल पाता। अतः यह अलंकारानौचित्य का व्यञ्जक सिद्ध हो रहा है।

यथा वा मालवरुद्रस्य—

> **अभिनववधूरोषास्वादः करीषतनूनपा-**
> **दसरलजनाश्लेषक्रूरस्तुषारसमीरणः।**
> **गलितविभवस्याज्ञेवाद्य द्युतिर्मसृणा रवे-**
> **र्विरहिवनितावक्त्रौपम्यं बिभर्ति निशाकरः॥**

अलङ्कारगतानौचित्यस्य द्वितीयमुदाहरणमुपस्थापयितुमाह—यथा वा

मालवेति । शीतकालिकवर्णनमिदम्—अभिनवेति । शीतकाले करीषतनू-नपात् शुष्कगोमयाग्निरभिनववधूरोषास्वादो नवोढाकृत्रिमक्रोधवद्रुचिर इति भावः, (एवमेव) तुषारसमीरणो हिमवायुः, असरलस्य कपटमय-प्रकृतेर्जनस्याश्लेषः परिष्वङ्ग इव, क्रूरश्चण्डोऽप्रिय इति यावत्, भवती-ति शेषः, (तथा) रवेर्दिनकरस्य, द्युतिः प्रभा, गलितविभवस्य नष्टसम्पत्ते-र्जनस्याज्ञाऽऽदेश इव मसृणा कोमला प्रभावानुत्पादिनीति यावत्, (एवं) निशाकरश्चन्द्रोविरहिण्याः प्रोषितभर्तृकायाः कामिन्याः, वक्त्रस्य परिपाण्डुरवदनस्यौपम्यं साम्यं, बिभर्ति धारयति । अर्थाच्छीतकाले ऽग्निर्जनप्रियः, समीरः कष्टप्रदो रविर्नष्टभावश्चन्द्रः परिपाण्डुरश्च भवति ।

अलंकारगत अनौचित्य का दूसरा उदाहरण दिखाने के लिए कहा गया है -- यथा वेति । अभिनवेति । शीतकाल में आकर सूखे गोवर (करसी) की आग नवेली के कृत्रिम क्रोध के समान स्पृहणीय लगने लगती है, तथा ठंढी हवा कपटी मनुष्यों के आलिंगन के समान अप्रिय हो जाती है, साथ ही प्रभाकर (सूर्य) का तेज धनिक से गरीब बने हुए मनुष्य की आज्ञा के समान कोमल हो जाता है और चन्द्रमा विरहिणी नायिका के मुख के समान निष्प्रभ हो जाते हैं ।

अत्र कोमलकामिनोकोपेन करीषकृशानोः सादृश्यं शीतसमयस्वादुतया हृदयसंवादसुन्दरमप्यनुचितत्वेन सहसैव चेतसः सङ्कोचमिवादधाति ।

अत्र पद्ये, कोमलकामिनीकोपेन सुकुमारसुन्दरीक्रोधेन (सह) करोपकृशानोः शुष्कगोमयाग्नेः, सादृश्यं साम्यप्रतिपादनं, शीतसमय-स्वादुतया शिशिरसमये रुचिकारकतया, हृदयसंवादसुन्दरमपि हृद्यमपि अनुचितत्वेनायुक्तत्वेन, सहसैव हठादेव, चेतसश्चित्तस्य, सङ्कोचमिव ग्लानिमिवादधात्युपस्थापयति । नवोढवधूकरीषाग्न्योः स्वादुत्वांशे साम्यं यद्यपि हृदयसंवादि तथापि नोचितं तादृशसाम्यनिबन्धनं, संतपकस्य कोमलकामिनीकोपेन दाहकाग्नेः साम्यस्य कविसम्प्रदायविरुद्धत्वादिति भावः ।

इस पद्य में सुकुमार सुन्दरी के क्रोध के साथ शुष्क गोमय (करसी) की आग का साम्यप्रतिपादन शीत समय में रुचिकर होने के कारण परम हृद्य हो

हुए भी अत्यन्त अनुचित है, क्योंकि हार्दिक तृप्ति प्रदान करने वाले नवोढाकोप की समता दाहक अग्नि के साथ दिखायी जाय—यह कविसंप्रदायविरुद्ध बात है। यहाँ इसकी उपेक्षा कर वैसी ही योजना की गयी है। इसलिए हठात् (अनौचित्य-वश) सहृदयों के हृदय में एक ग्लानि सी उपस्थित हो जाती है, अतः इसे अलंकार का दुरुपयोग ही कहा जा सकता है, सदुपयोग नहीं।

यथा वा राजशेखरस्य—

चिताचक्रं चन्द्रः कुसुमधनुषो दग्धवपुषः,
कलङ्कस्तत्रत्यः स्पृशति मलिनाङ्गारकलनाम् ।
यदेतत्सज्ज्योतिर्दरदलितकर्पूरधवलं,
मरुद्भिर्भस्मैतत्प्रसरति विकीर्णं दिशि दिशि ॥

अलङ्कारगतानौचित्यस्य तृतीयमुदाहरणमुपस्थापयति—**यथा वा राजशेखरस्येति । चिताचक्रमिति ।** चन्द्र इन्दुर्दग्धवपुषो हरशराग्निदग्धशरीरस्य, कुसुमधनुषः पुष्पबाणस्य कामदेवस्य, चिताचक्रं चितिगोलकमस्तीति भावः, तत्रत्यश्चन्द्रस्थः, कलङ्को लाञ्छनं, मलिनस्य निस्तेजसोऽङ्गारस्याग्निकणस्य, कलनां तुलां, स्पृशति श्यामलाङ्गारकरूपतामासादयतीति भावः, दरदलितमीषच्चूर्णीकृतं यत्कर्पूरं, तदिव धवलं स्वच्छं, यदेतत्सज्ज्योतिः दिङ्मण्डलमिति शेषः, (तत्) मरुद्भिः पवनैर्विकीर्णमितस्ततः प्रक्षिप्तम्, एतद्भस्म एतच्चिताभसितं, दिशि दिशि प्रत्याशं, प्रसर्पत्युड्डीयते ।

अलंकारगत औचित्य का तृतीय उदाहरण उपस्थित करने के लिए कहा गया है—यथा वा राजेति । चिताचक्रमिति । महाकवि राजशेखर चन्द्रोपालंभ के प्रसंग में कह रहे हैं कि यह चन्द्रमा क्या है ? हरकोप से दग्ध कामदेव की चिता है और उसमें विद्यमान कलंक उसी चिता के बुझे हुए अंगारे हैं, कर्पूरचूर्ण के समान धवल जो यह ज्योति फैल रही है वह और कुछ नहीं अपितु हवा के द्वारा चारों ओर उड़ाये गये उसी चिता के भस्म हैं।

अत्राप्यानन्दिसुधावस्यन्दसुन्दरस्येन्दोश्चिताचक्रत्वमनुचिततया कर्णकटुकमातङ्कमिवातनोति ।

अत्र पद्येऽप्यानन्दिना प्रमोदिना, सुधावस्यन्देनामृतवर्षणेन, सुन्दरस्य चारुतरस्येन्दोश्चन्द्रमसश्चिताचक्रत्वं चन्द्रे चिताचक्रत्वारोपो रूपक-

मिति यावत्, अनुचिततयाऽयुक्ततया, कर्णकटुकं श्रवणाधिदायकमातङ्कं त्रासमिवातनोति विस्तारयति।

